4 | रायपुर संभाग
विक्रय हुई सभी कोटवारी भूमि की रजिस्ट्री होगी रद्द...

6 | अभिमत
पश्चिम एशिया युद्ध का खतरा

09 | विविध
12 स्कूलों में व्यायाम शिक्षक नहीं व्यायाम कक्षाओं का संचालन...

10 | संस्कारधानी
लंबित प्रकरणों के निराकरण में सुस्ती, बैठक में ...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 07 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-345 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश मामले में बसपा केंद्र के हर फैसले के साथः मायावती



**लखनऊ।** बांग्लादेश में जारी हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी पड़ोसी मुल्क के हालात के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले हर फैसले का समर्थन करेगी। मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पड़ोसी देश बांग्लादेश के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक हालात के मद्देनज़र की सर्वदलीय बैठक अति महत्वपूर्ण, जिसमें सभी दलों द्वारा सरकार के फैसलों के साथ रहने का निर्णय उचित व ज़रूरी। बीएसपी भी इस मामले में केन्द्र सरकार के फैसलों के साथ।

### भारतीय नागरिकों को लीबिया की यात्रा से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने लीबिया में इस समय सुरक्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिकों को वहां की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की नयी सलाह दी है। मंत्रालय ने लीबिया के बारे में 23 मई 2016 की प्रेस विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुए भारतीय नागरिकों पर वहां की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया है। संशोधित परामर्श में लीबिया में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को लीबिया की गैर-जरूरी यात्रा से बचने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस समय लीबिया में रह रहे भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे वहां सावधानी से रहे।

### अब एक जिला-एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी होने के बाद अब एक जिला-एक विश्वविद्यालय के लक्ष्य के साथ काम किया जायेगा। योगी ने एक उच्च स्तरीय बैठक में उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विगत सात वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है।

# बंगलादेश में हिन्दुओं की रक्षा करे सेना : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने उम्मीद जतायी कि बंगलादेश की सेना वहां रह रहे हिन्दुओं की रक्षा करेगी क्योंकि इस समय शासन सेना के हाथ में है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बंगलादेश में तख्तापलट के बाद हिन्दुओं, उनके प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर हमलों को चिंता जताते हुये वहां की सेना से अनुरोध किया कि हिन्दू जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। शंकराचार्य ने कहा, हमें बंगलादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बारे में सूचित किया गया है। देश सेना शासन के अधीन है। हम



उम्मीद करते हैं कि सेना नागरिकों की सुरक्षा का अपना कर्तव्य अवश्य निभायेगी। बंगलादेश में लगभग 10 प्रतिशत हिन्दू रहते हैं। उनकी सुरक्षा की जरूरत है, इसलिये हम सेना से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में रह रहे हिन्दू भी आपके देश का नागरिक है और हर नागरिक के लिये एक तरह की व्यवस्था, सुविधा और व्यापार स्वाभाविक है। इसी अपेक्षा के साथ हम आपसे आग्रह करते हैं कि वहां के जो हिन्दू हैं, उनसे हम कहना चाहेंगे। परिस्थितियों के अनुसार धैर्य बनाये रखते हुये अपनी सुरक्षा करें, साथ ही अपने देश की उन्नति के लिये अपना योगदान दें। गौरतलब है कि बंगलादेश में पिछले कुछ दिनों से जारी भारी तनाव और प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना सोमवार को देश छोड़कर भारत में शरण ली। सुश्री हसीना ने अपनी छोटी बहन शेख रेहाना के साथ देश छोड़ने के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास गणभवन पर धावा बोल दिया।

# शिक्षा विकास का मूलमंत्र हैं : विष्णुदेव साय

## सीएम ने कहा- किसी भी क्षेत्र में अच्छा काम करने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के ग्राम बंदरचुंआ में आयोजित मेगा शिक्षक पालक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा और इनके उन्नत भविष्य के लिए यह आवश्यक है कि अभिभावक शिक्षकों से नियमित रूप से संवाद करें जितना अधिक शिक्षक और अभिभावक संवाद प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, उतना ही अधिक बच्चों का रचनात्मक विकास होगा उन्होंने पालकों तथा शिक्षकों से कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें बेझिझक बोलने के लिए तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र हैं। यह केवल



नौकरी पाने का माध्यम नहीं है बल्कि किसी भी क्षेत्र में सबसे अच्छा काम करने के लिए भी शिक्षा बेहद जरूरी है। एक शिक्षित और अशिक्षित व्यक्ति दोनों ही जीवन जीते हैं लेकिन दोनों के जीवन की गुणवत्ता में काफी अंतर देखने में आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक बच्चे के भीतर आई जिज्ञासाओं का समाधान करने की कोशिश करें। घर पहुंचने पर यह जरूर पूछें कि बच्चे ने क्या सीखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंदरचुंआ के स्कूल से पुराना लगाव है। यहां के शिक्षक और जागरूक पालकों के कारण इस स्कूल में शिक्षा का स्तर काफी अच्छा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के समाज में पुरातन काल से ही शिक्षा का काफी महत्व रहा है। भारत विश्वगुरू कहलाता था। पूरी दुनिया से लोग यहां के विश्वविद्यालयों में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति लाई गई है जिसे प्रदेश में लागू किया गया है। इसमें नैतिक शिक्षा को भी शामिल किया गया है। संस्कार सिखाने के साथ ही रोजगार के लिए भी विद्यार्थियों को तैयार किया जा रहा है। छात्रों के स्किल बिल्डिंग पर काम किया जा रहा है, ताकि उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गर्मी में समर कैंप लगाए गए। बच्चों को बहुत सी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा गया।

### सीएम ने की कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने बंदरचुंआ में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने प्राथमिक शाला बंदरचुंआ से छेराघोघरा चौक तक सड़क किनारे सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने, भुइयार बस्ती से सरना पहुंच मार्ग में सड़क और पुल, गायत्री मंदिर और शिव मंदिर के जीर्णोद्धार, आश्रम छात्रावास को 50 सीटर से 100 सीटर करने तथा बंदरचुंआ में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की।

# मैं जल्द ही लौटूंगी इंशाअल्लाह, बच्चों की लाशें गिराने वालों को सजा मिलेगी

वार्ता < नयी दिल्ली/ढाका
www.dailypioneer.com

बंगलादेश के मीडिया के एक वर्ग में कल देर रात से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना एक बयान प्रचारित हो रहा है जिसमें हसीना ने देश में हुई घटनाओं के लिए विदेशी साजिश की ओर इशारा किया है तथा कहा है कि वह फिर से लौटेंगी और जो लोग हिंसा कर रहे हैं, उन्हें सज़ा मिलेगी। हालांकि इस बयान अधिकृत होने की पुष्टि नहीं हो सकी है और ना ही इसका कोई खंडन आया है। सोशल मीडिया पर बंगला भाषा में आये इस बयान में कहा गया:- मैंने इस्तीफा दे दिया। अब आपको तो सिर्फ लाशों का जुलूस देखना है। वे आपकी (छात्रों की) लाशों पर सत्ता हासिल करना चाहते थे, मैंने इसकी इजाजत नहीं दी। मैं सत्ता में जीत कर आयी थी। यदि मैंने सेंट मार्टिन और बंगाल



की खाड़ी को अमेरिका के लिए छोड़ दिया होता तो मैं सत्ता में बनी रह सकती थी। बयान में कहा गया, कृपया खुद का इस्तेमान न होने दें। मैं यह कहने आयी हूं कि जो लोग मेरे प्यारे बच्चों की लाशें लाएंगे, उन्हें सजा मिलेगी। शायद आज मैं देश में होती तो और अधिक जानें जातीं, अधिक संपत्ति नष्ट होती। इसलिए मैंने खुद को हटा लिया। मैं आपकी जीत के साथ आयी थी, आप मेरी ताकत थे, आपने मुझे नहीं चाहा, तो मैं खुद ही चली गयी, इस्तीफा दे दिया। बयान में कहा गया। मेरे (पार्टी के) सहयोगी, जो वहां हैं, हिम्मत नहीं हारेंगे। अवामी लीग बार बार खड़ी हुई है। ये आपने कर दिखाया है। निराश मत होइए। मैं जल्द ही लौटूंगी इंशाअल्लाह। हार मेरी है लेकिन जीत बंगलादेश के लोगों की है। वे लोग जिनके लिए मेरे पिता और मेरे परिवार ने अपनी जान दे दी। मुझे खबर मिली है कि कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है और घरों में तोड़फोड़ और आगज़नी हुई है। बयान में कहा गया, अल्लाह आपकी मदद जरूर करेगा। मैं अपने युवा छात्रों से दोहराना चाहूंगी, मैंने आपको कभी रजाकार नहीं कहा। मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। मेरा आपसे अनुरोध है कि आप उस दिन का पूरा वीडियो देखें। एक दल ने आपको खतरे में डालकर आपका फायदा उठाया है। मुझे विश्वास है कि आप एक दिन इसका एहसास कर पाएंगे।

# बंगलादेश के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा



पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने संसद भवन में एक सर्वदलीय बैठक में बंगलादेश में राजनीतिक घटनाक्रम पर गहन चर्चा की तथा राष्ट्रीय आम सहमति कायम करने की कोशिश की। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बंगलादेश की मौजूदा स्थिति और बंगलादेश में सामने आ रहे हालात पर भारत के रुख के बारे में भी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में संसद भवन में हुई बैठक की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, बंगलादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में आज संसद में एक सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी गयी। सर्वसम्मति से दिये गये समर्थन और समझ की सराहना करते हैं। बैठक में एस जयशंकर के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य लोग शामिल हुये। समझा जाता है कि बैठक में ही तय हुआ है कि विदेश मंत्री संसद के दोनों सदनों में बंगलादेश की स्थिति को आज अपराह्न बयान देंगे। वह लोक सभा में अपराह्न साढ़े तीन बजे बयान देंगे। सरकारी सेवाओं में आरक्षण को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच अवामी लीग नेता एवं प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के एक दिन बाद यह बैठक हुई है, जिसके बाद बंगलादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर-उज़्ज़मान ने सत्ता के सूत्र संभाल लिये हैं। इस बीच, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है, जिसमें बंगलादेश की राजनीतिक स्थिति और भारत पर इसके प्रभाव पर चर्चा कराने की मांग की गयी है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने सुवा में फिजी के प्रधानमंत्री राबुका से बातचीत की

एजेंसी < सुवा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री सितिवनी राबुका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए बातचीत की। मुर्मु फिजी की राजकीय यात्रा पर यहां आयीं हैं। राष्ट्रपति कार्यालय के और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ताओं ने 'एक्स' पर अलग-अलग पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज फिजी के सुवा में प्रधानमंत्री राबुका के साथ बैठक की। दोनों नेता सुवा में 100 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और भारतीय उच्चायोग के चांसरी परिसर के लिए परियोजना स्थलों के औपचारिक दस्तावेज सौंपने के गवाह बने। फिजी के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की और ऐतिहासिक संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री राबुका ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। राष्ट्रपति मुर्मु और प्रधानमंत्री राबुका ने संबंधित स्थलों के लिए भूमि स्वामित्व के औपचारिक दस्तावेज सौंपे गये। जिस पर क्षेत्रीय 100 बिस्तर सुपर स्पेशियलिटी कार्डियोलॉजी अस्पताल परियोजना और सुवा में भारतीय उच्चायोग, कर्मचारी आवास तथा सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि सुवा में स्थापित किए जाने वाले एक सौ बिस्तरों के सुपर स्पेशियलिटी हृदय रोग अस्पताल के निर्माण तथा हाल ही में घोषित कुछ अन्य परियोजनाओं से फिजी और प्रशांत क्षेत्र के अन्य देश के लोगों की प्राथमिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

# स्पेन को रौंदकर नीदरलैंड पहुंचा पुरुष हॉकी के फाइनल में

पायनियर संवाददाता < पेरिस
www.dailypioneer.com

नीदरलैंड मंगलवार को पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष हॉकी पहले सेमीफाइनल में मुकाबले स्पेन को हराकर फाइनल में पहुंच गया है। खेले गये मुकाबले में नीदरलैंड ने स्पेन को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में एक पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकालीन खेलों में नीदरलैंड का 10वां पदक है। नीदरलैंड फाइनल मुकाबले में गुरुवार को भारत और जर्मनी के बीच सेमीफाइनल मैच के विजेता से भिड़ेगा। नीदरलैंड की ओर से जिप जानसेन ने 12वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद थियरी ब्रिंकमैन ने 20वें मिनट में गोलकर बढ़त



को दोगुना कर दिया। थिज्स वैन डैम ने 32वें मिनट और डुको टेलजेनकैंप ने 50वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। क्वार्टरफाइनल मैच में बेल्जियम को हराने वाला स्पेन अब कांस्य पदक के लिए खेलेगा।

# राहुल गांधी से मिलने संसद भवन पहुंचे किसान नेता



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से किसानों के एक प्रतनिधिनि मंडल ने संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात की और अपनी समस्याएं संसद में उठाने का आग्रह किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार गांधी से मिलने गये किसानों के प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 11 किसान नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से मुलाकात की। गांधी से मिलने वाले किसान नेताओं में योगेंद्र यादव, बलबीर सिंह, सुनीलम, दर्शन पाल, सत्यावन, हन्नान मोल्लाह, रंजन रामचंद्र क्षीरसागर, प्रेम सिंह गेहलावत, अविक साहा, तजिंदर सिंह, रामिंदर सिंह शामिल थे।

## विपक्ष ने कहा- किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए तत्काल कानून बनाने की घोषणा करनी चाहिए

# गरीब पर सरकार ने कर बोझ बढ़ाया, अमीरों को राहत : विपक्ष

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




विपक्ष ने कहा है कि सरकार ने मध्यम वर्ग पर और गरीबों पर कर का बोझ डाल कर उनके जीवन को कठिन बना दिया है, जबकि अमीरों को कर में राहत देकर गरीबी तथा अमीरी के बीच की खाई को बढ़ाने का काम किया है। लोकसभा में कांग्रेस के डॉ. अमरसिंह ने वित्त विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने बजट में गरीबों, नौकरी पेशा वाले लोगों तथा मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं दिया है, जबकि अमीरों को खूब राहत देने का काम किया है। वित्त विधेयक को देखकर लगता है कि सरकार की मंशा आम आदमी से एक-एक पैसा वसूल करना तथा अमीरों को कर से छूट देने की है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यक्तिगत स्तर के कर को ऊपर ला रही है और कारपोरेट टैक्स को नीचे ले जा रही है। पिछले दस साल में अमीरों के कर कम हुए हैं जबकि आम आदमी पर टैक्स का बोझ लादा गया है। कर से बचने के लिए मध्यम वर्ग का व्यक्ति बचत करके जो उपाय करता था उसकी सीमा को खत्म कर दिया गया है, यहां तक कि गृह ऋण में मिलने वाले कर को भी कम कर दिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने वृद्धों को भी नहीं छोड़ा है और उनकी आय सीमा को भी घटा कर उन पर कर का शिकंजा कसा जा रहा है। पहले वृद्धों के लिए कर सीमा पांच लाख रुपए होती थी, लेकिन अब उसे घटाकर तीन लाख कर दिया है। उनका कहना था कि यदि बूढ़ों की आय पर यह कर कम किया जाता और इसे पांच लाख रुपए ही रखा जाता तो इससे लोगों की खरीद क्षमता बढती और इसका सीधा लाभ देश को होता इसलिए उनकी सीमा को पहले की तरह ही रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार खुद को किसानों का हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन इसमें सच्चाई नहीं है और उसके काम किसानों के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सच में देश के किसानों की हितैषी है और उनका हित करना चाहती है तो उसे किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए तत्काल कानून बनाने की घोषणा करनी चाहिए।

### बंगलादेश की स्थिति पर भारत की पैनी नज़र : जयशंकर



विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने मंगलवार संसद में कहा कि सरकार बंगलादेश के राजनीतिक घटना क्रम से बहुत चिंतित है तथा जब तक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं देश की कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, वहां हमारी पैनी नज़र रहेगी। डा. जयशंकर ने बंगलादेश के घटनाक्रम पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा में एक बयान में कहा कि पड़ोसी देश का राजनीतिक घटनाक्रम चिंता का विषय है और सरकार अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से वहां रह रहे भारतीय नागरिकों से बराबर संपर्क बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि वहां भारत के 19 हजार नागरिक हैं जिनमें करीब नौ हजार छात्र हैं और इनमें से काफी छात्र जुलाई में स्वदेश आ गये थे।

### नवीनीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावॉट बिजली बनाने के लक्ष्य पूरा होगा : जोशी

नवीन और नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को राज्यसभा में विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्यों के सहयोग से वर्ष 2030 तक नवीनीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावॉट बिजली बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। जोशी ने सदन में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय के कार्यो पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार निरंतर वर्ष 2030 तक गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावॉट बिजली बनाने का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों से 70 गीगावॉट बिजली बनाई जाती थी जो अब 203 गीगावॉट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से इस क्षेत्र में निवेश लगातार बढ़ रहा है और सरकार के आवंटन में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सरकार ने ऑटोमेटिक रूट से निवेश की अनुमति दी है। इस वर्ष के बजट में नवीनीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का आवंटन 21000 करोड रुपए रहा है।



# मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय मंत्री पाटिल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने मालेगांव विस्फोट के आरोपी कुलकर्णी की याचिका की खारिज



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार समीर कुलकर्णी की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कुलकर्णी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता से कहा कि वह बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं है। उच्च न्यायालय ने आरोपी कुलकर्णी की याचिका खारिज कर दी थी। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक मोटरसाइकिल से बंधे बम फटने से छह लोग मारे गए थे और लगभग 100 लोग घायल हो गए थे। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) यूएपीए की धारा 45(2) के तहत मंजूरी नहीं ली है।

# पायनियर की विश्वासनीयता और प्रशासन की तत्परता से आदिवासी किसान की समस्या का हुआ निदान

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com


प्रशासन से आदिवासी किसान को राहत नहीं, राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु
जमा पूंजी के साथ खाद धान बीज खत्म
अपने स्तर पर पहल करने का तहसीलदार ने दिलाया भरोसा
सोशल मीडिया पर न्याय की मांग


एनएच अधिकारियों ने छीना आदिवासी किसान का अन्न ढाई एकड़ की खेत तालाब में तब्दील
10-10 हजार इन्वेस्ट सरकार समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित
एसडीएम से गुहार पर नहीं मिली राहत




राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर की विश्वासनीयता और प्रशासन की तत्परता से निराश-हताश आदिवासी किसान की समस्या का निदान हुआ। दरअसल में राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने आदिवासी किसान को न्याय दिलाने के लिए खबरों के माध्यम से मुहिम छेड रखा था, जो आखिरकार रंग लाई। खबरों की विश्वासनीयता के चलते जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई। आपको बता दें एनएच सड़क निर्माण के दौरान डोहेल के समीप पुराने पुल को तोड़ कर पाट दिया गया, जिसके चलते किसान सिदेश्वर का खेत तालाब में तब्दील हो गया। गर्दन भर से अधिक पानी का भराव है। ऐसे में फसल उत्पादन किस तरह किया जा सकता हैं? पीडित ने अपनी व्यथा प्रशासन को बताई, पीडित की आवाज को पायनियर ने प्रशासन तक पहुंचाया। मामला भले ही छोटा हो, लेकिन पीडित किसान का दर्द बड़ा है। दरअसल में इस छोटे किसान की जीविका का माध्यम कृषि ही है, उसका भी उत्पादन बंद हो गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। जिसके बाद पुल का निर्माण किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक मशीन लगाकर गड्ढा खोदाई भी किया जा रहा था, जिसे देख डोहेल के ग्रामीणों ने कलेक्टर की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि समस्या का निराकरण कर आदिवासी किसान को न्याय दिलाना सराहनीय काम है। इससे लोगों के बीच प्रशासन का भरोसा बढ़ता है। जिला कलेक्टर और तहसीलदार के तत्परता से पुराने स्थल पर पुनः पुल का निर्माण किया जा रहा है। ताकि डोहेल के सिद्धेश्वर मरकाम के खेत से पानी निकासी आसानी के साथ हो सके। प्रशासन के इस निर्णय से बीते साल की तर्ज पर इस साल सिदेश्वर की फसल बर्बाद होने से बच जाएगी। जिसे देख सिद्धेश्वर सहित पूरे परिवार ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल के साथ-साथ तहसीलदार चीतेश देवांगन और राष्ट्रीय अखबार पायनियर का भी आभार जताया। पायनियर के इस प्रयास से अब आदिवासी किसान के ढाई एकड़ खेत में पुनः फसल लहलहाएगी।

# छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, कत्थक, ओड़िशी और लावनी नृत्य के जुगलबंदी पर थिरके कलाकार




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वाधान में मुक्ताकाश, घड़ी चौक में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सांझ-6 का आयोजन किया गया था। इस कायर्क्रम की मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक आचार्य संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग उपस्थित थे। इसी प्रकार अन्य गणमान्य व्यक्तियों में तनुजा बघेल, सहायक संचालक, संस्कृति व पुरात्तव विभाग थे। विशेष अतिथि के रूप छत्तीसगढ़ किन्नर समाज की प्रमुख नगीना नायक, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता चंसोरिया, सहायक प्राध्यापक दुर्गा महाविद्यालय तथा प्रीतम महानंद, सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम सांझ -6 में तृतीय लिंग समुदाय के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। दीप प्रजज्वल के पश्चात पहली एकल प्रस्तुत मीरा यादव द्वारा ओडीसी नृत्य के माध्यम से किया गया। पहली सामूहिक प्रस्तुति प्रतिमा ग्रुप द्वारा राजस्थानी नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद स्वरागिनी ग्रुप के कलाकारों ने भी राजस्थानी व छत्तीसगढ सुआगीत, कर्मा गीत, ददरिया व होली के गीतों में अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। तीसरी प्रस्तुति के रुप में रायपुर के युवराज बाध एवं साथी द्वारा कत्थक में शिव वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ-साथ उन्होंने कत्थक तिहाई, परन और ठुमरी में अपने अंदाज से लोगों को दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है कि युवराज बाध जी कत्थक नृत्य के क्षेत्र में गुररत्न अवार्ड, मधुपुरम अवार्ड, मधुपुरम सम्मान, गुरू बह्म अवार्ड तथा नृत्य माया अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। प्रतिमा डांस ग्रुप द्वारा समाज में व्याप्त दहेज की कुरितियों से संबंधित एक संगीतमय नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य नाटिका के माध्यम से दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश दिया गया, जो बहुत की आकषर्क ढंग से प्रस्तुत किया गया। समुदाय के कई कलाकारों द्वारा एकल विधा में उपशास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुति दी गई। पिथौरा महासमुंद की चुरकी मुरकी डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपने अंदाजों से सभी ओडियंस का मन जीता।

# संसार में सभी के साथ प्रेम पूर्वक रहना चाहिए,क्योंकि प्रेम के अभाव में मित्रता नहीं हो सकती: प.पू.विशुद्ध सागर




पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि संसार में सभी जीवों के प्रति मैत्री भाव होना चाहिए। जिस व्यक्ति या वस्तु के प्रति जितना अधिक मोह रहता है वह हमे उतना ही अधिक दुखी करता है। व्यक्ति संसार से एक समय के बाद चला जाता है लेकिन उसके शब्द हमेशा रहते है इसलिए शब्दो का उपयोग भी सोच समझकर करना चाहिए। संसार में सभी के साथ प्रेम पूर्वक रहना चाहिए। क्योंकि प्रेम के अभाव में मित्रता नही हो सकती।

कोई भी व्यक्ति अपने आप में पूर्ण नही है। लेकिन फिर भी हम सामने वाले की गलती को भुलाकर अपने भाव और भव दोनो सुधार सकते है। और यही आत्म विकास का माध्यम है। व्यक्ति प्रत्येक वस्तु और व्यक्ति को बदलना चाहता है बस स्वयं को छोड़कर। हमे कभी भी उपकारी के उपकार को नही भूलना चाहिए। साथ ही जो हमे हमारा दोष बताए उसे भी उपकारी मानना चाहिए क्योंकि अपने दोषों को दूर करके स्वयं को गुणी और गुणानुरागी बना सकते है। किंतु व्यवहार में जो हमारा भला चाहते है अगर हम उसका भी बुरा चाहते है तो हमसे बड़ा कृतघ्न कोई नही हो सकता। ज्ञानी भगवंत कहते है अपकारी के अपकार करने पर भी उस पर उपकार का व्यवहार हमे परमात्मा के निकट ला सकता है। अपने आत्मा के ध्यान की महिमा को हम स्वयं ही समझ सकते है। अर्थात अपनी आत्मा का आनंद स्वयं ही ले सकते है। अपनी आत्मा का ध्यान करते करते परमात्मा बनने का प्रयास करना है।

# विधायक का निकाय व अन्य स्थानों पर अपना प्रतिनिधि नियुक्त न कर पाना क्षेत्रहित के लिए दुर्भाग्यपूर्ण: नीलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



**भाजपा महामंत्रीद्वय ने विधायक की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए कहा जनता करेगी अब इंसाफ**

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्रीद्वय निलेश लूनिया एवं अखिलेश सोनकर ने विधायक ओंकार साहू पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा है कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने दायित्व को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें जनतांत्रिक व्यवस्था देते हुए कार्य क्षेत्र विस्तृत होने के कारण नगरीय निकाय, जनपद, जिला पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे विभिन्न संस्थानों में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया जाना कर्तव्य के निर्वहन करने हेतु आवश्यक किया गया है, लेकिन 8 महीना हो जाने के बाद भी विधायक नगर निगम धमतरी सहित स्वयं के गृहक्षेत्र आमदी नगर पंचायत में अपना प्रतिनिधि नियुक्त नहीं कर विधायक पद के विस्तृत क्षेत्र,समुचित दायित्व एवं अधिकार को एक नगर पंचायत आंधी तक ही सीमित कर पाए हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण।

क्षेत्र वासियों के भावनाओं एवं हित को ठेस पहुंचाने वाली बात है क्योंकि अब ऐसा लगने लगा है कि उनके पास प्रतिनिधि नियुक्त करने के लिए कोई योग्य एवं सक्षम व्यक्ति उपलब्ध नहीं है यदि उनमें वास्तव में धमतरी क्षेत्र की जनता की सेवा करना तथा विकास को एक दिशा देने की ललक रहती तो धमतरी जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत सहित अन्य क्षेत्र आज प्रतिनिधि विहीन होकर विधायक के सेवा से वंचित नहीं हो पता क्योंकि विधायक निधि सहित शासन की विभिन्न पारदर्शी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने की दृष्टिकोण से सत्ता के पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा सेवा नियम में प्रतिनिधि बनने का प्रावधान अनेक क्षेत्रों में किया गया है लेकिन नवंबर दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने के बाद से लेकर आज तक एक भी क्षेत्र में कहीं भी प्रतिनिधि विधायक ओंकार साहू द्वारा ना बनाया जाना धमतरी विधानसभा के क्षेत्रवासियों के साथ भद्दा मजाक है जिसके लिए आने वाले समय में उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। ऐसे इस बात का ध्यान आजादी के बाद बहुसंख्यक कार्यकाल में विधायक के पद पर रहने वाले कांग्रेस को भी ध्यान देना चाहिए। लुनिया ने आगे कहा है कि यदि आगामी समय में सेवा को जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने आगे बढ़ाया है चाहे वह विधायक के रूप में हो चाहे वह सांसद के रूप में हो चाहे पार्षद या ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के रूप में हो उसे आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी।

उन्होंने सांसद रूप कुमारी चौधरी को धन्यवाद के साथ आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वे सांसद बनते ही एक माह के भीतरी सारी सार्वजनिक सेवाभावी जगह में सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति करके यह बता दिया है कि कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों से ज्यादा सेवा का भाव भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि रखते हैं।

# कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान सहायता उपलब्ध कराने आबंटन जारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए 14 जिलों को 1 करोड़ 07 लाख रूपए की राशि आबंटित की गई है। आबंटित राशि में जिला राजनांदगांव को 10 लाख रूपए, धमतरी 3 लाख रूपए, दुर्ग 29.50 लाख रूपए, खैरागढ़-छुईखदान 3 लाख रूपए, बलौदाबाजार 46 लाख रूपए, कोण्डागांव 50 हजार रूपए, बलरामपुर 50 हजार रूपए, कबीरधाम 50 हजार रूपए, कोरबा 2 लाख रूपए, बालोद 3 लाख रूपए, बेमेतरा 2 लाख रूपए, महासमुंद 3 लाख रूपए, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी 3 लाख रूपए, गरियाबंद एक लाख रूपए शामिल है। अनुदान सहायता की इस राशि का वितरण डीबीटी या संबंधित हितग्राही अथवा आश्रित के बैंक खाते के माध्यम से किया जाएगा।

# बेटी बचाओ मंच संजय नगर ने बोल बम कांवर यात्रा का आयोजन किया



**रायपुर।** संजय नगर बेटी बचाओ मंच ने सावन के दूसरे सोमवार को बोल बम कांवर यात्रा का भव्य आयोजन किया। मंच के पदाधिकारी व सदस्यों ने पीले तथा भगवा ड्रेस में संजय नगर स्थित शिव मंदिर से जल लेकर यात्रा का शुभारंभ किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म ध्वज लहराकर कांवरियों को रवाना किया तथा यात्रा में शामिल हुए। मंच के संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा ने सभी यात्रियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया। कांवड़ यात्री बोल बम के जयकारे के साथ महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा भोजन प्रसादी के साथ यात्रा का समापन किया। यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, संजय नगर अध्यक्ष संजना तिवारी, अमलेश्वर अध्यक्ष स्वरा मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, दीपक मिश्रा, केजई साहू , तिलमाती मानिकपुरी, शशि साहू, दीपाली सोनवानी, रीतु, नम्रता विश्वकर्मा, डागेश्वरी साहू, ऊषा विश्वकर्मा, लता पवार, कावेरी साहू, नमिता तिवारी, नमन साहू, मयंक साहू सहित पदाधिकारी व सदस्य गण काफी संख्या में शामिल थे।

# विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को गरियाबंद में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विभूतियां के वैचारिक क्रांति से देश में समाज अन्याय के खिलाफ एकजुट होगा

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं समस्त आदिवासी समाज जिला गरियाबंद के तत्वाधान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह गरियाबंद छत्तीसगढ़ में इस बार मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में तिरु डॉ लक्ष्मण यादव प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी सामाजिक एवं संवैधानिक वक्ता नई दिल्ली, तिरु केपी शाह पूर्व न्यायाधीश हाईकोर्ट कोलकाता पश्चिम बंगाल, तिरु. गोंड राजे डॉ बीरशाह आत्राम चंद्रपुर चांदागढ़ महाराष्ट्र, तिरु फौजी अमरचंद मीणा प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी मीणा सेवा संघ राजस्थान, तिरु महेंद्र नायक प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा उड़ीसा सहित पूरे देश भर से राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विभूतियों का आगमन हो रहा है। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव द्वारा सामाजिक जनों से अपील करते हुए कहा है कि आज जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्गों में उप वर्गीकरण का फैसला लाकर समाज में फूट डालने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे समय में इन महान विभूतियों के वैचारिक क्रांति से समाज में नई ऊर्जा आएगी और पूरे देश में समाज एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ लड़ेगा। कार्यक्रम प्रभारी लोकेश्वरी नेताम, नरेंद्र ध्रुव द्वारा सामाजिक जनों को इस अवसर का लाभ लेने का आह्वान किए हैं।

# पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक हमारी सरकार बनने तक हमारा सफर अधूरा है : मोनिका देवांगन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी गंगरेल मंडल शक्ति केंद्र अछोटा के पांचो बूथ अछोटा बूथ क्रमांक 211 ,212 मुड़पार बूथ क्रमांक 231,शकरवारा बूथ क्रमांक 232, बरारी बूथ क्रमांक 234 का बैठक ग्राम मुड़पार के यादव समाज भवन में संपन्न हुई।। बैठक में प्रमुख रूप से आगामी बूथ स्तर के प्रमुख कार्यक्रम के संबंध में एवं पंचायत स्तर के स्थानीय चुनाव के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री अछोटा शक्ति केंद्र प्रभारी मोनिका देवांगन ने कहा कि प्रदेश एवं कार्य समिति में हुई चर्चा और तय कार्य योजना को लेकर जन.जनतक जाना है। कांग्रेस शासन काल में भाजपा के आंदोलनों में जनता के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं के परिश्रम ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया है। कांग्रेस के खिलाफ हुए चरणबद्ध आंदोलन में कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने भाजपा को केंद्र एवं राज्य में विजयश्री दिलाई है। लेकिन यह जीत अभी आधा सफर है। हम सरकार सिर्फसत्ता हासिल करने के लिए ही नहीं बनातेएअभी और आगे जाना है पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक जब तक भाजपा का झंडा नहीं फहराएगा हमारा सफर अधूरा है। कांग्रेस के वोट बैंक को पूरी तरह घटाकर हमें बीजेपी को मजबूत बनाएंगे इसलिए हमें निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने के लिए एकजुट होना है। महिला मोर्चा जिला महामंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती से खड़ा है। इसलिए विश्व मोदी की बात सुनता है। इसलिए हमें निकाय और पंचायत चुनाव में एकजुटता दिखानी है। पार्टी का प्रत्याशी चाहे कोई भी होए चुनाव में भाजपा को जीताना है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कार्यकारिणी सदस्य पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, शक्ति केंद्र संयोजक कैलाश देवांगन, सहसंयोजक जोहन यादव, अछोटा बूथ अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, मुड़पार बूथ अध्यक्ष सुखराम यादव, शकरवारा बूथ अध्यक्ष मनोज सिन्हा एवं बूथ के अन्य पदाधिकारी मीना याद तरुण देवांगन, नरोत्तम यादव प्रेमलाल यादव सुरेश कुमार यादव सोहन सिन्हा घनाराम राम मानकी निषाद श्याम बाई निषाद एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुड-गवर्नेंस के लिए मंत्रालय में ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य शासन के कार्यों में सुशासन, पारदर्शिता के लिए मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-ऑफिस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम दिवस मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत उप सचिव से लेकर सहायक ग्रेड-3 तक के अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिवस 7 अगस्त को एडमिंस अधिकारियों का प्रशिक्षण होगा, जिसमें विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, अवर सचिव स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह से 8 अगस्त को मंत्रालय के विभिन्न विभागों के सभी भारसाधक सचिवों को ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गौरतलब है कि 15 अगस्त से मंत्रालय में ई-ऑफिस का क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

# वाइल्ड लाइफ को नहीं बचाएंगे तो गए काम से: हाईकोर्ट

## हाथियों की बिजली करंट से हो रही मौतों की जनहित याचिका

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




हाथियों की बिजली करंट से हो रही मौतों को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की युगल पीठ को बताया गया कि पिछले तीन सालों में 21 हाथियों की मौतें बिजली करंट से हुई है। जिस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या सब ऐसे ही खत्म हो जाएगा? सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा वाइल्डलाइफ को नहीं बचाएंगे तो गए काम से।

### जून 2024 की घटना लाई गई कोर्ट से संज्ञान में

याचिकाकर्ता की तरफसे बताया गया कि जून 2024 में सूरजपुर के पास जंगल में एक खेत में लगे 11 केवी के पोल से एक हाथी टकरा गया और पोल झुक गया, जिससे दूसरा हाथी झुके वायर के करंट के संपर्क में आने से वही मर गया। फोटो देख कोर्ट ने कहा पोल को सरसरी तौर पर लगाया गया और ऐसे पोल एक झटके में निकल जाएंगे। याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को बताया कि 26 जून 2024 को ऊर्जा विभाग, विद्युत वितरण कंपनी और वन विभाग के अधिकारियों के उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 केवी लाइन 33 केवी लाइन और एलटी लाइन के झुके हुए तारों को कसने का काम, तार की ऊंचाई बढ़ाने का काम तथा वन क्षेत्र, हाथी रहवास, हाथी विचरण क्षेत्र में भूमिगत बिजली की लाइन बिछाने अथवा इंसुलेट केबल लगाने का कार्य तथा स्पाई युक्त खम्बों का प्रयोग करने का कार्य ऊर्जा विभाग और छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी करेगी। 26 जून 2024 की बैठक में केंद्र के बनाए गए मार्गनिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर सहमति बनी है। जिसके अनुसार विद्युत कंपनी को सभी झुकी हुई लाइनों को ठीक करना है, बिजली लाइन के वायर को वन क्षेत्र में जमीन से कम से कम 20 फीट ऊंचाई पर करना है और 11 केवी और एलटी लाइन के कंडक्टर को बदलकर कवर्ड कंडक्टर लगाना है। भारत सरकार के फारेस्ट कंजर्वेशन डिवीजन की अनुशंसा के अनुसार तो बिजली लाइन की ऊंचाई हाथियों की अधिकतम ऊंचाई जो भी ज्यादा के हो उसके अनुसार होगी, गौरतलब है कि पिछले पांव पर खड़े होने पर और सूंड ऊपर करने पर हाथी 20 फीट तक पहुंच सकता है। कोर्ट ने कहा जान, चाहे मानव की हो या जानवर की, जान कीमत होती है। कोर्ट ने आदेशित किया कि केंद्र द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन शब्दः तथा तथा मूल भावना के अनुरूप किया जावे। प्रकरण की अखिल सुनवाई 3 अक्टूबर को निर्धारित की गई है।

# आमदी कॉलेज में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 'दीक्षारंभ कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com







शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, नय रायपुर के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य ड़ॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में महाविद्यालय के बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ एवं समस्त स्टॉफ द्वारा 5 अगस्त सोमवार को 'दीक्षारंभ कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम)' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय की समितियों व सुविधाओं के बारे में अवगत कराना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंतमाला अध्यक्ष, नगर पंचायत आमदी एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि के रूप में तेजराम साहू उपाध्यक्ष, नगर पंचायत आमदी, उमानंद कुम्भकार पार्षद कोमल यादव पार्षद, प्रेमसाहू पार्षद नगर पंचायत आमदी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' प्रस्तुत किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों का महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। महाविद्यालय के छात्रसंघ प्रभारी डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा प्राप्त कर भारतीय ज्ञान परम्परा को समझकर, आत्मनिर्भर होकर देश और समाज की सेवा करने की बात कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करके जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दी तथा महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर चर्चा करने की बात कही। तेजराम साहू ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए महाविद्यालय की प्रगति के लिए सतत् कार्य करने की बात कही।

# छग स्टेट हाईवे सड़क स्थिति जर्जर, पुलिया निर्माण की मांग

पायनियर संवाददाता पखांजूर
www.dailypioneer.com



109 करोड़ से सड़क तो बनी पर पुलिया बनना भूल गए विभाग,50 साल पुराना पुलिया हो चुके जर्जर हादसे को दे रहे आमंत्रण, दुर्गकोंदाल से इरपानार तड़वायली तक सन 2010 स्टेट हाइवे 25 की सड़क बनी विभाग सड़क की मरम्मत तक करने लगे पर ऐसे कई पुलिया हैं जो आज अस्तित्व का लड़ाई लड़ रहे है, संकीर्ण जर्जर पुलिया पर कोई संकेत बोर्ड तक नहीं लगाया गया जिससे दूर से पुलिया की जानकारी मिल सके या फिर पुलिया के साईड से रेलिंग तक नहीं जिससे आए दिन हादसा होते रहते हैं, लोगो के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे लोक निर्माण विभाग जिसके चलते ना तो नया पुलिया बनाया जा रहा है नहीं संकेत बोर्ड और रेलिंग लगाया जा रहा है,खस्ताहाल सड़क के साथ पुलिया का हाल भी बहोत ही खराब कब देगा प्रशासन इस पर ध्यान कब बनेगा नया पुलिया जिससे राहगीरों को परेशानी से मुक्ति मिल सके हादसा भी रुक सके पर अब तक ऐसा पहल विभाग की ओर से करते दिखाई नहीं दे रहे है कि नया पुलिया बने,आखिर विभाग जर्जर संकीर्ण पुलिया की ओर ध्यान क्यो नहीं दे रहे हैं समझ से परे पखांजूर कापसी बड़गांव बांदे इरपानार जैसे तमाम जगहों पर ऐसे जर्जर पुलिया हैं जो अपनी अस्तित्व की जंग लड़ रहे हैं और इसी पुलिया के ऊपर से रोजना हजारो गाड़िया गुजरते रहते हैं वही विभाग भी बड़े हादसे के इंतेजार में बैठे हैं जिसके चलते अंधी मोड़ में जर्जर बिना रेलिंग वाला पुलिया और दूर दूर तक कोई संकेत बोर्ड तक नहीं लगाया गया जिससे लोगो को पता चल सके इससे सीधा सीधा विभाग लोगो के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है और मौत की ओर धकेल रहे हैं, अंधी मोड़ के बाद अचानक पुलिया और मोड़ में पेड़ पैधे होने से आगे दिखाई नहीं देता और अनजान राहगीरों को पुलिया का पता नहीं रहता जिसके चले दुर्घटना होते रहते हैं, ऐसे पुलिया के नीचे गिरकर कई लोगो की जान गवा चुके हैं पर आये दिन हादसा होते रहते हैं पर संबंधित विभाग इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है।

# किरंदुल में 8 अगस्त को मनाया जाएगा जड़ी-बूटी दिवस



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर जड़ी बूटी दिवस मनाने के संबंध में पतंजलि योग समिति और बैलाडिला योग समिति किरंदुल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों की उपस्थिति में 8 अगस्त दिन गुरुवार संध्या 5.30 बजे जड़ी बूटी दिवस मनाने के लिए सहमति बनी। आचार्य बालकृष्ण को आयुर्वेद शिरोमणि कहा जाता है योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता है बैठक में नरोत्तम सिंह ध्रुव , दिनेश साहू, डी पी डहरिया, जितेन्द्र गुप्ता, राजेश सिन्हा,छबील साहू, राजेन्द्र खनगरे ,तुलेश्वर निषाद, आयुष सिंहा, डी आर यादव ओम प्रकाश नारायण आदि मौजूद थे।

## विशाल मोटवानी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय से पुरानी लंबित मांगों को लेकर की चर्चा




**दल्लीराजहरा।** जिला भाजपा नेता विशाल मोटवानी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर लौह अयस्क नगरी दल्ली राजहरा की पुरानी लंबित मांगों को लेकर चर्चा करते हुए मुख्मंत्री से राजहरा को गोद लेकर उसके विकास कार्य की सौगात देने की अपील की। जिन मांगो को पूरा होने को लेकर कई सालों से राजहरा की जनता आस लगाए बैठी है उन मांगो को पूर्ण करने का आग्रह किया। भाजपा नेता विशाल मोटवानी ने कहा लौह नगरी दल्ली राजहरा में एक दशक से जनता ,कांग्रेस की कमजोर सरकार के शासन में राजहरा के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया गया है जो की निंदनीय है।

# कड़मपाल में पालक शिक्षक मेगा बैठक का किया गया आयोजन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र कड़मपाल में 6 अगस्त मंगलवार को पालक शिक्षक मेगा बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया गया।बता दें यह जिला प्रशासन की एक अभिनव पहल हैं।दंतेवाड़ा जिले में पहली बार पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें भारी बारिश के बाद भी पालकगण इस बैठक में शामिल हुए। कड़मपाल बैठक में जिला दंतेवाडा से प्रभारी जांच हेतु मण्डल संयोजक रविन्द्र टीकम उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कड़मपाल से आदिवासी सभा के अध्यक्ष सुधरू राम कुंजाम, संकुल कड़मपाल समन्वयक एम माधव राव, संकुल प्राचार्या आभा सिंह चौहान, डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाविद, पालक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## कौशल परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए करवा सकते हैं पंजीयन

**जगदलपुर।** भारतीय सैन्य अग्निवीर थल सेना भर्ती 2024 का कम्प्यूटर जनित परीक्षा परिणाम सेना भर्ती कार्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। कम्प्यूटर जनित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का कौशल परीक्षा माह दिसम्बर 2024 के प्रथम सप्ताह में जिला रायगढ़ में संभावित है। बस्तर जिले के उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक कौशल परीक्षा पूर्व तैयारी करना चाहते हैं, वे 30 अगस्त तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में अथवा कार्यालयीन ईमेल आईडी ddirempl@gmail.com या आवेदक स्वयं उपस्थित होकर नाम दर्ज करवा सकते हैं।

# सारंगढ़ न्यायालय में अधिवक्ताओं के बीच चल रही चर्चाओं पर विराम लग गया

पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com



सारंगढ़ जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए विगत माह भर से अधिवक्ताओं के बीच चुनाव को लेकर जारी सूचना के बाद से ही सारंगढ़ न्यायालय में अधिवक्ताओं के बीच चल रही चर्चाओं पर आज विराम लग गया,जब जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव परिणाम आया जहां एक बार फिर सारंगढ़ जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष रहे सारंगढ़ नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता व क्रिमिनल लॉयर विजय तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारत भूषण को मात देते हुए करोना काल को छोड़ दें तो लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने। जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में विगत कुछ दिनों से चल रहे चुनाव को लेकर जहां आज संपन्न हुए चुनाव में सारंगढ़ जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में रहे जिसमें अध्यक्ष सारंगढ़ जिला अधिवक्ता संघ के लिए सभी प्रत्याशी तीसरी बार अध्यक्ष बनने के लिए मैदान में उतरे थे जिसमे वर्तमान अध्यक्ष विजय तिवारी के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता भारत भूषण जोल्हे व लाल विरेन्द्र बहादुर तिवारी के बीच हुए मुकाबले में तीसरी बार विजय तिवारी अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ चुने गए तो वहीं उपाध्यक्ष के पद पर भी लगातार तीसरी बार अधिवक्ता चंद्रशेखर जाटवर तो सचिव के लिए निर्विरोध तीसरी बार कुलदीप राज पटेल के साथ ही कोषाध्यक्ष के लिए अनिल कुमार गोपाल के अलावा महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा नंदे व सह सचिव सहेस किशोर रात्रे ग्रंथपाल जितेन्द्र धर दीवान के अलावा क्रीड़ा व सांस्कृतिक सचिव अश्विनी चंद्रा निर्वाचित हुए व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में खेमराज सिंह भरत लाल टाण्डे मनोज अनंत केशव जायसवाल ओमप्रकाश बेहार राजेश बरेठ बनाए गए। जिसमें निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता ललित पटेल व सहायक निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद तिवारी के द्वारा पूरे चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। इस चुनाव में सर्वप्रथम दीपक तिवारी ने एवम सबसे अंतिम में ललित पटेल ने मतदान का प्रयोग किया साथ सबसे वरिष्ठ सदस्य के रूप में 93 वर्ष के नत्थू लाल यादव ने मतदान किया।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा की खेती करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**कोंडागांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। 5 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिलने पर ग्राम बफना में अनुराग पटेल के द्वारा अपने खेत लाड़ी में गांजा का पौधा उगाकर रखा हैं, जिस पर मुखबीर की सूचना तस्दीक हेतु टीम रवाना कि गई। जहां मुखबीर के सूचना के आधार अनुराग पटेल से खेत मे लगे गांजा के पौधा के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया, जिसमें अनुराग पटेल ने स्वयं से खेत लाड़ी में गांजा का पौधा खेती करना बताया। अनुराग पटेल के द्वारा गांजा का खेती करना पाए जाने से एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 20 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही करते हुए गांजा के पौधे को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जावेगा।

# सेजेस बडेराजपुर में हुआ मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन, छात्र हित पर हुई विस्तार से चर्चा

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिले में नवीन संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बडेराजपुर में शैक्षणिक सत्र 2024 -25 की संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन प्राचार्य सी एल मरकाम की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य सी.एल. मरकाम से मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार आज सेजेस बडेराजपुर में मेगा पालक-शिक्षक बैठक 06 अगस्त 2024 को संकुल स्तर पर किया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। बैठक में चंद्रशेखर साहू (व्याख्याता) द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अर्थ तथा उपयोगिता व वर्तमान समय में बच्चों के।लिए किस प्रकार लाभकारी है इसके बारे में बताया गया साथ मोहन खूबचंदानी के द्वारा वर्तमान समय मे डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से किस प्रकार पढ़ाई को रुचिकर बनाया जाए इसके बारे में बताया गया। पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 मुद्दों जैसे नई शिक्षा नीति 2020, शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये संचालित योजनाओं, अध्ययन-अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारू अध्यापन, ड्रॉपआउट या लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की शाला में उपस्थित कराना, बेहतर परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में संगीत पोयाम (जनपद सदस्य बडेराजपुर), सरपंच रामसाय मरकाम, बी.आर.सी. प्रेमलाल यादव, SMDC अध्यक्ष योगेश पांडे, दयालु सेठिया (अध्यक्ष पालक संघ हिंदी माध्यम), सुखदास मरकाम (अध्यक्ष पालक संघ अंग्रेजी माध्यम) ,सी. एस. सी. बडेराजपुर मुकेश मरकाम, सी. एस. सी. छोटेराजपुर संतुराम मरकाम स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबन्ध समिति और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, काउंसलर, डॉक्टर, शिक्षाविद, ड्रॉपआउट हुये बच्चों के पालक तथा समस्त विद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

# बुनागांव में पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव विकास खंड अंतर्गत बुनागाँव के हायर सेकंडरी स्कूल में बुनागाँव और उमरगाँव अ का संयुक्त रुप से संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार 6 अगस्त 2024 को विद्यालय और पालकों में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने ये मेगा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस बैठक में पालकों को विद्यालय के प्रति जागरूकता बढ़ाना,सामुदायिक सहभागिता और बच्चों के शैक्षणिक प्रगति पर पालकों से विस्तार से चर्चा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच बुनागाँव पंचमी कौशिक, अनिरुद्ध नेताम उमरगाँव अ,जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम और समस्त पालकों को शिक्षिकाओं के द्वारा फूल और हल्दी चांवल का टीका लगाकर स्वागत किया गया।

## पहली बार पालकों को मिला खुला मंच

# मेगा पालक-शिक्षक बैठक में शामिल होकर शिक्षा गुणवत्ता के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com






शासन द्वारा की गई नई पहल की शुरुआत में बालोद जिले में मंगलवार को संकुल स्तर पर प्राथमिक, मिडिल, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलो में मेगा पालक शिक्षक बैठक के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। इस वृहद कार्यक्रम में पालको को खुला मंच प्रदान किया गया। जहां पालको ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात खुले तौर पर रखी। सरकारी स्कूलों में इस तरह का आयोजन पहली दफा कराया गया। जिससे पालकगण बेहद खुश नजर आए और इस पहल की सभी ने सराहना की। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के बाद मंगलवार को जिले के पांचों ब्लाकों के 173 संकुलो में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जिले के सभी आलाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालको के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना, बच्चों के प्रगति से अवगत कराना, बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालको के साथ समन्वय साधते हुए सयुंक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसी दौरान जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम भरदा/लो पहुचे। जहां वे पालको से रूबरू हुए, उनसे चर्चा कर उनकी बातों को सुना। मेगा पालक-शिक्षक बैठक में शामिल होकर उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने हेतु महत्वपूर्ण टीप्स दिए। इस पहल की पालको सहित शिक्षको ने भी सराहना की।

इस दौरान इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र व समाज की विकास की बुनियाद एवं मेरूदण्ड होता है। उन्होंने कहा कि बिना शैक्षणिक उन्नति के राष्ट्र के विकास की परिकल्पना करना सर्वथा असंभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु शिक्षक और बच्चों के माता-पिता एवं उनके अभिभावक तथा समाज की भागीदारी को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने पालकों से चर्चा कर बच्चों के शिक्षा-दीक्षा के संबंध में आने वाली कठिनाईयों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को विद्यार्थियों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आने वाले कठिनाईयों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कालखण्ड एवं अत्यंत निर्णायक समय बताते हुए कहा कि इस दौरान विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन करना अत्यंत आवश्यक है। जो उनके भावी भविष्य के निर्माण के लिए कारगर सिद्ध हो सके।

# अरविंद महाविद्यालय में दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित शासकीय अरविंद महाविद्यालय मे 5 अगस्त सोमवार को दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र - छात्रों को महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं स्टॉफ के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तंजीन आरा खान के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से किया गया।तत्पश्चात प्राचार्या ने नव - प्रवेशित छात्र - छात्रों को महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों से परिचय कराते हुवे नई शिक्षा नीति - 2020 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया तथा महाविद्यालय में लागू नई शिक्षा नीति -2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के बारे मे छात्रों को बताया।महाविद्यालय मे नई शिक्षा नीति की संयोजक रजनी मण्डल के द्वारा छात्रों को डीएस ई,एईसी, जीईसी एवं वीएसी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा छात्रों द्वारा जीईसी एवं वीएसी के पाठ्यक्रम को चयन मे सहायता प्रदान किया।साथ ही साथ महाविद्यालय के सभी विषयकों के प्राध्यापको ने अपने विषय के जी ई सी एवं वी ए सी के संबंध मे छात्रों को अवगत कराया।अंत मे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# विक्रय हुई सभी कोटवारी भूमि की रजिस्ट्री होगी रद्द, खंगाले जा रहे हैं रिकॉर्ड

## राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल करें निराकृत : कलेक्टर दीपक सोनी

पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। हाईकोर्ट एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी ने कोटवारी भूमि के विक्रय एवं रजिस्ट्री संबधित जानकारी हासिल की जा रही है इसके लिए सभी अनुविभाग से रिकॉर्ड खंगाले जा रहे है। ताकि उक्त भूमि के रजिस्ट्री को रद्द किया जा सके. इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित न्यायलीन प्रक्रिया अपनाई जाएगी. इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल निराकृत करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके। जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजन करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उक्त शिविर का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत सहित सभी नगरीय निकायों में किया जाएगा। साथ ही जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय सीएमओ को तत्परता के साथ मुख्य मार्ग से मवेशियों को हटाने निर्देश दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरीय), स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, उजाला योजना, पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## डॉ भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद






पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद बलौदा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि आप सबकी एक नई शुरुआत होने जा रही है जो कि बेहद ही रोमांचक और नया रहेगा। महाविद्यालय की शिक्षा आपकी भविष्य की दिशा और दशा तय करेगी। उन्होंने नव प्रवेशी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को जनपद पंचायत के अध्यक्ष कुमारी भास्कर, डॉ भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, विधायक प्रतिनिधि द्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता, तन्मय पंडा, क्षेमानिधि साहू, विभिषण चौहान, रोशन नाग समेत महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संकुल केंद्र संतपाली में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ⟨ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र संतपाली में संकुल केंद्र अंतर्गत आनेवाली समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाईस्कूल के शिक्षकों एवं पालकों की प्रथम मेगा बैठक सम्पन्न हुई । छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे,लोकेश्वर सिंह कंवर एवं संकुल केंद्र समन्वयक पूर्णानन्द मिश्रा के मार्गदर्शन में संकुल केंद्र संतपाली के अंतर्गत आनी वाली शालाओं के शिक्षकों एवं पालको की मेगा बैठक सम्पन्न हुई। संकुल प्राचार्य लोकनाथ जगत ,संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढ़ी, शिक्षाविद भगवान प्रसाद सेठ,प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद सिदार ,दामोदर वैष्णव, चंद्र प्रकाश नायक शिक्षक युधिष्ठिर राय, भगत दास, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक ज्योति सिंह ठाकुर के द्वारा मां सरस्वती के पूजन पश्चात बैठक की शुरुआत हुई । बैठक के एजेंडा पर प्रकाश डालते हुए संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढ़ी ने कहा कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने,उन्हें बच्चे की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु शासन की मंशानुसार यह बैठक आयोजित की गई है । इस बैठक में मेरा कोना,छात्र दिनचर्या,आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक,बच्चों की अकादमिक प्रगति,परीक्षा,पुस्तक उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु एवं कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण,पोषण,छात्रवृत्ति, विभिन्न विभागीय योजनाओं, दीक्षाएप्प, ई जादुई पिटारा,डिजिटल लाइब्रेरी जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के सम्बन्ध में पालको को अवगत कराते हुए तत्सम्बन्धी आवश्यक चर्चा की गई। संकुल समन्वयक श्री पाढ़ी द्वारा आज की बैठक के एजेंडे का संचालन करते हुए छात्रवृत्ति,जाति, आय, निवास प्रमाणपत्र एवं बच्चों के स्वास्थ्य के लिए शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बैठक में संकुल प्राचार्य लोकनाथ जगत,संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढ़ी, उच्च प्राथमिक शालाओ के प्रधान पाठक दामोदर दास वैष्णव, जगदीश सिदार,शिक्षक नीलाम्बर चौधरी,जयप्रकाश नायक,प्राथमिक शालाओ के प्रधान पाठक नेमबाई चौहान, ललिता सिंग,चंद्र प्रकाश नायक, इंदल सिदार, विमल किशोर कश्यप,दिलप्रसाद चौहान,अशोक टण्डन,सहायक शिक्षक युधिष्ठिर राय,चितकुंवर पटेल पालक संघ से भगवान प्रसाद सेठ, संजय दीवान, देव कुमार राय, रोहित सिदार, भोपाल बाघ, धनेश्वर सिदार ,तिलक पारेश्वर,युधिष्ठिर राय, राम प्रसाद साहू, वेदराम पारेश्वर, रूपलाल चौहान महेशभोई, बाबूलाल, अर्जुन सिंह चंद्रवंशी, मोहन दीवान लव कुमार भोई, लोकेश्वर दीवान ,ठंडा राम दीवान, महेश्वर निषाद, लोकनाथ भोई, पदम नेताम, तुलाराम जगत, कौशल करमाल, ममता यादव , सरस्वती चौहान, सिरबाई साहू, रोहिणी बाई ,शगुन चौहान, ज्योति, कमला,राजेशिनी, मांग मोती, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक ज्योति सिंह ठाकुर,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर के फार्मासिस्ट ग्रेड2 रमाकांत भोई,उप स्वास्थ्य केंद्र संतपाली के स्वास्थ्य संयोजक तिलक देवांगन आदि की विशेष उपस्थिति रही।

## कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान सहायता उपलब्ध कराने आबंटन जारी



पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की पहल पर कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए बलौदाबाजार भाटापारा के लिए 46 लाख रूपए की राशि आबंटित की गई है। अनुदान सहायता की इस राशि का वितरण डीबीटी या संबंधित हितग्राही अथवा आश्रित के बैंक खाते के माध्यम से किया जाएगा।

## श्री सिध्देश्वर मंदिर में हुआ महा रुद्राभिषेक का आयोजन



पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com

श्री सिद्धेश्वर मंदिर चेक पोस्ट झिलमिला सरायपाली में भगवान महादेव के महा रुद्राभिषेक का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया जिसमें नगर के 21 जोड़ो एवं 51 भक्तों ने एक साथ भगवान महादेव के रुद्राभिषेक में भाग लिया। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति के सदस्य नरसिंह अग्रवाल ने बताया कि भगवान महादेव का रुद्राभिषेक कार्यक्रम सावन के तृतीय सोमवार को किया गया जो की श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में प्रथम बार किया गया है इस रुद्राभिषेक हेतु सभी भक्तों ने भगवान महादेव का शिवलिंग एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके अभिषेक किया। भगवान शिव के अभिषेक में दूध दही शहद के साथ-साथ देश के विभिन्न तीर्थ स्थान का जल एवं 21 कुंडो का जल से अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात भगवान महादेव का श्रृंगार करके महाआरती किया गया। समिति की तरफ से नरसिंह अग्रवाल एवम सभी सदस्यों ने इस विशाल आयोजन को सफल बनाने क्षेत्र के भक्तों से प्राप्त सहयोग हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।

## मुक्तिधाम में पसरी गंदगी सहित अन्य समस्या का निराकरण नहीं

### घंटो चक्काजाम पर आश्वासन बाद आन्दोलन खत्म



पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मैनपुर और हरदीभांटा मुक्तिधाम में कूड़ा कचरा और गंदा पानी के चलते अंतिम संस्कार में होती परेशानी को लेकर सैकडो की तादात महिला पुरुष और युवाओ ने मिलकर मैनपुर मुख्यमार्ग 130 चक्काजाम करते घंटो अपनी नाराजगी जाहिर किया बकायदा सुबह 9 बजे एकत्रित होकर सबसे पहले नगर के व्यापारियों से समर्थन मांगते प्रतिष्ठान बंदकर उग्र प्रदर्शन को अंजाम दिया इस बीच देवभोग और मैनपुर पार गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही जिसके कारण कई राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा फिर भी आन्दोलनकारी लगातार समस्या का निराकरण की मांग पर अड़े रहे, क्योंकि लगातार विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाबजूद इसके हल नही निकाला और नतीजा गंदगी और दलदल के बीच लोगो को अंतिम संस्कार करना मजबूरी बना होता है। उल्लेखनीय हो कि मैनपुर मुख्यालय और हरदीभांटा के मुक्तिधाम गंदगी से पसरा हुआ है इसके अलावा बरसात का पानी के चलते दलदल की स्तिथि निर्मित है जिसे लेकर साफ सफाई और सौन्दर्यकरण को लेकर कई बार कहा गया। लेकिन समस्या का निराकरण नही होता देख सैकडो लोगो ने मुख्यमार्ग जाम करते समस्या का निराकरण की मांग पर अड़े रहे। इस बीच प्रशासनिक अमला के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी प्रदर्शन खत्म किया।

## अंचल मे हर्षोलास के साथ मनाया हरेली पर्व



पायनियर संवाददाता ⟨ नर्रा/महासमुंद
www.dailypioneer.com

हरेली छत्तीसगढ़ का सबसे पहला परंपरिक त्यौहार है जो मुख्यतः खेती किसानी से जुड़ा पर्व है हरेली का मतलब हरियाली होता है जो हर वर्ष सावन माह के अमावस्या तिथि को यह पर्व मनाया जाता है । इस दिन खेतीहार किसान सुबह से भेलुवां की डहनिया बोए गए फसल बाड़ी के अलावा घर के मुख्यद्वार व दुकाने पर लगाते है और मवेशीयों को गेंहू आटा के बने लोंदी व अंडी के पत्ते पर नमक लपेटकर खिंलाते है वही किसानो ने कृषि औजार मे टेक्टर लकड़ी से बने नांगर जूडा फावड़ा बसुला बिधना कुदारी कुलहाड़ी गैती इत्यादि कृषि कार्य मे आने वाले सभी यंत्रो को पानी से धुलाई साफ सफाई कर घर आंगन के एक कोने पर एकाचित्र कर रख दिया जाता है घर के मुख्या के द्वारा पूजन अर्चन व धुप दीप जलाकर चंदन बंदन से टीका लगा कर पूजन किया और चावल आटे का घोल बनाकर सात जगह पंजे कि निशान लगाकर एवं चावल आटे से बने चीला का भोग लगाकर भगवान से अच्छी फसल की कामना की गई ।

## गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर में मित्रता दिवस के अवसर पर हुई निबंध प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com

गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली में 'मित्रता दिवस' के अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए जीवन में मित्रता का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन पश्चात निर्णायक मंडल ने प्रतिभागी बच्चों के निबंधों का मूल्यांकन किया। जिसमें प्रथम स्थान पर विकास चन्द्रवंशी कक्षा 11 वीं विज्ञान संकाय द्वितीय स्थान दुर्गेश पटेल कक्षा 12वीं कला संकाय तथा तृतीय स्थान पर ज्योत्सना साहू कक्षा 9वीं रहे। विजेता प्रतिभागियों को 15 अगस्त के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। विजित प्रतिभागियों को विद्यालय संस्थापक गोपनाथ, संचालक जन्मजय नायक, उपसंचालक दुर्गा चरण नायक, प्राचार्य जज्ञसेनी मिश्रा सहित शालेय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## ग्राम मरदा में हुए गौवंश की हत्या की उच्च स्तरीय जांच कराने विहिप ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से मात्र 25 कि मी की दूरी पर ग्राम मरदा तहसील लवन में हुए चौदह गौवंश की निर्मम हत्या के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्यकारिणी ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से भेंटकर ज्ञापन सौंपा और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग रखी। इस पूरी घटना को जघन्य हत्या ठहराते हुए विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी मिकी ने कहा की दो अगस्त शुक्रवार प्रातः ग्राम मरदा तहसील लवन से गौवंश की हत्या की खबर सामने आई जिसमे मिली जानकारी के अनुसार निर्दोष मासूम गौवंश को आठ से दस दिन पूर्व गांव के ही अंदर घनी आबादी वाले मोहल्ले के एक बाड़े में अंधकारमय छोटे से कक्ष में बड़ी निर्दयता पूर्वक भूखे प्यासे बन्द करके रख दिया गया, जिससे तड़प तड़प कर उन गौवंश की मृत्यु हो गई गांव में तड़के बदबू फैलने पर लोगों ने प्रशासन को सूचना दी इस घनघोर अमानवीय घटना ने जिले के साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़वासियों को शर्मिंदा होने पर मजबूर कर दिया। हालांकि खबर लगते ही प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए उक्त घटना के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए पूछताछ के आधार पर गांव के ही चार लोगों की गिरफ्तारी की जो की सराहनीय कार्य है। लेकिन गांव में घटित घटना में सरपंच सचिव एवं पंचों समेत किसान समिति के बाकी सदस्यों और गांव के किसानों की भूमिका भी संदेह प्रकट करती है सिर्फ नयी बनी किसान समिति के कुछ सदस्यों को पकड़कर प्रशासन मामले को समाप्त करने का प्रयास ना करते हुए इस घटना में मृत गौवंश को न्याय दिलाने के लिए इस कुकृत्य में सम्मिलित प्रत्येक अपराधी को सख्त कदम उठाते हुए कठोर कार्यवाही करे किसी निर्दोष को सजा ना हो लेकिन एक भी दोषी बचना नही चाहिए गांव में घटित ऐसी घटनाओं के लिए सरपंच पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई जबकि जिस बाड़े में यह घटना हुई ग्रामीणों के अनुसार सरपंच का घर वहीं स्थित है आगे विहिप जिला अध्यक्ष ने कहा की वर्तमान सरकार को पूर्व की सरकार के गौठान योजना को बंद ना करके उसमें हो रही गड़बड़ियों एवं खामियों को दूर कर उसे जारी रखना चाहिए था या बारिश एवं फसल के पूर्व ही सम्पूर्ण प्रदेश में मवेशियों के लिए कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी अभी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गौ अभ्यारण्य बनाने की बात कही है इस पर तत्काल प्रभाव से पूरे लगन से गौवंश और ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे कि सड़कों पर या गांवों में गौवंश के साथ हो रहा दुर्व्यवहार एवं दुर्घटनाओं में कमी आये। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख हेमन्त वर्मा जिला मंत्री राजेश केशरवानी नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## गौरव विद्या मंदिर मैं मनाया विधिक साक्षरता दिवस



पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश शोभना कोष्टा का आगमन हुआ। जिन्होंने कक्षा 12वीं के छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी देते हुए वाहन अधिनियम एक्ट द्वारा होने वाले समस्या की जानकारी दिया गया तथा नान मेजर द्वारा वाहन चलाते समय दुर्घटना होने पर पालकों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसकी जानकारी दी गई। जानकारी देते समय विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी और शिक्षक प्रफुल्ल बारिक मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल के द्वारा दी गई।

# नई शिक्षा नीति में नौकरी की जगह स्वरोजगार पर जोर

## डीके कालेज दीक्षारंभ समारोह में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार में नई शिक्षा नीति के तहत नवप्रवेशी कॉलेज छात्र छात्राओं के लिए आयोजित दीक्षारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवप्रवेशी कॉलेज छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिए। इस दौरान पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डा सनम जांगड़े, नगरपालिका अध्यक्ष चितावर जाय सवाल, स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा नेता तेसूलाल धुरंधर, नरेश केसरवानी, खोडस कश्यप सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आधुनिक परिस्थितियों के अनुरूप नई शिक्षा नीति 2020 लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव द्वारा इसे पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है। नई शिक्षा नीति में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नव तकनीकी का समावेश किया गया है. तथा नौकरी की जगह स्वरोजगार पर जोर दिया जा रहा है। ताकि व्यक्ति आत्मनिर्भर होकर खुद को नौकरी के बजाय 10 अन्य लोगों को नौकरी प्रदान कर सके। वर्मा ने रोचक प्रसंगों के माध्यम से शिक्षा में विचार के महत्व के बारे में अवगत कराया और कहा कि इस कॉलेज को संवारने की जिम्मेदारी हमारी है। हम इस कॉलेज के लिए जितना बेहतर कार्य कर सकते है उतना बेहतर कार्य हम सब मिलकर करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के होनहार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान एसडीएम बलौदाबाजार अमित गुप्ता, तहसलीदार बलौदाबाजार, प्राचार्य डॉ.ए.आर सी जेम्स सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र छात्राएं एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगरी में 3 साल के बच्चे को उठाकर ले गया तेंदुआ, झाडियों में मिले अवशेष

**धमतरी।** धमतरी जिले के सिहवा थाना क्षेत्र बीरगुड़ी वन परिक्षेत्र के ग्राम कोरमूड में 3 साल का कमार बच्चा रविवार के शाम 7 बजे से गायब है। बताया जा रहा है कि बच्चा खाना खाने के बाद घर के बाहर खेल रहा था, इसके बाद से गायब था गायब बच्चा जहां खेल रहा था वहां पर तेंदुए का पैर का निशान देखे गए। जिस पर तेंदुआ द्वारा बच्चे को उठा ले जाने की शंका जताई गई। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर पुलिस और वन विभाग की टीम बच्चे को ढूंढने में लग गई थी। जिस पर बच्चे का कटा हुआ अंश जंगल ने मिला है। बच्चे के बाकी अंशों की तलाश अभी भी जारी है।



# जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में 66 आवेदनों का मौके पर हुआ त्वरित निराकरण

## जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे महापौर, किए आमजनों से भेंट मुलाकात

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत 5 वार्डो के लिए एक साथ जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर वार्ड क्र. 38 में आयोजित शिविर में पहुंचे। शिविर में समस्या व शिकायत लेकर आए हुए नागरिकों से भेंट मुलाकात की। उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही हितग्राहियों से समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। शिविर की व्यवस्थाओं को देखा तथा जन समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ संजय कोहले, दीपक साहू, पार्षद नीता जैन, श्रद्धा सोनी, प्रकाश जोशी, पूर्व पार्षद फतेह सिंह भाटिया, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता हरिशंकर साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, जनसम्पर्क अधिकारी थानसिंह यादव, उप अभियंता विनोद मांझी,बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा,अभ्युदय मिश्रा मौजूद रहें।जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 36,37,38,39 एवं 40 में किया गया। जिसमें मांग एवं समस्या पर आधारित 103 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर 66 आवेदनों का निराकरण किया एवं शेष 37 आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण की पहल की। लोगो के द्वारा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार स्वनिधि, कब्जा हटाने, सड़क, बिजली, सड़क व नाली की मरम्मत,नल कनेक्शन समेत राशन कार्ड समेत अन्य आवेदन शामिल रहे।शिविर निरीक्षण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोगों की समस्या सुनी और मौजूद अधिकारियों को जल्द निराकरण करने निर्देश दिए.नल कनेक्शन की मांगों के भी आवेदन प्राप्त हुए, जन समस्या निवारण शिविर में लोगों ने अपने वार्ड विकास की दृष्टि से जहां लाइट, बिजली पोल, सड़क, नाली, जैसी मांगे रखी,जिसे शिविर में पहुँचकर वर्षों पुराना अवैध कब्जा कर सड़क बाधित करते हुए एवं नाली के ऊपर पार्किंग की शिकायत भी की गई।

# भिलाई-दुर्ग ट्रक एंड ट्रेलर एसोसिएशन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और औद्योगिक क्षेत्र हथखोज को जोड़ने वाली तांदुला नहर पर बनी एक मात्र पुलिया का संधारण तथा तिरंगा चौक छावनी से नहर पुलिया तक सड़क काफी जर्जर हो गई है जिसके पुनर्निर्माण कराने भिलाई ट्रक एंड ट्रेलर एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि औद्योगिक क्षेत्र छावनी भिलाई और हैवी इंडस्ट्रियल एरिया व इंजीनियरिंग पार्क हथखोज आवागमन हेतु मुख्य सड़क के बीच एक मात्र तांदुला नहर पर बनी पुरानी पुलिया है। इस पुलिया से ही ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज जुड़ा हुआ है । सैकड़ो उद्योगों के माल परिवहन हेतु भारी वाहन भी इस मार्ग से आवागमन करते है। वर्तमान में दोनों औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली तथा आम जनता के आवागमन वाला मार्ग तथा नहर पर बना पुल काफी जर्जर हो चूका है । आये दिन जर्जर पुल और जर्जर सड़क पर भारी वाहन फंस जाते है, इसलिए आवागमन अवरुद्ध हो जाता है तथा इस मार्ग से आवागमन करने वाले नागरिको और कारखानों में काम करने वाले हजारो मजदूरों को काफी परेशानी एवं दिक्कत होती है और आये दिन दुर्घटना हो रही है। प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में इस मार्ग और पुलिया से गुजरने वाले भारी माल वाहक वाहनों और हजारो नागरिकों तथा मजदूरों को राहत देने और औद्योगिक क्षेत्र आवागमन की उचित सुविधा के लिए तिरंगा चौक छावनी से नहर पुलिया तक सड़क के पुनर्निर्माण तथा नहर पुलिया के संधारण हेतु नगर निगम भिलाई एवं CSIDC के सक्षम अधिकारियो को निर्देश देकर अतिशीघ्र महत्वपूर्ण पुलिया का संधारण एवं तिरंगा चौक छावनी से तांदुला नहर पुलिया तक सड़क निर्माण कराने भिलाई ट्रक एंड ट्रेलर एसोसिएशन द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# शिविर में जाति प्रमाण पत्र बनाने आए आवेदन का हुआ निवारण





पायनियर संवाददाता ∢ रिसाली
www.dailypioneer.com

जनसमस्या निवारण शिविर के आठवे दिन रूआबांधा दशहरा मैदान में 4 लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। वहीं एक को आय प्रमाण पत्र दिया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे शिविर में 291 प्राप्त मांग में 107 और 14 शिकायतों में 4 का निराकरण किया गया। महापौर शशि सिन्हा की मौजूदगी वाले जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग ने ऐसे आवेदनों का त्वरित निराकरण किया, जिसमें लोगों को भटकना पड़ रहा था। शिविर स्थल पहुंचे सूर्यनाथ गौतम, परमीला, प्रीती और भावेस सेन का जाति प्रमाण पत्र बनाकर सौंपा गया। इसके अलावा प्रिया शर्मा पति किशोर शर्मा का आय प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा रूद्र कुमार कौशिक का अन्न प्राशन्न और जया राजपूत की गोदभराई की। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन, पार्षद सारिका साहू, टिकम साहू, ममता यादव, शीला नारखेड़े, माया यादव, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, पार्वती महानंद, रंजिता बेनुआ, विधायक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, भाजपा महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

**43162 रूपए की वसूली**-शिविर में आए 3 नामंत्रण आवेदन में से 2 का निराकरण किया गया। वहीं 2 लोगों ने 43162 रूपए टैक्स की राशि जमा की। इसके अलावा 1 ने टैक्स जमा करने आई.डी. बनवाया। शिविर में 148 लोग ऐसे थे जो राशन कार्ड में नाम जुड़वाना या कटवाना चाहते थे। आम लोगों ने सामूहिक रूप से नाली सफाई, बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने की मांग की थी।

# 30 अगस्त तक संपूर्ण राशि जमा नही करने पर पीएम आवंटन निरस्त की होगी कार्रवाही

## पीएम आवास योजना से अपने सपनो का घर पाएं

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिका निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस (एएचपी) के तहत कुल 1502 मकान का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें स्थान मां कर्मा के 108 मकान में से आवंटन 7 लोगो किया गया, इसके अलावा फॉर्च्यून 36 में 16 मकान आवंटन किया गया।गणपति विहार के 108 में 63 मकानों के आबंटन किया।

गोकुल नगर के 336 मकानों में 32 आबंटन, सरस्वती नगर में 522 मकानों में 27 समेत पोटिया कला के 116 में से आवंटन दिया गया है। कुल 261 हितग्राहियों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। टोटल कुल 1502 मकान में से लॉटरी के माध्यम से 557 लोगों को आवास आवंटन किया गया है एवं शेष 945 आवासों का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है पोटिया कला 116 में 10 लोगों द्वारा संपूर्ण राशि जमा करके आधिपत्य ले लिया गया है। बाकी 106 जिनका आबंटन हो चुका है। वे हितग्राही तत्काल निर्धारित राशि जमा करके अपने आवास का अधिपत्य पत्र नगर निगम से ले सकते हैं। नगर निगम ने हितग्राहियों से अपील कर कहा 30 अगस्त 2024 तक अपनी संपूर्ण राशि जमा करें अथवा आवंटन निरस्त करने की कारवाई किया जाएगा। हितग्राहियों के सहयोग के लिए नगर निगम द्वारा डाटा सेंटर प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में फाइनेंस कंपनी के माध्यम से श्रेणी लेकर की संपूर्ण राशि एक साथ जमा किया जा सकता है!-लोन लेने गाइड लाइन:हितग्राहियों के लिए सुविधा नगर निगम के डाटा सेंटर दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में फाइनेंस कंपनी के माध्यम से एक साथ बैंक आबंटितियों को बिना किसी अतिरिक्त गारेंटर मात्र एक आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं संबंधित आबंटित आवास के आफर लेटर एवं पूर्व में जमा हुई रसीद को आधार मान कर नगर निगम के विश्वास पर ऋण प्रदाय कर रहे है।

# विधायक साहू ने 9 वीं कक्षा के 150 छात्राओं को किया साईकिल वितरण



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा संचालित सरस्वती साईकिल योजना कार्यक्रम के तहत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय बेमेतरा मे साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू का बुके भेटकर शाला के प्राचार्य ने स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात 9 वी कक्षा के 150 बालिकाओं को विधायक दीपेश साहू के हाथो साईकिल वितरण किया गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बहा रही है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता तक विकाश की राह पंहुचा रही है द्य लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी।

# सैकडो पालकों की मौजूदगी में मेगा शिक्षक बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर जिला के सभी ब्लॉक संकुल स्तरीय पालक शिक्षक परिचर्चा बैठक आयोजित किया गया इस बीच बढचढ कर इस बैठक में शामिल हुए सबसे खास देवभोग में देखने को मिला क्योंकि यहां शत प्रतिशत पालकों ने अपनी उपस्तिथि देते बैठक में भाग लिया मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंगल जनपद सद्स्य होरीलाल साहु तहसीलदार चितेष देवांगन नायब तहसीलदार बीईओ देवनाथ बघेल चंद्रशेखर सोनवानी सुशील यादव बिलभ्द्र यादव गिरीश बेहरा यशवंत बघेल सहित तमाम वर्ग के लोग शामिल होकर बच्चो से चर्चा किया इससे पहले विगत वर्ष में कक्षा पहली से 12 तक प्रथम आने वाले और स्वामी आत्मानंद स्कूल से प्रयास एवम् नवोदय विद्यालय के लिए चयन वाले छात्र संभाग स्तरीय शतरंज विजेता सहित अन्य करीब 30 प्रतिभान छात्र छात्राओं एवम् पालकों का सम्मान भी किया गया इसके बाद छात्र दिनचर्या बच्चे ने किया सीखा बच्चो की अक्दमिक प्रगति संसाधनों की उपलब्धता प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित अन्य बिंदु पर बारी से चर्चा किया गया इस बीच मौजुद तहसीलदार चीतेष देवांगन ने बच्चों से उनके करियर प्लान भी पूछे और खूब मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करने की सीख दी जीवन में श्रेष्ठता हासिल करने का एक मात्र माध्यम शिक्षा है आप करियर में जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते उसके लिए लगन और मेहनत से पढ़िए जिससे आप अपना उज्व्वल भविष्य गढ़ने की बात कही। पालकों की सहभागिता से और बेहतर करेंगे बीईओ संकूल स्तरीय पालक शिक्षक परिचर्चा बैठक के दौरान मौजुद बीईओ देवनाथ बघेल अपनी बात रखते हुए कहा की ब्लॉक के सभी संकुलों में मेगा पालक शिक्षक मीटिंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

# जिला अस्पताल मरचुरी मार्ग से एक बार फिर हटाये गये फुटपाथी दुकानदारो को




- नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम ने की कार्रवाई, दोबारा दुकान न रखने की दी नसीहत

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण दस्ते ने एक बार फिर नाना-नानी पार्क,राजेन्द्र पार्क चौक सहित पटेल चौक से उतई चौक, गांधी प्रतिमा के आस पास के अलावा जिला अस्पताल मरचुरी मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।सुबह से शुरू हुई कार्रवाई दोपहर तक जारी रही। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा सहायक अतिक्रमण प्रभारी चंदन मनहरे, विनीत वर्मा एवं तोड़ूदस्ता अमला के साथ जिला अस्पताल मार्ग में स्थित लगभग दो दर्जन से अधिक ठेला व गुमटियों को हटाया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को दोबारा दुकान न रखने की नसीहत दी।अचानक हुई कार्रवाई से फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई दुकानदार कार्रवाई के डर से अपनी दुकान को छोड़कर गायब हो रहे थे। अधिकारी शुभम द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल के बाजू मरचुरी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दो से तीन बार की जा चुकी है। लेकिन कार्रवाई होने के कुछ ही दिन बाद ये दुकानदार दोबारा अपनी दुकानें उसी स्थान में जमा लेते है।उन्होंने कहा जाम से नागरिको को मिलेगा निजात।उन्होंने बताया गया कि जिला अस्पताल मार्ग में फुटपाथी दुकानदारों की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। जिसके कारण जिला अस्पताल से मरीजों को लेकर जाने वाली एम्बुलेंस सहित कई गाड़िया घंटे फंसी रहती थी। जिसकी वजह से मरीजों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता था।



# भिलाई निगम ने 26278 हितग्राहियो के घर तक पहुंचाया उपयोगी प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



विकसित भारत के संकल्प को हर घर तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में हमारे संगवारी द्वारा एक कॉल पर शासकीय सेवाए घर तक पहुंचायी जा रही है। इससे बिना परेशानी के सुगमता पूर्वक समय पर दस्तावेज और प्रमाण पत्र उपलब्ध हो जा रहे है। नागरिको की मूलभूत प्रमाण पत्र जो उनके दैनिक उपयोग के लिए बहुत आवश्यक है। घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के माध्यम से पहुंच रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में चल रही है। प्रदेश में भिलाई नगर निगम का तीसरा स्थान है। कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार शासन द्वारा जारी किये गये टोल फ्री नम्बर 14545 पर फोन करके अपने घर बैठे-बैठे मोर संगवारी सेवा के एजेंट को बुला सकता है, जो आवश्यक दस्तावेज घर से लेकर समय अवधि में घर पर ही प्रमाण पत्र बनवाकर पहुचा देता है। इस सुविधा का उद्देश्य है, नागरिको को आफिसो तक न आना पड़े। उनके समय की बचत हो। सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उनके घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के अंतर्गत मिल जाये। यह सभी वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्व हो रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 26278 प्राप्त आवेदन का निराकरण करके नागरिको को लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विवाह प्रमाण पत्र के कुल- 1969, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल-309, जन्म प्रमाण पत्र के कुल-376, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/ गुमस्ता लाइसेंस के कुल-314, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन के कुल-8648, पेनकार्ड सेवा के कुल-236, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल-10110, मूल निवासी प्रमाण पत्र के कुल-1169, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल-56, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल-254, आय प्रमाण पत्र के कुल-2428, एपीएल राशन कार्ड के कुल-151, विवाह सुधार प्रमाण पत्र के कुल-81 प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के कुल- 177 बनाकर घर तक पहुचाया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि प्रत्येक प्रमाण पत्र का शुल्क शासन द्वारा निर्धारित है। मोर संगवारी सेवा का एजेंट निर्धारित शुल्क लेकर हितग्राही को रसीद प्रदान करती है। मोर संगवारी सेवा घर पहुच सुविधा देने के लिए अतिरिक्त 50 रूपये पारिश्रमिक शुल्क लेता है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि घर बैठे बैठे आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है।

## चरोदा बस्ती भाटापारा के साथ दादर वार्ड के नागरिकों ने लिया शिविर का लाभ

# भिलाई-चरौदा निगम के दादर रोड में लगाया गया जनसमस्या निवारण पखवाडा

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देश तथा जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में नगर निगम भिलाई-चरौदा द्वारा सोमवार को दादर रोड चरौदा वार्ड क्रमांक-05 में जनसमस्या निवारण पखवाडा का आयोजन किया गया । इस तरह का निगम प्रशासन द्वारा आयोजित ये सातवां शिविर है। जिसमें वार्ड क्रमांक-05 दादर, वार्ड क्रमांक-21 चरौदा बस्ती, वार्ड क्रमांक-22 चरौदा भाटापारा के नागरिकों द्वारा अपनी मांग तथा शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गये। गौरतलब है कि महापौर परिषद सदस्य एवं पार्षद वार्ड क्रमांक-05 दादर मनोज कुमार, वार्ड क्रमांक-21 चरौदा बस्ती के पार्षद संजय यादव, वार्ड क्रमांक-22 चरौदा भाटापारा की पार्षद निशा राजेश यादव, वार्ड क्रमांक-23 के पार्षद ठेनेन्द्र ठाकरे, वार्ड क्रमांक-24 के पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा शिविर में अपने वार्ड के नागरिकों के साथ शामिल हुए। इनके साथ पूर्व पार्षद गिरजा शंकर बंछोर, राजेश यादव भी शिविर में उपस्थित रहें। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलित वाहन मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श का लाभ भी नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। साथ ही राजस्व से संबंधित मामलों का निराकरण करने क्षेत्र की पटवारी कुमुद ठाकुर एवं राजस्व निरीक्षक सुनीती निषाद मौके पर मौजूद रहे। शिविर में मांग 163 और शिकायत के 22 आवेदन प्राप्त हुए इस प्रकार कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 185 रही। जबकि शिविर के दौरान निराकृत किये गये आवेदनो की संख्या 65 तथा शेष 120 आवेदनों पर शासन द्वारा तय किये गये मानदंडों के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। निगम कमिश्नर डी एस राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर, सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ये सभी अधिकारी उपस्थित रहे। आजीविका मिशन काउंटर में यशवंत सिंह राजपूत, संपदा विभाग काउंटर में मनोज मैथिल, संपत्ति कर एवं राजस्व काउंटर में सहायक राजस्व निरीक्षक श्रृष्टि चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, आधार काउंटर में पवन सोनी, जन्म मृत्यु-विवाह काउंटर से अभिलाषा श्रीवास्तव-सहायक ग्रेड-03, राशन कार्ड काउंटर से ललित सिरमोर-सहायक राजस्व निरीक्षक एवं कविता यादव, आयुष्मान काउंटर में पुरानिक साहू-कंप्यूटर ऑपरेटर, लोक निर्माण विभाग काउंटर पर तोरण चंद्राकर समय पाल एवं सुखनंद यादव सहायक ग्रेड-03, जल कार्य काउंटर में पुरेन्द्र वर्मा-सहायक ग्रेड-3, समाज कल्याण काउंटर में विकास चंद्र त्रिपाठी-लिपिक, नरसिंग सपहा-सहायक, प्रधान मंत्री आवास योजना काउंटर से मुकेश यादव सहायक ग्रेड-03, टिकेन्द्र शर्मा-सीएलटीसी, अंकित साहू- सीएलटीसी, सफाई विभाग काउंटर में रवि वर्मा-स्वछता सुपरवाईजर इन सभी के द्वारा शिविर में अपना दायित्व का निर्वहन किया गया।

# संकुल स्तरीय पालक शिक्षक महा सम्मेलन किया गया




पायनियर संवाददाता ∢ पखांजूर
www.dailypioneer.com

शा.उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक महा सम्मेलन किया गया जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष मोनिका साहा, ज़िला उपाध्यक्ष बबलू सरकार, मण्डल अध्यक्ष श्यामल मण्डल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर सरकार, राजेश नायर, जितेश मुखर्जी, गणेश साहा, रमेश नाग, कार्तिक बिस्वास, शिरगु बाई, गीता रानी हालदार, संगीता काँगे नगरपंचायत पखांजूर के पार्षदगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए शंकर सरकार ने पालकों और शिक्षकों के बीच सामंजस्व से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सर्वांगीण विकास होना संभव है बताया है पालकों को शिक्षकों के साथ मिलकर अपने बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों का उज्वल भविष्य निर्माण करना है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस विशेष पहल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगी भिविन्न क्षेत्र में बच्चे आगे बढ़ेंगे प्रदेश की नाम रोशन करेंगे।

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया युद्ध का खतरा

**पश्चिम एशिया** में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है जहां हमास नेता की हत्या के बाद ईरान-समर्थित 'मिलिशिया' ने इस्राइल पर हमला किया है। ईरान-समर्थित मिलिशिया के इस्राइल के साथ टकराव के बाद दुनिया के प्रमुख अशांत क्षेत्रों में शामिल पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। इस्राइल-फिलिस्तीन टकराव लंबे समय से पश्चिम एशिया में तनाव का केन्द्र बिंदु रहा है जिसमें अनेक राज्य व गैर-राज्य कारक शामिल रहे हैं। हाल ही में वरिष्ठ हमास नेता की हत्या के बाद स्थिति में नाटकीय परिवर्तन आया है। इसने हिंसक प्रतिक्रिया और जवाबी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है। इस्राइल के खिलाफ आतंकी कार्रवाई को अंजाम देने वाले हमास नेता की हत्या एक गोपनीय कार्रवाई में हुई जिसकी जिम्मेदारी इस्राइल पर डाली जा रही है। हमास ने इसका बदला लेने की कसम खाई और जल्द ही इस्राइल के नागरिक इलाकों पर बड़ी संख्या में राकेट दागे। हालांकि, इस्राइल की 'आयरन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली ने इसमें से अधिकांश को मार गिराया। हवाई हमलों और राकेट हमलों के कारण दोनों पक्षों के अनेक लोग हताहत हुए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। लेबेनान और सीरिया से ईरान-समर्थित मिलिशिया के युद्ध में कूद जाने से स्थिति और जटिल हो गई है। लेबेनान के शक्तिशाली और ईरान-समर्थित शिया चरमंथी समूह हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में अनेक राकेट हमले किए। इसी प्रकार सीरिया की अनेक मिलिशिया ने भी कार्रवाइयां तेज की हैं ओर वे इस्राइल के सैनिक ठिकानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों पर निशाना लगा रही हैं। इन मिलिशियाओं का हमास तथा अन्य फिलिस्तीनी समूहों से लंबे समय से संबंध है और अक्सर उनको ईरान से वित्तीय, लाजिस्टिकल और सैनिक समर्थन मिलता है। वर्तमान समय में स्थिति की गंभीरता को ईरान द्वारा अपनी सीमावर्ती रणनीति के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है जो इस्राइली सैनिक प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है।



इसकी प्रतिक्रिया में इस्राइल ने अपनी सैनिक कार्रवाइयां तेज कर दी हैं। गाजा में हवाई हमले तेज तथा ज्यादा विनाशकारी हुए हैं और इनसे न केवल सैनिक ठिकानों, बल्कि सिविलियन ढांचागत संरचनाओं को भी निशाना बनाया गया है। उत्तरी इस्राइल में भी सैनिक गतिविधियां तेज हुई हैं। हताहत सिविलियनों की संख्या बढ़ रही है तथा गाजा में पहले से ही खराब स्थिति और खराब हुई है। वास्तव में पश्चिम एशिया में स्थिति अत्यन्त विस्फोटक है और किसी भी समय पूर्ण युद्ध के पूरे क्षेत्र में फैलने का खतरा बना हुआ है। यह समय किसी के 'सही' और 'गलत' होने का आंकलन का नहीं है, बल्कि तनाव घटाने के लिए सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ और सुरक्षा परिषद को फौरन कार्रवाई करते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने का अनुरोध करना चाहिए। युद्ध रोकने में असफल रहने पर संयुक्त राष्ट्रसंघ का सम्मान गिरेगा और वह वर्तमान विश्व व्यवस्था में अप्रासांगिक हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समझाना चाहिए। अमेरिका ने इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है तथा पूर्ण युद्ध से बचने की चेतावनी दी है। यूरोपीय देशों ने भी ऐसी ही भावनायें व्यक्त करते हुए तत्काल युद्धविराम और शांति वार्ता बहाली का अनुरोध किया है। पश्चिम को युद्ध के खिलाफ स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। ईरान ने हत्या की निन्दा करते हुए मिलिशियाओं द्वारा इस्राइल पर हमले को उचित ठहराया है। ऐसे में स्थिति पर नियंत्रण तथा जीवन व संपत्ति का विनाश रोकने के लिए तत्काल राजनयिक प्रयास होने चाहिए। दुनिया को बहुत देर होने से पहले कार्रवाई करनी चाहिए।

# पर्यटन की अधिकता से समस्या

**दुनिया भर में पर्यटन की अधिकता एक बड़ी समस्या बन रही है। पर्यटकों की अधिकता से स्थानीय निवासियों तथा पर्यटन स्थलों पर काफी कठिनाइयां पैदा होती हैं।**



अर्चना दत्ता
(लेखिका, दूरदर्शन की पूर्व महानिदेशक हैं)



**दुनिया भर** में पर्यटन की अधिकता एक बड़ी समस्या बन रही है। पर्यटकों की अधिकता से स्थानीय निवासियों तथा पर्यटन स्थलों पर काफी कठिनाइयां पैदा होती हैं। हाल ही में स्पेन के बार्सीलोना में पर्यटकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले हजारों निवासियों ने पर्यटकों से 'घर जाने' को कहा। उन्होंने विरोध में तख्तियां लहराते हुए बाहर खाना खाने वालों पर वाटर गन से पानी फेंका। वे इस बात से गुस्सा थे कि पर्यटकों की संख्या बढ़ने से महंगाई बढ़ी है तथा स्पेन के सर्वाधिक पर्यटक आने वाले स्थल पर सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव बढ़ा है। न केवल बार्सीलोना, बल्कि वेनिस में भी रोज आने वाले पर्यटकों को हतोत्साहित करने के लिए पांच यूरो 'प्रवेश शुल्क' लगाया गया है।

इसके पीछे उद्देश्य सीमित स्पेस में भीड़ से बचने तथा सार्वजनिक संसाधन बचाना है। जापान में भी माउंट फूजी को देखने से बचाने के लिए विशाल पर्दा लगाया गया है ताकि पर्यटकों को इस दर्शनीय स्थल पर भीड़ लगाने से रोका जा सके। अपने देश में कर्नाटक के चिकमंगलूरू में पुलिस ने पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के अराजक व्यवहार से बचाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। हालांकि, लोग शताब्दियों से यात्रायें कर रहे हैं और परंपरागत रूप से उनका आतिथेय देशों ने स्वागत किया है। भारत में पहले से 'अतिथि देवो भव' की भावना व्याप्त रही है जिसके अंतर्गत अतिथियों को देवता मान कर उनका स्वागत किया जाता है। पिछले वर्षों में पर्यटन के रूप में यात्रा एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र के रूप में उभरी है। वैश्विक हवाई कनेक्टिविटी में वृद्धि तथा प्राचीन स्थलों पर यात्रा के बढ़ते आकर्षण के साथ ही इंटरनेट से जुड़ी दुनिया में एडवेंचन व आराम के लिए पर्यटकों की संख्या में असाधारण वृद्धि हुई है। लेकिन अंततः इसके कारण स्थानीय लोगों में 'पर्यटक फोबिया' विकसित हुआ और उनको सामाजिक रूप से अस्वीकार किया जाने लगा। स्पेन तथा अन्य स्थानों पर यही हो रहा है।

2019 में 1.5 बिलियन अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया था जो पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक था। ऐसे में विश्व पर्यटन संगठन-डब्लूटीओ ने पर्यटकों की वृद्धि के प्रबंधन की बात कही क्योंकि 'पर्यटकों की इतनी भीड़ा का जिम्मेदारी से प्रबंधन कर दुनिया भर में समुदायों को पर्यटन का सर्वोत्तम लाभ दिलाया जा सके।' इस प्रकार पर्यटकों की वृद्धि को 'किसी क्षेत्र में आगंतुकों की अत्यधिक वृद्धि' के रूप में देखा गया 'जहां निवासियों को उनके नकारात्मक परिणामों का सामना करना पड़ता है। इनमें उनकी जीवनशैली में स्थाई परिवर्तन, नागरिक सुविधाओं तक पहुंच से इनकार तथा आम बेहतरी में कमी' शामिल हैं। इसके सामाजिक आयाम भी हैं जिनके कारण 'स्थान-व्यक्ति संबंधों में बाधा आती है तथा निवासियों के दृष्टिकोण में पर्यटन के प्रति बदलाव आता है।' अत्यधिक पर्यटन से शहरी जीवन 'ज्यादा दबाव व तनाव वाला' हो जाता है तथा महिलाओं को 'सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा की चिन्ता' पैदा हो जाती है। लेकिन वर्तमान समय में विमर्श मुख्यतः 'टिकाऊपन' के मुद्दे पर केन्द्रित है क्योंकि ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने वाले स्थल मुख्यतः संवेदनशील परिस्थितिकी तंत्रों में स्थित हैं। पर्यटन क्षेत्र द्वारा मुख्यतः पानी का भारी दुरुपयोग होता है जो मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन है। इससे क्षेत्र का जल चक्र प्रभावित होता है। जंजीबार में एक औसत परिवार प्रति दिन लगभग 93 लीटर पानी का उपयोग करता है, जबकि गेस्टहाउस में प्रति कमरे पर पानी का उपयोग लगभग 686 लीटर है जो 7 गुना अधिक है। शानदार पंच सितारा होटलों में यह उपयोग प्रति दिन 3000 लीटर से अधिक हो सकता है। यूरोप के लिए फलों और सब्जियों के मुख्य उत्पादक स्पेन को पानी उपयोग के लिए दो प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों से प्रतियोगिता करनी पड़ती है जिनमें पर्यटन और कृषि शामिल हैं। 2022 के एक अध्ययन में कहा गया था कि पानी की कमी से महिलायें सर्वाधिक प्रभावित होती हैं क्योंकि इससे उनके दैनिक कामकाज सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।

एक पर्यटक आमतौर से नए स्थान में जाने पर प्रति दिन औसतन एक से 12 किलो तक ठोस कचरा पैदा करता है जो वहां की स्थिति, आवास के प्रकार, व्यक्तिगत पसंद तथा ठहरने के चरित्र पर निर्भर करता है। यदि वर्तमान प्रवृत्तियां जारी रहीं तो पर्यटन के कारण 2050 तक ठोस कचरे में 251 प्रतिशत वृद्धि होगी। क्रूज़ शिप सर्वाधिक प्रदूषणकारी हैं और उनके कारण पैदा सीवेज से कोरल रीफ प्रभावित होती हैं। मैक्सिको के पर्यटन उद्योग के कारण कैरीबियन तट को खतरा पैदा हो गया है तथा प्रदूषण के कारण मेसेअमेरिकन रीफ के 80 प्रतिशत कोरल नष्ट हो गए हैं। 2023 में यूनान के लगभग 15 हजार जनसंख्या वाले सैंटोनिनी द्वीप में लगभग 800 क्रूज़ शिप पहुंचे जिसके कारण कालेडेरा के निकट प्रदूषकों की पर्त जम गई। लेकिन इन सबके बावजूद पर्यटन एक आर्थिक शक्ति है। यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र-टीएंडटी को 2019 में गति मिली। उसने कुल रोजगार में 10 प्रतिशत या 334 मिलियन का सृजन किया तथा वैश्विक जीडीपी में 10.4 प्रतिशत या 10.3 ट्रिलियन डालर का योगदान किया। भारत में 2019 में टीएंडटी क्षेत्र लगभग 194.3 बिलियन डालर का था जिसने जीडीपी में 8 प्रतिशत का योगदान किया तथा 40 मिलियन लोगों को रोजगार दिया। 2033 तक पर्यटन उद्योग के विश्व अर्थव्यवस्था में 11.6 प्रतिशत हिस्से की उम्मीद है। हालांकि, इस क्षेत्र में कार्यबल में महिलाओं का हिस्सा 54 प्रतिशत है, पर वे ज्यादातर कम कुशल, कम वेतन प्राप्त करती हैं और अक्सर अनौपचारिक क्षेत्र में हैं। अब कुछ शहरों ने पर्यटन को बाजार से अलग करने के लिए नये या संशोधित कराधान की व्यवस्था की है।

लेकिन पर्यटन की वृद्धि पर लगाम लगाना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। इससे वे स्थानीय अर्थव्यवस्थायें संकट में पड़ सकती हैं जो पर्यटन पर निर्भर हों। म्यांमार के 'मंदिरों वाले शहर' बागान में यही हुआ है। यहां लोग पर्यटकों के न आने के कारण दो वक्त की रोटी जुटाने में भी संकटों का सामना कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि म्यांमार आजकल गृह युद्धों का सामना कर रहा है। हालांकि, विनाशकारी पर्यटन विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक भी हो सकता है। 1987 में 'ब्रंडलैंड रिपोर्ट' में यह तथ्य रेखांकित करते हुए 'बेहतर भविष्य के लिए निर्माण' पर जोर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि हमें 'पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने' के आगे विचार करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने पर्यटन से जुड़ी सभी चीजों पर समग्र रूप से विचार का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने पूरे पर्यटन परिस्थितिकी तंत्र में जीवन्त व्यवस्थाओं की समग्र समझदारी की बात कहीं है क्योंकि सभी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हैं। इनमें सरकार, निजी क्षेत्र, स्वयंसेवी क्षेत्र तथा समुदाय शामिल हैं। पर्यटन उद्योग के कारण प्राकृतिक संसाधनों, जैसे पानी के अत्यधिक उपयोग तथा इसके कारण पैदा कचरे व पर्यावरण प्रदूषण पर गौर करते हुए पर्यटन उद्योग के लिए नए तरीके खोजने होंगे। पर्यटन और पर्यटकों के कारण स्थानीय निवासियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और दबावों पर गौर करना सबसे जरूरी है। इन स्थितियों को देखते हुए पर्यटन उद्योग को नए तरीकों और कार्यविधियों के अनुसार काम करना होगा। पर्यटन उद्योग को अब तक व्याप्त परंपरागत 'बनाओ, प्रयोग करो और फेंको' की रणनीति से अलग हटना होगा क्योंकि इसके कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ता है तथा प्रदूषण फैलने के साथ स्थानीय समुदायों में पर्यटकों के प्रति गुस्सा बढ़ सकता है। पर्यटन उद्योग को 'बनाओ, प्रयोग करो और फेंको' की एकरेखीय विनाशकारी माडल के स्थान पर स्वयं को एक ऐसी चक्रीय अर्थव्यवस्था के माडल में फिट करना होगा जहां 'पुनः प्रयोग और कचरा-रहित व्यवस्था' पर जोर देना होगा। विश्व पर्यटन संस्था के अनुसार समय आ गया है कि पर्यटन क्षेत्रों को पुनः सृजन के रास्ते पर चलते हुए अंतर-पीढ़ी समानता पर जोर देना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारे पृथ्वी ग्रह की भावी पीढ़ियों को कोई कष्ट न उठाना पड़े।

# छत्तीसगढ़ में मुख्यधारा से जुड़ता आदिवासी समुदाय

डॉ ओमप्रकाश डहरिया,
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
रायपुर

**जन**जाति समुदायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। यह दिन आदिवासियों को इनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने और उन्हें मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए चहुंमुखी प्रयास के लिए प्रण लेने का दिन है।

छत्तीसगढ़ में वन और सदियों से निवासरत आदिवासी राज्य की विशेष पहचान रहे हैं। प्रदेश के लगभग आधे भू-भाग में जंगल है, जहां मेला-महोत्सव के जरिए गौरवशाली आदिम संस्कृति फूलती-फलती रही है। उनकी कला, संस्कृति, लोक परंपरा, रीति-रिवाज, रहन-सहन तथा वेशभूषा से उन्हें देश-दुनिया में एक नई पहचान मिली है। जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत उनके दैनिक जीवन, तीज-त्यौहार, धार्मिक रीति-रिवाज एवं परंपराओं के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। बस्तर के जनजातियों की घोटुल प्रथा प्रसिद्ध है। जनजातियों के प्रमुख नृत्य गौर, कर्मा, ककसार, जशपुर और सरगुजा के शैला नृत्य सहित प्रदेश के सरहुल और परब जन-जन में लोकप्रिय हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं आदिवासी समाज से है उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने राज्य की आदिम संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्य धारा में लाने तथा अंतिम छोर के व्यक्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के 5 जिले सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर में नियद नेल्लानार से तात्पर्य ÷आपका आदर्श ग्राम÷ योजना जैसी अभिनव योजना संचालित की जा रही है। इस योजना इन जिलों में स्थापित सुरक्षा कैम्पों के आसपास के पांच किलोमीटर की परिधि में संचालित हो रही है। ग्रामीणों को राज्य और केन्द्र शासन द्वारा संचालित 52 योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। ग्रामीणों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनजाति समुदायों सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा और

विश्व आदिवासी दिवस



विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जनमन योजना का आदिवासी वनांचलों में बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना में 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना में प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों (पीवीटीजी) बसाहट के आस-पास शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति-प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जा रहे हैं। सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र भी दिए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जनमन योजना में पक्के घर का प्रावधान, पक्की सड़क, नल से जल, समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण-आहार, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्द्धन हेतु कौशल विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत् प्रदेश में व्यापक स्तर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में आदिवासी समुदाय को जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के प्रणेता गुंडाधुर जी की स्मृति में वनों की सुरक्षा की पहल शुरू की है। इसमें आदिवासी समाज के लोग स्व प्रेरणा से योगदान दे रहे हैं।

## आप की बात

### शांति की गारंटी

**ईरान,** हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नए दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। इजरायल ने अपने देश पर आतंकी हमले की योजना बना कर उसे क्रियान्वित करने वाले सर्वोच्च हमास नेताओं का सफाया किया है। लेकिन इसका खामियाजा इन देशों के बीच नए युद्ध की शुरुआत के रूप में पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। इसराइल के तेवर इतने सख्त हैं कि इस बार वह अपने देश के जन्म के समय से ही अस्तित्व पर संकट बनने वाली शक्तियों का सफाया करने पर आमादा है। हालांकि, इजरायल के अनेक नागरिक भी इन युद्धों से त्रस्त हो चुके हैं, पर वे अपने देश के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। इस्राइल को अपनी आत्मरक्षा का अधिकार है, लेकिन इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि गाजा में अनेक निरपराध बच्चे तक उसके हमलों में मारे गए हैं। इससे दुनिया का एक बड़ा हिस्सा इस्राइल का विरोधी हो रहा है। विश्वकी 80 प्रतिशत से अधिक जनता चाहती है कि दुनिया में किसी प्रकार का कोई युद्ध न हो। लेकिन इसके लिए स्वतंत्र फिलिस्तीन के साथ ही आतंकवाद व चरमपंथ से सुरक्षित इस्राइल को भी वैश्विक गारंटी की जरूरत है। इस्राइल व फिलिस्तीन के मित्र भारत का भी यही दृष्टिकोण है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण पर विमर्श

**सुप्रीम कोर्ट** का एससी-एसटी आरक्षण पर निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि हम इस पर बहस करें और इसके प्रभावों को समझें। आरक्षण का उद्देश्य सामाजिक न्याय और समानता स्थापित करना है, लेकिन आज यह प्रणाली कुछ चुनौतियों का सामना कर रही है। आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुँच पा रहा है। देखा गया है कि शहरी और आर्थिक रूप से सक्षम लोग इस व्यवस्था का फायदा उठा रहे हैं, जबकि ग्रामीण और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों के लोग इससे वंचित रह जाते हैं। आरक्षण प्रणाली में धांधली और भ्रष्टाचार के कारण इसका उद्देश्य विकृत हो गया है। इसलिए एक सख्त और पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आरक्षण का लाभ केवल उन लोगों को मिले जो वास्तव में इसके हकदार हैं। इसके लिए एक स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन किया जा सकता है जो इस प्रक्रिया की नियमित समीक्षा करे। आरक्षण की प्रणाली का दुरुपयोग रोका जाए। आरक्षण एक अस्थायी उपाय है। इसका उद्देश्य समाज में समानता लाना है, न कि स्थायी रूप से वर्ग भेद को बढ़ावा देना। इस परिप्रेक्ष्य में आरक्षण की अवधि और उसकी समीक्षा आवश्यक है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### बांग्लादेश में हिंसा

**बांग्लादेश** पिछले कुछ हफ्तों से हिंसा एवं आगजनी की चपेट में है। कहा जाता है कि वहां के बेरोजगार एवं युवा छात्र नियुक्तियों में मुक्ति संग्राम में शहीदों के परिजनों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ सड़कों पर थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण की सीमा बहुत कम करने के बाद हिंसा समाप्त हो जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लगता है कि आरक्षण के बहाने कुछ तत्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। हालिया हिंसा में कुल मिलाकर 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। अब हिंसक भीड़ आरक्षण के बजाय हसीना को सत्ता से बेदखल करने की मांग कर रही है। इस घटनाक्रम को देखते हुए शेख हसीना ने ऐसे तत्वों को आतंकी बताते हुए जनता से इनसे कठोरता से निपटने का आह्वान किया है। शेख हसीना के आह्वान से स्पष्ट है कि वे ऐसे तत्वों से केवल पुलिस व प्रशासन के बजाय सीधे जमीनी स्तर पर निपटना चाहती हैं। यह स्थिति बांग्लादेश के लिए खतरनाक होने के साथ ही भारत के लिए भी चिन्ताजनक है। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि बांग्लादेश में अराजकता व हिंसा बढ़ने के बाद भारत में 1971 की तरह एक बार फिर आप्रवासियों की बाढ़ आ सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी की रेटिंग

**अत्यंत हर्ष** की बात है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रियता में दुनिया की नजर में एक बार फिर 69 अप्रूवल रेटिंग पाकर टॉप सितारे बन गए, किन्तु अफ़सोस कि देश में विपक्ष को वे जोगड़े ही नजर आ रहे हैं। तभी तो सारा विपक्ष उनके खिलाफ है और उन्हें हटाने के लिए कुछ भी करने के लिए एकजुट हो गया है। रोज-रोज मोदी पर किसी न किसी बहाने छींटाकशी करता रहता है। विडंबना है कि भारत की प्रगति की गति तेज करने तथा इसे निवेश का आकर्षक स्थल बनाने के कारण जिन नरेन्द्र मोदी की कद्र दुनिया कर रही है उन्हें विपक्ष कमतर समझ रहा है। विपक्ष का यह व्यवहार एक पुरानी कहावत याद दिलाता है-घर का जोगी जोगड़ा आन गाँव में सिद्ध। लेकिन मोदी विपक्ष की इस हायतोबा को अनदेखा कर अपने उस चुनावी वादे की याद दिला रहे हैं कि दस साल के काम तो ट्रेलर हैं और असली पिक्चर अभी बाकी है। मोदी सरकार पूरी तेजी के साथ काम कर रही है और उसकी स्थिरता को लेकर कोई खतरा नहीं है। हाल में अमित शाह ने कहा है कि मोदी 2029 में चौथी बार प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनेंगे।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# समय पर नहीं खुलती राशन दुकान, अधिकारी जानकर भी बने अनजान



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में लगभग पांच सौ उचित मूल्य की दुकानें संचालित है। जहां से राशनकार्ड धारियों को चावल, शक्कर, चना, नमक और मिट्टी तेल किफायती दर पर वितरण किया जाता है। दुकान को नियमित रूप से खोलने के लिए कलेक्टर ने निर्देश भी जारी किया है बावजूद जिले के राशन दुकान निर्धारीत समय पर नही खुलता। जिसके चलते राशनकार्ड धारियों को समय पर सामग्री नही मिल पाता। दुकानों की नियमित निरीक्षण के लिए खाद्य निरीक्षक की भी नियुक्त किया गया है बावजूद दुकान नही खुलता और हितग्राहियो को नियमानुसार सामग्री भी वितरण नही किया जाता।

### निर्धारित समय पर नही खुलती राशन दुकान

कबीरधाम जिले में चार विकासखण्ड है। जिसमे 496 ग्राम पंचायत है और नगरीय निकाय भी है। इन सभी को मिलकर लगभग पांच सौ से ऊपर उचित मूल्य की दुकानें जिला में संचालित है। कई जगहों पर एक ही विक्रेता दो या तीन दुकानों में राशन सामग्री का वितरण करता है जिसके चलते माह में तीन या चार दिन ही दुकान खुल पाती है। जिसके चलते राशनकार्ड धारियों को चावल शक्कर चना नमक नही मिलता। विभागीय वेबसाइट में जानकारी वितरण की आनलाइन देखा जा सकता है। इसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है बावजूद नियमित दुकान नही खुल पाती।

### उचित मूल्य की दुकानों में चावल का स्टॉक कम

उचित मूल्य की दुकानों का संचालन की जिम्मेदारी महिला स्वा सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति, सरपंच ग्राम पंचायत, वन सुरक्षा समिति के द्वारा किया जा रहा है। जिले के कुछ दुकानों में चावल की हेरा फेरी किया गया है। दस्तावेज में जितना राशन सामग्री उपल्ब्ध है उतना गोदाम में नही है। जिसके चलते राशनकार्ड धारियों को सामग्री सही समय पर उपलब्ध नही हो रहा है। इसकी जानकारी सभी जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों को भी है बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। जो समझ से परे हैं। उन दुकानदारों को केवल नोटिस थामकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर रहे हैं। जिले में संचालित दुकानों का भौतिक सत्यापन कराने की आवश्यकता है।

### विक्रेता अगले माह के आबंटन का करते है इंतजार

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सभी उचित मूल्य की दुकानों का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए शासन के द्वारा आगामी माह का आबंटन चालू माह के दस तारिक को कर दिया जाता है। जारी आबंटन को परिवहन कर्ता के द्वारा माह के अंतिम तिथि तक संबंधित दुकान में भंडारित कर देता है जिससे माह लगाते ही कार्ड धारियों को सामग्री वितरण किया जा सके लेकिन जिन राशन दुकान में चावल की हेरा फेरी के चलते स्टॉक कम है उनके द्वारा आगामी माह का भंडारित सामग्री को मौजूदा माह में वितरण किया जा रहा है। जो भी उचित मूल्य की दुकानें 15 तारिक की बाद खुलता है वहां के संचालक आगामी माह का चावल को वितरीत करता है ।

### जिम्मेदारों को है जानकारी बावजूद मौन

संचालित उचित मूल्य की दुकानों में कितना राशन सामग्री कम है उसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है बावजूद उन पर कार्यवाही करने के बजाए संरक्षण दिया जा रहा है और उनसे मोटी रकम लेकर उनको बचाया भी जा रहा है। अधिकारियों के पास शिकायतें आने के बावजूद संचालकों को संरक्षण दिया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व सहसपुर लोहारा मुख्यालय सहित अन्य दुकानें की गड़बड़ी की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था इसी प्रकार पंडरिया विकासखंड में कार्ड धारियों को कनकी और बोड़ला में तो दुकान संचालक ने प्रति कार्ड तीन से चार किलो कम चावल देने की जानकारी भी खूब सुर्खियों में रही है। कवर्धा विकासखंड भी कोई अछूता नहीं है।

### भौतिक सत्यापन की आवश्यकता

राशन की चोरी रोकने के लिए तरह तरह की योजनाएं बनाई गई है लेकिन चोर उसका तोड़ निकल ही लेता है। चोरी रोकने के लिए सभी उचित मूल्य की दुकानों में सी सी टी वी कैमरा लगाने की आदेश जारी हुआ अब पौष मशीन लगाया गया है। जिसमे हितग्राहियों के निर्धारीत मात्रा से कम और ज्यादा सामग्री नही दे सकते लेकिन दुकानदार इसका भी विकल्प निकल लिया है और सर्वर का बहाना बनाकर दुकान में दो माप तौल करने काटा लगा लिया है। जिले के उचित मूल्य की दुकानों में टीम बनाकर भौतिक सत्यापन कराने से अनेक प्रकार की अनियमितताएं उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई स्व.शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा बस्तर टाइगर स्व.शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम स्व.कर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा ,उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर , मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह एवं संतोष पांडेय , जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदंड , झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रदीप बबलू , असंगठित कामगार मजदूर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रामू शर्मा , अल्पसंख्यक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रूबी एन्थोनी , युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष परितोष हंसपाल , किसान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष नोमेश रामटेके , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव बसंत साहू एवम अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में मनाया गया दीक्षारंभ समारोह



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में नई शिक्षा नीति के तहत दीक्षा रम्भा कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि नीतू कोठारी उपस्थित रहीं। साथ ही महाविद्यालय में पालकों की भी उपस्तिथि रही। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना और राजकीय गीत के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ विनिता गौतम जी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों, नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। मुख्य अथिति नीतू कोठारी ने महाविद्यालय की छात्राओं को प्रेरित किया तथा नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को मन लागाकर पढ़ने एवं कठिन परिश्रम करने की सिख दी तत्पश्चात नवप्रवेशित छात्राओ का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विवेक कुमार देवांगन स.प्रा. ने नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों एवं महत्व से छात्रों को अवगत कराना था। साथ ही नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित कोर्स के बारे में जानकारी प्रदान की गई। आभार प्रदर्शन स.प्रा. सरस्वती चौहान द्वारा किया गया एवं पालकों अतिथियों तथा प्राचार्या द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कुम्हारी में निकाली गयी भव्य कावड़ यात्रा

### श्री राम लिंगेश्वर मंदिर में किया गया जलाभिषेक



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सावन का मास चल रहा है, भगवान शंकर को यह माह अत्यंत प्रिय है। भक्तगण भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ में जल लेकर भगवान को अर्पित करते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला दुर्ग के कुम्हारी प्रखंड में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गयी। जिसमें बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ता, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की महिलाएं और साथ ही सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। यह कांवड़ यात्रा कुम्हारी वार्ड क्रमांक 18 श्री राम लिंगेश्वर मंदिर से खारून नदी तक पदयात्रा कर नदी से जल ले कर वापस श्री राम लिंगेश्वर मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया गया। यह कांवड़ यात्रा प्रवीण राव जिला सह मंत्री के नेतृत्व में किया गया। इस कांवड़ यात्रा में कुम्हारी नगर के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, नगर के संयोजक कुणाल शर्मा, मंत्री हरीश सोनी, रवि साहू, गोपाल राव, अनिल निखाड़े, गणेश यादव, मनोज यादव, हेमंत यादव, सुनील यादव, दुर्गा राव, शंकर राव, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के उत्साही और ऊर्जावान कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन सम्पन्न



### दो युवाओं अमृतपाल सिंह और निकिता सिंह ने प्रदर्शित किया उत्कृष्ट खेल कौशल

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

बैडमिंटन टूर्नामेंट में अमृत और निकिता ने उत्कृष्ट खेल कौशल से प्रभावित करते हुए फाइनल मैच में भावेश और नितिन राठी को शानदार टक्कर दे कर पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया वहीं भावेश और नितिन राठी दूसरे स्थान पर रहे । कुम्हारी नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र में माल्यार्पण कर राष्ट्रगान से किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमृत पाल सिंह, निकिता सिंह का रहा और द्वितीय स्थान भावेश राठौर, नितिन राठी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया जिसमें 40 प्रतिभागी थे सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता के मैच रेफरी सुमित खोडियार और संतोष राठौर (मोनू) थे । प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने में आयोजन समिति के प्रकाश गज्जर, अंकित बघेल, भूपेंद्र यादव, विवेक राय, अविनाश कुशवाहा, भूपेंद्र राजपूत आदि ने यथासंभव प्रयास किया जिसकी नगर में लोगों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई । आयोजन समिति के प्रकाश गज्जर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होने वाले इस आयोजन का प्रयोजन युवाओं और बच्चों को खेल के प्रति आकृष्ट और प्रेरित करना होता है इस बात का प्रमाण इस प्रतियोगिता के युगल युवा विजयी खिलाड़ी हैं ।

## कोबिया स्कूल में साइकिल मिलने से बालिकाओं के स्कूल छोड़ने में आई कमी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल कोबिया में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9 वी छात्राओं को साइकिल वितरित की गई पार्षद साधेलाल बघेल, ने कहा कि इसमें छात्राओं की शिक्षा की राह आसान हुई है। अब छात्राओं को स्कूल आने जाने में परेशानी नहीं होती है। बालिकाओं के स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है। प्राचार्य जांगड़े ने कहा कि साइकिल वितरण से बालिकाएं अब अधिक आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं उत्साह के साथ स्कूल आना जाना करेगी इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश वर्मा, पार्षद साधेलाल बघेल, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा, शहर महामंत्री संतोष वर्मा, पूर्व पार्षद मदन वर्मा, दुखित पाल, बलराम वर्मा, कृष्णा वर्मा, ओमकार मानिकपुरी, भटनागर, प्रचार्य अवन कुमार जांगड़े, राजकुमार सिरशहा, सुषमा ठाकुर, संजय शर्मा, खलखो मैडम व समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## समाधान महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एनईपी 2020 पर आधारित दीक्षारंभ समारोह का आयोजन कराया गया। इस समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे से किया गया किया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों, कक्षा कैंपस एंबेसडर एवं पालको का सम्मान महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष व सहायक प्राध्यापकों द्वारा तिलक लगाकर किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के आईएएस, पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रदेश प्रभारी पर्यावरण विभाग गणेश शंकर मिश्रा रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि एनईपी के माध्यम से सरकार हमें जागाने का प्रयास कर रही है। नई शिक्षा नीति 20 का मुख्य उद्देश्य मैकाले की शिक्षा नीति को रूपांतरित कर देश की प्राचीन संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप शिक्षा व दीक्षा ग्रहण कराना है। हम अपने देश के प्राचीन इतिहास के सांस्कृतिक मूल्यों को पहचाने अर्थात् विद्या से विनय एवं विनय से विवेक प्राप्ति हेतु तत्पर रहे। हमारे आध्यात्म की संस्कृति धर्म,अर्थ व काम के मध्य उचित समन्वय लाकर मोक्ष को प्राप्त करें। विद्यार्थियों को निरंतर कर्मशील रहने एवं गरिमा पूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डाइट के सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. बसुबन्धु दीवान रहे। उन्होंने शिक्षा एवं दीक्षा के मध्य अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि शिक्षा से सामान्य ज्ञान व दीक्षा से स्वतः निर्मित नवीन ज्ञान की प्राप्ति होती है एवं मध्यस्थ दर्शन पर आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा के आदर्श मूल्यों को जीवन में लाने हेतु प्रेरित किया। हमें वर्तमान में बुद्धिमान के साथ हृदयवान लोगों की परम आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षा का सार जीवन में सुकून को प्राप्त करना हैं। एनईपी 20 के संबंध में विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए रंगोली एवं भाषण कराया गया। इस भाषण में बीएससी (सीएस) के छात्र यज्ञांश तिवारी ने नई शिक्षा नीति के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में सरकार द्वारा सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक मूल्यों की शिक्षा का भी समावेश किया गया हैं। लोगों की जागरूकता स्वच्छता एवं सहभागिता की ओर बढ़ी हैं। इन व्यावहारिक मूल्यों की निरंतरता को लाकर शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय अपने नाम के अनुरूप सहयोग व परस्परता के साथ निरंतर कार्य कर रहा है। बेमेतरा जिले में हमने अच्छी सोच के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया था। महाविद्यालय शैक्षिक उन्नति एवं औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते हुए, आपको एक प्लेटफार्म प्रदान कर रहा है। महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष एवं भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए उत्साहित एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर एमएसएमई पीसीआई के अध्यक्ष भीम शंकर यादव, एमएसएमई पीसीआई के उपाध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल, महाविद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू एवं एनईपी को-ऑर्डिनेटर नंदनी वर्मा को बनाए जाने पर महाविद्यालय की ओर से शॉल, डायरी, प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह, शॉल, डायरी एवं श्रीफल से किया गया। एनईपी को-ऑर्डिनेटर नंदनी वर्मा ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों, मुख्य प्रावधानों, विशेषताओं एवं लाभों तथा आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक राजेंद्र वर्मा ने सूक्ष्मता से एनईपी के करिकुलम, परीक्षा के पैटर्न, रिसर्च एवं इंटर्नशिप से अवगत कराया।

## पहली बारिश ने खोली निर्माण कार्य के गुणवत्ता की पोल

### साढ़े 3 करोड़ से अधिक लागत से दो माह पूर्व बनी 5 साल की गारंटी वाली नहर लाइनिंग चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, जगह जगह से टूटी





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

**पायनियर पड़ताल**

जिले में पहली बारिश ने हुए निर्माण कार्य के गुणवत्ता पीओकी पोल खोल कर रख दी है। साढ़े 3 करोड़ से अधिक लागत से दो माह पूर्व बनी 5 साल की गारंटी वाली नहर लाइनिंग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम भरदाकला से चीरचार तक 8 किमी तक नहर लाइनिंग जगह जगह से टूट गई है। साफ नज़र आ रहा है कि गुणवत्ता को ताक में रखकर ठेकेदार के द्वारा कार्य किया गया है। 8 किमी तक बनी लाइनिंग कार्य में ठेकेदार के द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। स्तरहीन कार्य किये जाने का आरोप भी क्षेत्र के ग्रामीण किसान लगा रहे है। इस साढ़े 3 करोड़ से अधिक लागत से बनी नहर लाइनिंग में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। इतना ही नही कार्य स्थल पर कही भी सूचना पटल की जानकारी प्रदर्शित नही की गई हैं। जिसके साथ ही जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे है। वही निर्माण कार्य जांच के दायरे में है। दरअसल गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में खरखरा-मोहंदीपाठ नहर नाली से ग्राम भरदकला से चीरचार तक सीमेंट की पक्की लाइनिंग का कार्य किया गया है। ठेकेदार के द्वारा बीते मई माह में कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। लेकिन महज 2 माह में ही सीमेंट से बनाई गई पक्की लाइनिंग जगह जगह से टूट-फुट गई है।

### जांच के दायरे में नहर लाइनिंग कार्य : किसान

क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने ठेकेदार के द्वारा स्तरहीन कार्य किये जाने का आरोप लगाया है। किसान टोमन लाल देवांगन, रामकृष्ण साहू और बेनी राम यद्दु ने बताया कि दो माह पूर्व बरसात से पहले लाइनिंग का कार्य किया गया है। नहर लाइनिंग कार्य को जिस गुणवत्ता के साथ किया जाना था, उस गुणवत्ता के साथ नही किया गया है। किसानों की माने तो बनने के कुछ दिन बाद ही लाइनिंग में दरारे आना शुरू हो गई थी। जहां कुलापा लगना चाहिए, वहां कुलापा भी नही दिया गया है। जिसकी शिकायत पहले भी जल संसाधन विभाग से की गई थी। लेकिन अभी तक सुधार नही किया गया। जिसकी वजह से किसानों को परेशानी हो रही है। वही उक्त किसानों का आरोप है कि विभाग के इंजीनियर को बताने के बाद भी आउटलैंड इनलेट को बताने के बाद भी नही बनाया गया । वही किसानों ने नहर लाईनिंग का निर्माण कार्य जांच के दायरे में बताते हुए जांच कर ठेकेदार पर कार्यवाही करने की बात कही है।

### ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग

ग्राम भरदाकला निवासी पूर्व जनपद सदस्य क्रांति भूषण साहू ने आरोप लगाया कि लाइनिंग निर्माण कार्य स्तरहीन हुआ हैं। पेड सोल जो क्रांकीट डालने के पहले बनाते है, उसमे भी मुरुम का उपयोग नही किया गया है। जो क्रांकीट की मोटाई होनी चाहिए वो नही है। जगह जगह लाइनिंग टूटने से किसानों के खेत भी बर्बाद हो रहे है। कही लेबल भी नही दिया गया है। लेबल नही देने से किसान सिचाई से वंचित होंगे। वही ग्राम चीरचार के सरपंच चुकेश्वर साहू ने भी लाइनिंग कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग की हैं।

### 5 साल तक ठेकेदार करेगा रिपेयर

जल संसाधन विभाग के एसडीओ नेताम ने जानकारी देते हुए बताया की भरदाकला से लेकर चीरचार तक लाइनिंग कार्य किया गया है। नवम्बर 2023 में कार्य प्रारंभ हुआ था, कार्य पूर्ण अभी मई 2024 में हुआ है। लाइनिंग की चौड़ाई दो फीट है, और 47 सेंटीमीटर यानी कि डेढ़ फीट गहराई है। 1 फीट प्री बोर्ड होता है। इसकी कुल लागत 3 करोड़ 71 लाख रुपये है। जिसमें दो माइनर था, माहुद और भरदाकला माइनर नम्बर एक। जहां इंजेटिन होता है, वहां टूटा है, वह ठेकेदार करेगा। 5 साल की गांरटी है, लाइनिंग की। कुछ भी होगा तो ठेकेदार उसको रिपेयर कर देगा। 5 साल तक ठेकेदार की एसडी राशि जमा रहती है।

'मैं दिखवा लेता हूं, पायनियर के माध्यम से जानकारी मिली है, 5 साल की गांरटी है, ठेकेदार को रिपेयरिंग के लिए कहा जायेगा, निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता कतई नही किया जाएगा। नही तो ठेकेदार की सिक्युरिटी डिपॉजिट जब्त की जाएगी।'

**पीयूष देवांगन, ईई, जल संसाधन विभाग**

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की विभिन्न समस्यायें सुनी। इस साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित उपस्थित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 21 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से बेमेतरा के वार्ड 02 मानपुर निवासी गौरी राजपूत ने पानी के लिए बिछाऐ गए नल कनेक्शन को पूरा करने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम बहेरा निवासी अरूणा बैरागी ने निःशक्त पेंशन राशि स्वीकृति नहीं होने के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम कुसमी निवासी राजेन्द्र साहू ने लापरवाहीपूर्वक विघुत कनेक्शन खेत के मेढ़ में फैलाने से मृत्यु होने के संबंध में आवेदन दिया। बेरला तहसील के ग्राम पतोरा निवासी दुखितराम साहू ने छती पुर्ती दिलाने के संबंध में आवेदन दिया।

# स्कूल शिक्षा विभाग की मेगा पालक-शिक्षकों की बैठक कलेक्टर टोपनो पहुंचे जाजग के हायर सेकेंडरी स्कूल में

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





जिले में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 6 अगस्त को विभिन्न विकासखंडो के लगभग 129 संकुल केंद्रों में एक साथ एक ही समय पर मेगा पालक-शिक्षकों की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, इस बैठक के लिए जहां विगत सप्ताह शक्ति जिले के कलेक्टर आईएएस अमृत विकास टोपनो ने जिले के विभिन्न प्रशासनिक एवं अन्य विभागों के भी अधिकारियों की इस बैठक लेने के लिए जिम्मेदारी का वितरण किया गया था तथा प्रत्येक संकुल केंद्रों में एक-एक बड़े अधिकारी को जवाबदारी दी गई थी. जिस तारतम्य में 6 अगस्त को सभी संकुल केंद्रों में एक साथ बैठक संपन्न हुई तथा शक्ति विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाजंग में पहुंचे शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने इस अवसर पर कहा कि आज शासन द्वारा संकुल केंद्र स्तर पर इस बैठक के माध्यम से स्कूलों की विभिन्न व्यवस्थाओं पर पालको से सीधे चर्चा करने की योजना बनाई गई है, साथ ही स्कूलों में पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर भी शिक्षक परिवार एवं पालकों के बीच आपस में चर्चा के माध्यम से व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है, साथ ही शक्ति जिले में शिक्षा की अच्छी व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हो एवम इसे और अधिक बेहतर बनाया जा रहा है, साथ ही विद्यालय के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं अन्य सभी शिक्षकों को भी समय-समय पर शासन के दिशा- निर्देशों के परिपालन करने के लिए कहा जाता है, एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं तथा इन योजनाओं का समुचित लाभ प्रत्येक विद्यालय के विद्यार्थियों को मिले यह भी प्रमुख उद्देश्य है, मेगा बैठक को छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के उपसंचालक आर पी आदित्य ने भी संबोधित करते हुए शासन के उद्देश्यों से अवगत कराया साथ ही कहा कि इस बैठक के माध्यम से आने वाले दिनों में हम सभी मिलजुल कर शिक्षा की व्यवस्था को और अधिक अच्छी बनाएंगे तथा सभी पालक भी इसमें अपना सहयोग प्रदान करें वही शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा ने भी इस दौरान विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही शक्ति जिले में 6 अगस्त को आयोजित मेगा बैठक के संबंध में कलेक्टर एवं स्कूल शिक्षा विभाग के उपसंचालक को भी अवगत कराया. 6 अगस्त को शक्ति जिले में संपन्न पालक- शिक्षकों की मेगा बैठक में जिन 12 बिंदुओं पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई उसमें 1 - बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालकों के बेहतर समन्वय स्थापित करना, 2 - बच्चों की सम्पूण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना जिससे की बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिले सके, 3 - शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, 4- बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त करना,5 - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालको की भूमिका सुनिश्चित कराना शामिल रहा।

## एयरगन से फायर कर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एयरगन व छर्रा को किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



रामकुमार देवांगन निवासी मँझली तालाब चांपा जो परशुराम चौक चांपा में सब्जी बेचने का काम करता है जो 04.08.24 के शाम 05.30 बजे बैगा के ठेला में आमलेट खाने गया था तो आरोपी पिन्टू थवाईत द्वारा आहत को यहाँ से भाग जा नहीं तो तुम्हें जान से मार दूंगा कहकर अपने सब्जी बेचने के तख्त के नीचे रखे एयरगन बंदूक को चलाया पहला आहत को कान को छूते निकल गया दूसरा छर्रा पेट मे लगा जिसे बीडीएम अस्पताल लेकर गए जहाँ से रिफर किया गया था जिसकी सूचना थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 323/24 धारा 351 (2),109 BNS का अपराध दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रक्रण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में थाना स्तर पर तत्काल टीम गठित किया गया। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना मिला कि प्रकरण के आरोपी पिन्टू थवाईत घटना के पश्चात अपने भाई के घर मे छिपा था तथा भागने के फिराक में था कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़े पूछताछ में बताया कि आहत के साथ पुरानी रंजिश थी जो आये दिन गाली गलौच करता था जो आहत को जान से मारने के नियत से अपने घर मे रखे एयरगन में पहले से छर्रा भरकर अपने सब्जी बेचने के तखत के नीचे छिपा कर रखा था तथा आहत के आने पर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच कर जान के मारने के नियत से अपने एयरगन को आहत पर चला दिया जिसके झुकने से गोली उसके कान पास से निकल गया दूसरी गोली आहत के पेट मे लगा तथा खून निकलने पर डर कर एयरगन को अपने बड़े भाई के निर्माणधींन मकान के गेट पास छुपा दिया था जिसके निशानदेही पर गवाहों के समक्ष एयरगन व गोली (छर्रा) को बरामद किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 05.08.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक डॉक्टर नरेश पटेल थाना प्रभारी चाम्पा, एएसआई बेलसेज्जर लकड़ा, मुकेश कुमार पाण्डेय, अरुण सिंह, प्र.आर. प्रकाश राठौर, आरक्षक शंकर राजपुत, माखन साहु, नितिन द्विवेदी, खेम राठौर, घनश्याम मिरी व अन्य थाना चाम्पा स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

## राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप के विजयी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित हसदेव नदी की पावन धरा पर स्थित नगर के जाने-माने इंग्लिश मीडियम हसदेव पब्लिक स्कूल के राष्ट्रीय मार्शल आर्ट एवं कराते चैंपियनशिप के विजयी खिलाड़ियों की वापसी पर स्थानीय रेल्वे स्टेशन में सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के सदस्य मनोज मितल, विद्यालय प्रबंधक जवाहरलाल यादव जी एवं अभिभावकगणों द्वारा फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता 2 अगस्त 2024 से 5 अगस्त 2024 तक आंध्र प्रदेश की राजधानी विशाखापटनम में आयोजित की गई थी। जिसमें कक्षा 12वीं के मोहम्मद अलीम बख्शी ने स्वर्ण पदक, कक्षा ग्यारहवीं के मोहनीशा श्रीवास स्वर्ण पदक, कक्षा दसवीं की भूमि वर्मा स्वर्ण पदक, कक्षा ग्यारहवीं की महिमा दास रजत पदक, कक्षा सातवीं के नैतिक सरकार रजत पदक, कक्षा पांचवी की प्रियांशी पात्रा रजत पदक, कक्षा 12वीं के ऋषभ कटकवार, पावनी उपाध्याय कांस्य पदक, कक्षा ग्यारहवीं की चंचल सोनी कांस्य पदक, कक्षा दसवीं की मानवी त्रिपाठी कांस्य पदक, छठवीं के देवेंद्र यादव कांस्य पदक एवं ओवरऑल हसदेव पब्लिक की टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपने माता-पिता, गुरुजनों, विद्यालय, नगर एवं जिले का नाम रौशन कर गौरांवित किया है। खेल प्रशिक्षक मोहम्मद सलीम बक्शी एवं मार्शल आर्ट एवं कराटे कोच सिहान आर. के. वर्मा को इस सफलता के लिए सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के पदाधिकारी व सभी सदस्यगण, विद्यालय प्राचार्य, विद्यालय समन्वयक, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कार्यालयीन कर्मचारीयों ने उनके इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नाताकोत्तरअग्रणी महाविद्यालय में भी हुआ दीक्षा आरंभ समारोह

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में "दीक्षारंभ समारोह और इंडक्शन कार्यक्रम " आयोजित किया गया, छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रदेश के समस्त महाविद्यालय में 5 अगस्त 2024 को प्रथम वर्ष में प्रवेशित नवीन छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे मे जानकारी दी गई। इसी के तहत शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विद्या सिदार (सभापति, जिला पंचायत जांजगीर, सदस्य कार्यपरिषद शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़), विशिष्ठ अतिथि के रूप में उषा कंवर (सरपंच ग्राम पंचायत धनपुर), अनिता खांडे (सरपंच ग्राम पंचायत सकरेली) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रो महेंद्र यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात छात्रा पायल सीदार द्वारा राज्य गीत प्रस्तुत किया गया।अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और बैच लगाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा दीक्षारम्भ और इंडक्शन कार्यक्रम के बारे में बताया गया ।स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने महाविद्यालय में आए हुए समस्त अतिथियों और पालकगण, छात्र छात्राओं और समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की विस्तृत जानकारी दी और सभी छात्र छात्राओं को नियमित कॉलेज आने की हिदायत दी।सभी नए छात्रों को सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। उषा कंवर सरपंच ग्राम पंचायत धनपुर द्वारा अपने उद्बोधन में सभी छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी।

जनदर्शन में आज कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए है,जनदर्शन में आज तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम सोनादुला निवासी प्रकाश बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम बेल्हाडीह निवासी फूलसाय खूंटे ने ईपीएफ की राशि निकलवाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम टेमर निवासी ललित कुमार पटेल ने अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) प्रमाण पत्र की स्वीकृति के संबंध में, नगर पंचायत जैजैपुर निवासी भागवत प्रसाद देवांगन ने खेतों के पानी का निकासी मार्ग में अवरूध्द किये जाने के कारण उत्पन्न समस्या की समाधान करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 12 निवासी राजकुमार तथा समस्त वार्डवासियों ने वार्ड नंबर 12 गिन्नी धर्मशाला के पीछे सक्ती के नाला के सफाई के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम परसदाखुर्द निवासी नानक चंद ने प्रधानमंत्री आवास तथा मनरेगा की राशि दिलाये जाने के संबंध में सहित अन्य आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में एजुकेशन हब ने किया कैरियर गाइडेंश प्रोग्राम



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

एजुकेशन हब की टीम के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल जांजगीर मे सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चे शामिल हुए जिसमे बच्चो ने बहुत ही उत्साह देखने को मिला अपने भविष्य के कैरियर को लेकर जॉब को लेकर क्या पढ़ना है कैसे पढ़ना है इसे लेकर चर्चा की गई। इस सेमिनार में स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, स्टॉफ का सहयोग रहा संस्था के डायरेक्टर धनंजय चतुर्वेदी ने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए कामना किये।

## शराब पिलाकर हत्या व लूट के मामले में दो को उम्र कैद व जुर्माना, 5 साल बाद मिली लूट व हत्या के आरोपियों को सजा

**रायगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा अभिषेक शर्मा ने लूट एवं हत्या के मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 2000-2000 के जुर्माने से भी दंडित किया। मामले के संबंध में अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना वर्ष 2018 दिसंबर महीने की है।

## डभरा के शासकीय स्नातक महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ समारोह एवम वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




जिले के विकासखंड डभरा मुख्यालय में स्थित शासकीय स्नातक महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्यतिथि रामकुमार यादव, विधायक, चंद्रपुर, विशिष्ठ अतिथि प्रीतम अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायतडभरा, खुशवंत सिंह चंद्रा, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत डभरा, सुनील चंद्रा, हिमांशु शर्मा, विजय कुर्रे, लक्ष्मी माली, एल्डरमैन, लाला उपाध्याय, बसंत चंद्रा अविनाश पटेल (सभी मीडिया प्रतिनिधि) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डां पी आर कठौतिया, प्र प्राचार्य ने किया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर एवम छात्राओं द्वारा राज्यकीय गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात नव प्रवेशित छात्रा एंबेसडरोऔर विद्यार्थियों का विधायक महोदय के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डा पी आर कठौतिया ने स्वागत भाषण और अपना अध्यक्षीय भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के स्थापना से लेकर आज तक सीमित संसाधनों से किस तरह महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है, चर्चा किए। अपने उद्बोधन में दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य और नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर चर्चा किए,मुख्य अतिथि महोदय रामकुमार यादव, विधायक, चंद्रपुर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर अध्ययन अध्यापन करने तथा उनके अनुसार अपनी दिनचर्या सुनिश्चित करने का आग्रह किया और निरंतर आगे बढ़ते रहने एवम सयमित जीवन जीने की बात कही और उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएं दी,इंडक्शन कार्यक्रम में प्रो मधु देवांगन, प्रो देवेन्द्र कुमार खंडाईत ने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों और उनके पालको को विस्तार से अवगत कराया। नई शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट सिस्टम, मूल्यांकन पद्धति, वेल्यू एडेड कोर्स, जनरल इलेक्टिव कोर्स और ए ई सी आदि कोर्स के बारे में विस्तृत और महत्व पूर्ण जानकारी दिए। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन करते हुए प्रो ओमेगा कुजूर ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।

## संकुल स्तरीय मेगा पीटीएम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



संकुल स्तरीय मेगा पी टी एम कार्यक्रम का किया गया आयोजन। शासन के निर्देशानुसार 06.08.2024 दिन मंगलवार को सेजेस बम्हनीडीह विद्यालय ( अंग्रेजी एवम हिन्दी माध्यम) में संकुल स्तरीय मेगा पी टी एम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय मेगा पी टी एम में संस्था के प्राचार्य बजरंग श्रीवास के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ बच्चों के स्तर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा आदि के बारे में भी अभिभावकों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में संकुल के शिक्षक एवम अभिभावक गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालक - शिक्षक के बीच हमेशा सहभागिता बनाए रखने पर जोर दिया गया और शिक्षा स्तर पर हो रहे वार्षिक विजन प्लान जांजगीर - चांपा की जानकारी पालकों को दिया गया है। साथ ही बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वाधिक विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों ने अपने बच्चों के बारे में जानकारी तथा खुशी जाहिर की। अपने बच्चों का भविष्य कैसे अच्छे बना सकते है उन्हें किस प्रकार पढ़ाई के प्रति आकर्षित कर सकते है पढ़ाई के साथ बच्चे अन्य क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकते है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।आज की इस बैठक में शासन की विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया पालकों से भी सुझाव व समस्या सुनकर उसका निराकरण किया गया।आज के इस कार्यक्रम में मासिक मूल्यांकन परीक्षा में अधिकतम अंक लाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को श्रीफल से सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका तथा बड़ी संख्या में पालक एवम जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### मुख्य रास्ते पर हुआ पानी का जमाव, तालाब से तैरकर पार कर रहे स्कूली बच्चों एवं मोहल्ले वासी

# जलमग्न हो गई है डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुष्प वाटिका

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





लगभग दो दशक से शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 2 एवं वार्ड क्रमांक- 10 के बीच स्थापित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुष्प वाटिका इन दोनों पानी निकास के आभाव में जल मग्न हो गई है, तथा इस पुष्प वाटिका में जहां पूरा तालाब बन चुका है, तो वहीं शहर के वार्ड क्रमांक-2 से वार्ड क्रमांक- 10 को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता भी पानी से लबालब हो गया है, जिसके चलते मोहल्ले वासी,आम नागरिक एवं इस मोहल्ले से लगे हुए तीन-चार बड़े स्कूलों के बच्चों को इस प्रमुख मार्गो पर तालाब का रूप धारण कर चुके रास्ते पर तैरकर पार करना पड़ रहा है, तो वहीं आम नागरिकों सहित स्कूली बच्चों को भी जहां खतरा बना हुआ है तो वहीं मोहल्ले वासियों ने इस समस्या का त्वरित निराकरण करने की मांग की है। ज्ञात हो की डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुष्प वाटिका नगर पालिका परिषद शक्ति द्वारा लगभग 15 साल पूर्व स्थापित की गई थी, तथा इस पुष्प वाटिका का में जहां पूरे मोहल्ले सहित शहर वासियों को एक बेहतर विकसित उद्यान की सुविधा मिल रही थी तो वहीं विगत कुछ वर्षो से यह पुष्प वाटिका आवश्यक रखरखाव के अभाव में अनुपयोगी हो चली थी, एवं वर्तमान में तो बारिश के मौसम में इस पुष्प वाटिका में पूरा पानी भर चुका है, तथा पुष्प वाटिका का चौकीदार क्वार्टर सहित बैठने की कुर्सियां भी जलमग्न हो चुकी हैं, साथ ही इस इससे लगकर अखराभाटा को जोड़ने वाली मुख्य रास्ते पर इतना पानी भर गया है कि लोग जान जोखिम में डालकर यहां से आना-जाना कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर इस अखराभाटा एवं वार्ड क्रमांक- दो मोहल्ले में शहर के लगभग प्रतिष्ठित बड़े-बड़े विद्यालय स्थापित है, जिसमें प्रमुख रूप से जे बी डी ए व्ही स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनुनय कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ब्लू बेल स्कूल सहित कई ऐसे स्कूल है जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं, किंतु वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह रास्ता बड़ा जोखिम भरा है, तथा मोहल्ले वासियों का कहना है कि पानी निकास न हो पाने के कारण यह स्थिति बन गई है, तथा नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि उपरोक्त पानी निकास की समुचित व्यवस्था की जाए। तथा पुष्प वाटिका सहित पूरे मार्ग में पानी भरा होने के कारण जहां आम नागरिकों को बरसाती जीव-जंतुओं का भी खतरा बना हुआ है, तो वहीं पुष्प वाटिका से लगकर बड़ा रिहायशी आबादी एरिया है, तथा वर्तमान स्थिति को देखते हुए लोग बेहद परेशान हैं;तथा पुष्प वाटिका से लगकर नगर पालिका शक्ति द्वारा विगत वर्षो नाली का भी निर्माण किया गया था किंतु नाली में आगे पानी नहीं जाने के कारण नाली लबालब भरी हुई है तथा पानी निकलने की आगे की जब तक समुचित व्यवस्था नहीं होगी जब तक यहां यह संकट बना रहेगा। लतथा इस संबंध में वार्ड क्रमांक- 2 के कांग्रेस पार्षद रामसजीवन देवांगन ने भी स्थानीय प्रशासन को उपरोक्त समस्या के संबंध में अवगत भी कर दिया है, तथा स्थानीय प्रशासन अब इस पूरी समस्या पर लोगों को निजात दिलाने क्या निराकरण करता है यह तो आने वाला ही समय ही बताएगा।

**पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013**

DCB BANK

**कब्ज़ा नोटिस**

नीचे हस्ताक्षरकर्ता, डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन (2002 का 54) के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर एक मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ताओं (**उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता**) से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को, जैसा कि सारणीबद्ध रूप में नीचे विस्तृत रूप में दिया गया है, अतिरिक्त ब्याज सहित चुकाने का आह्वान किया गया है।

उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहे हैं, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है, नियम 8 के साथ पढ़ें सुरक्षा हित नियम 2002 की धारा 14 (1) के साथ **02 अगस्त, 2024** को।

उधारकर्ता, विशेष रूप से सह-उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति (अचल संपत्ति का विवरण) से निपटने के लिए चेतावनी नहीं दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार **डीसीबी बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित संबंधित राशि के लिए है।

उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों पर आकर्षित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 16 अप्रैल, 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री सुशील कुमार तिवारी, मेसर्स श्री लक्ष्मी नारायण कला भंडार, इसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री अशोक कुमार तिवारी और श्रीमती सुधा तिवारी द्वारा प्रतिनिधित्व |
| ऋण खाता संख्या - DBLARAI00464237, DBLARAI00520239 and DBLARA100549547 | |
| कुल बकाया राशि | रु. 54,00,598.80 (रुपये चौवन लाख पांच सौ अट्ठानवे और अस्सी पैसे मात्र) 16 अप्रैल 2024 तक |

**अचल संपत्ति का विवरण :** संपत्ति का पूरा हिस्सा मकान नंबर 15/183, क्षेत्रफल 218 वर्ग फीट, जवाहर नगर, वार्ड नंबर 37 (पुराना वार्ड नंबर 15), रायपुर तहसील और जिला रायपुर (छग) में स्थित है। **पूर्व** में गट्टानी का घर, **पश्चिम** रोड, **उत्तर** में दीपक कुमार साहू का घर, **दक्षिण** में मोतीलाल जैन का घर (सुरक्षित संपत्ति)

दिनांक : 07.08.2024
स्थान : रायपुर

डीसीबी बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

# 12 स्कूलों में व्यायाम शिक्षक नहीं व्यायाम कक्षाओं का संचालन संकट में



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नया शिक्षा सत्र, स्कूल के द्वार पर दस्तक दे चुका है लेकिन खंड क्षेत्र की दर्जन भर स्कूलों में व्यायाम कक्षाओं का संचालन सवालों के घेरे में है क्योंकि इन स्कूलों में व्यायाम शिक्षक के पद रिक्त हैं। जिला शिक्षा विभाग नए सत्र के पहले शिक्षकों के रिक्त पदों की न केवल जानकारी मांग रहा है बल्कि प्रस्ताव भेजने के लिए भी कह रहा है। इसलिए थोड़ी बहुत उम्मीद उन स्कूलों को भी है जहां मंजूरी के बाद भी व्यायाम शिक्षक की तैनाती नहीं हो सकी है। प्रयास वह दो स्कूलें भी कर रहीं हैं,

### यहां रिक्त हैं

शासकीय हाई स्कूल अकलतरा और दतरेंगी की हायर सेकेंडरी में रिक्त है व्यायाम शिक्षक का पद। खपरी एस, कोसमंदा और कोटमी की हायर सेकेंडरी स्कूलें भी इंतजार कर रहीं हैं, व्यायाम शिक्षक की। निपनिया का हायर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधन अपनी प्रति माह की जानकारी में व्यायाम शिक्षक का पद रिक्त होना लगातार बता रहा है। इसके बावजूद विभाग ने मौन साध रखा है। सिंगारपुर की हायर सेकेण्डरी स्कूल में व्यायाम शिक्षक हैं तो सही लेकिन इस समय उनकी अनुपस्थिति की जानकारी मिल रही है।

### शहरी क्षेत्र की पांच स्कूलों में भी

खंड शिक्षा मुख्यालय की इतवारी राम यादव हायर सेकेंडरी स्कूल, नगर पालिका कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पंचम दीवान हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रामसागरपारा और शिवलाल मेहता हायर सेकेंडरी स्कूल में भी क्रमशः एक-एक पद व्यायाम शिक्षक के हैं लेकिन इनके रिक्त होने की जानकारी मिल रही है। अंदाजा सहज लगाया जा सकता है कि शारीरिक शिक्षा की निरंतरता के लिए अहम व्यायाम शिक्षक की गैर मौजूदगी से इन स्कूलों का हाल कैसा होगा?

### यहां हैं व्यायाम शिक्षक

देवरी, गुर्रा, करही बाजार और खैरा की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में व्यायाम शिक्षक पदस्थ हैं। नियमित उपस्थिति भी दे रहे हैं। इसी तरह खोखली, कोदवा, मोपर और मोपका की स्कूलों में व्यायाम की कक्षाएं संचालन में हैं। पासीद और तरेंगा की हायर सेकेंडरी स्कूल में भी यह शैक्षणिक गतिविधि निरंतर जारी है।

व्यायाम शिक्षकों की कमी को देखते हुए जिला मुख्यालय को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

- रामजी पाल
बीईओ, भाटापारा

## कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा शासकीय चिकित्सालय आरंग को हाइड्रोलिक डिलीवरी टेबल भेंट किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। जहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण और अनुसंधान केंद्रित शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी निर्वाह किया जाता रहा है। जनहित के इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शासकीय चिकित्सालयों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। इसी क्रम में कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा शासकीय चिकित्सालय आरंग को हाइड्रोलिक डिलीवरी टेबल भेंट किया गया। प्रसूति वार्ड में डिलीवरी टेबल एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो माँ और नवजात शिशु दोनों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन्हें प्रसव के दौरान माँ को पर्याप्त सहायता और आराम प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित चिकित्सालयों को उनकी जरुरत के मुताबिक आवश्यक बुनियादी सामग्री उपलब्ध करायी जाती है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शासकीय चिकित्सालय को सर्वसुविधायुक्त बनाना है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को आधुनिकतम चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती रहे। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ विजय आनंद और उनकी टीम द्वारा शासकीय चिकित्सालय- आरंग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी अनंत को हाइड्रोलिक डिलीवरी टेबल सौंपा गया, जिससे चिकित्सालय में चिकित्सकों को प्रसव और उसके विभिन्न चरणों को समायोजित करने में सुविधा रहेगी। इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के साथ शासकीय चिकित्सालय - आरंग के चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## नुवामा वेल्थ ने रायपुर में ग्राहकों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

एचएनआई और एफ्लुएंट सेगमेंट की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाली, नुवामा ग्रुप की व्यक्तिगत संपति शाखा नुवामा वेल्थने, 2023 में रायपुर में ग्राहकों की संख्या में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। नुवामा वेल्थ हाई नेट मूल्य वाले व्यक्तियों (एचएनआई) और वेतनभोगी पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करता है। सेकण्ड फ्लोर, चावला कॉम्प्लेक्स, साई नगर, देवेंद्र नगर मेन रोड, देवेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित रायपुर शाखा कंपनी को, ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में सक्षम बनाती है क्योंकि कंपनी सीधे शाखा प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं और अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर सकते हैं। यह शाखा ग्राहकों के एक व्यापक वर्ग तक पहुँचने में भी मदद करती है। वर्तमान में 70 से अधिक स्थानों पर स्थित, नुवामा वेल्थ का लक्ष्य 2028 तक 300 से अधिक स्थानों तक अपनी पहुँच बढ़ाना है। नुवामा वेल्थ के पास पहले से ही एक हाइब्रिड बिजनेस मॉडल था, जो आगे चलकर ग्राहक सेवा का एक अभिन्न हिस्सा बन गया। हाइब्रिड बिजनेस मॉडल वर्चुअली और समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर के माध्यम से विशेष सेवाएं प्रदान करने में मदद करता है। अपने ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अगले 3 वर्षों में रिलेशनशिप मैनेजर्स (आरएम) के टैलेंट पूल को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना नुवामा वेल्थ का लक्ष्य है।

# अब सिंदूर की खेतीः रुझान और मांग से पौधे पहुंचे नर्सरियों में

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



फल से सिंदूर और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री। छाल और पत्तियों से शारीरिक व्याधि दूर करने वाली दवाइयां। नाम है बिक्सा ओरेलाना। दिलचस्प यह है कि बीज के अलावा कलम और टिश्यू कल्चर से भी पौधे तैयार किए जा सकते हैं। हैरत तब होती है, जब इसके उच्चतम तापमान पर जोरदार ग्रोथ लेने की जानकारी मिलती है। देश के 8 राज्यों में सफल रोपण और मिलने वाले उत्साहजनक उत्पादन के बाद बस्तर में व्यावसायिक खेती सफल हो चुकी है। अब तैयारी है, प्रदेश के दूसरे जिलों में विस्तार और रोपण की ताकि देश की घरेलू जरूरतें, घर से ही पूरी की जा सकें। यह इसलिए क्योंकि सौंदर्य प्रसाधन सामग्री उत्पादन करने वाली ईकाईयों की मांग पूरे साल बिक्सा ओरेलाना याने सिंदूर के फलों में निकली हुई होती है। पत्तियां और छाल अलग से खरीदी जाती है।

### यह है बिक्सा ओरेलाना

गहरी और उथली भूमि पर तैयार होने की क्षमता है बिक्सा ओरेलाना में। 2 से 3 मीटर की अधिकतम ऊंचाई वाली यह झाड़ी सदाबहार होती है। मानसून के शुरू में रोपण करने के बाद निश्चित उम्र में पुष्पन तीसरे वर्ष से शुरू होता है। जुलाई से अगस्त के अंत तक यह प्रक्रिया चलती है। 30 दिन बाद फूलों से, फल बनने लगते हैं। इसे सितंबर अंत में काटा जा सकता है। यह फल ही कॉस्मेटिक इंडस्ट्रीज खरीदती हैं।

### सिंदूर और लिपस्टिक

परिपक्व फल से सिंदूर तो बनते ही हैं साथ ही नेल पॉलिश, लिपस्टिक, रेड इंक, हेयर डाई, साबुन, वार्निश, पेंट और लेदर कलर के अलावा बूट पॉलिश भी बनाए जाते हैं। याने दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्रियां बनाई जाती हैं।

### छाल और पत्तियां

औषधीय गुणों से भरपूर होती है बिक्सा ओरेलाना की छाल और पत्तियां। गहरी भूरी रंग वाली छाल सिरदर्द और कफजैसी बीमारियां दूर करने में सक्षम है, तो पत्तियों में रक्त विकार खत्म करने के गुण होते हैं। खरीदी औषधि निर्माता कंपनियां कर रही हैं।

### अब हर जिले में

देश के कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, असम, तमिलनाडु, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के बाद अपने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सफल रोपण और बेहतर उत्पादन के बाद, अब प्रदेश के लगभग हर जिले में रोपण की योजना बनाई जा रही है ताकि अधिकाधिक किसान लाभ उठा सकें।

सिंदूरी (बिक्सा ओरेलाना) एक अत्यधिक मूल्यवान बहुउद्देशीय पौधा है जिसकी छाल, पत्तियां, जड़े और बीज औषधीय, फार्मास्यूटिकल, कॉस्मेटिक और अखाद्य रंग के उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं। सिंदूरी पौधे का व्यवसायिक उत्पाद एनाटो डाई है।

-अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री),
बीटीसी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने किए ईवी ईकोसिस्टम में कई इंडस्ट्री-फर्स्ट फीचर्स लॉन्च




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने DriEV.Bharat में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए इनोवेशन की एक श्रृंखला को पेश किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी ईकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए मजबूत ईवी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में एमजी ईहब को लॉन्च किया गया, जो एक ओईएम की ओर से इंडस्ट्री का पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग प्लेटफॉर्म है, प्रोजेक्ट रिवाइव, कारों के अलावा ईवी बैटरी को पुनः उपयोग करने पर केंद्रित है, ईवीपीडिया, इलेक्ट्रिक कार यूजर्स के लिए भारत का पहला समर्पित शैक्षणिक और जानकारी भरा प्लेटफॉर्म, एमजी-जियो इनोवेटिव कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म जो आने वाले सभी एमजी वाहनों के लिए एक स्टैंडर्ड तौर पर मौजूद होगा। इनोवेशन और सस्टैनबिलिटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, एमजी की ओर से इंडस्ट्री का पहला चार्जिंग प्लेटफॉर्म ईहब को कार्यक्रम में पेश किया गया। इसका उद्देश्य देशभर में ग्राहकों को एक एकल मंच प्रदान कर ईवी चार्जिंग अनुभव को आसान और सुविधाजनक बनाना है। कंपनी ने प्रोजेक्ट रिवाइव भी पेश किया, जो TERI, Lohum और BatX के साथ भागीदारी में शुरू की गई एक पहल है, इसका उद्देश्य ईवी बैटरी को कारों के अलावा दूसरे जीवन के तौर पर स्थायी सामुदायिक अनुप्रयोगों के लिए अक्षय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के रूप में उपयोग करने के लिए तैयार करना है। यह पहल सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगी, और एक ऐसा सिस्टम तैयार करेगी जिसका उद्देश्य कचरे को खत्म करना और रियूज, रिपेयर और रिसाइकलिंग के सिद्धांत के माध्यम से संसाधनों के निरंतर उपयोग को बढ़ावा देगा और भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में छात्रों ने दिखाई विज्ञान प्रदर्शनी साइंस सफारी में प्रतिभा

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




खमरिया, भाटापारा बलौदा बाज़ार के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी साइंस सफारी का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि व निर्णायक संध्या विश्वकर्मा द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के उपरांत फीता काट कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने वाई-फाई तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, सड़क-सुरक्षा, आधुनिक सिंचाई पद्धति, एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों, एनर्जी रिसोर्स एण्ड कंजर्वेशन आदि अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी को चार भागों में विभक्त किया गया था, जिसमें वर्ग 'अ' में कक्षा पहली से दूसरी, वर्ग 'ब' में तीसरी से पाँचवी, वर्ग 'स' में छठवीं से आठवीं तथा वर्ग 'द' में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के प्रतिभागी शामिल थे। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर प्रधानाचार्य ने उत्साहवर्धन किया। लगभग दो सौ से अधिक विद्यार्थी इस प्रदर्शनी में प्रतिभागी रहे। प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यथा कक्षा पहली में तक्षवी पोपट (प्रथम) रुद्र जाल (द्वितीय) अथर्व सिंह बागरी (तृतीय) कक्षा दूसरी में अनाइसा मोदी (प्रथम) आयूषी दवानी (द्वितीय) लक्षिता सचदेव (तृतीय) कक्षा तीसरी में अंश वर्मा, अनिष्का विश्नोई (प्रथम) सानवी शर्मा (द्वितीय) तवसी वर्मा, चेतन वर्मा (तृतीय) कक्षा चौथी में दिव्या मोटवानी, तोषिका त्रिपाठी (प्रथम) अल्का सिंह (द्वितीय) मोही साहू, अथर्व साहू (तृतीय) कक्षा पाँचवी में अवनी किंगरानी, पंखुड़ी भृगु (प्रथम) सरगम मिश्रा (द्वितीय) मनन वर्मा (तृतीय) कक्षा छठवीं से आठवीं वर्ग में भव्य मिश्रा, अक्षत (प्रथम) हर्षित ढेकवारे, नव्या मोटवानी (द्वितीय) अनुष्का देवांगन, श्रेयांश स्वेन (तृतीय) कक्षा नौवीं से बारहवीं वर्ग में निधि रानी (प्रथम) सिमरन शर्मा, अस्मि विश्नोई (द्वितीय) और इशिता मिश्रा, गायत्री असवानी (तृतीय) स्थान पर चयनित किया गया। प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ मॉडल का ख़िताब क्षितिज शर्मा और सक्षम मिश्रा को प्राप्त हुआ। इन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## अमेजन भारत में प्राइम मेंबर्स को पहले से कहीं अधिक उत्पादों की सबसे बड़ी श्रृंखला, उसी-दिन या उससे भी तेजी से डिलीवर करता है

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन प्राइम अब उसी-दिन 10 लाख से अधिक और अगले दिन 40 लाख से अधिक उत्पादों की डिलीवरी करता है, जबकि अधिक सतत डिलीवरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है। अमेजन इंडिया भारत भर में ग्राहकों को तेज, विश्वसनीय और सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प प्रदान करने के लिए नवाचार करता रहता है। 2014 में भारत में अगले दिन डिलीवरी का अग्रणी बनने से लेकर 2017 में प्राइम मेंबर्स के लिए उसी-दिन डिलीवरी की शुरुआत तक, हमने सबसे बड़ी उत्पाद श्रृंखला के लिए तेज और विश्वसनीय डिलीवरी को प्राथमिकता देना जारी रखा है। ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हमने उसी-दिन और अगले दिन डिलीवरी के लिए उपलब्ध उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत किया है। प्राइम मेंबर्स को Amazon.in पर 10 लाख से अधिक उत्पादों पर मुफ्त, असीमित उसी-दिन डिलीवरी और 40 लाख से अधिक उत्पादों पर अगले दिन डिलीवरी मिलती है। वैश्विक स्तर पर, 2023 में अब तक की सबसे तेज डिलीवरी स्पीड देने के बाद, अमेजन ने प्राइम सदस्यों के लिए एक नया डिलीवरी स्पीड रिकॉर्ड बनाया है। जिसमें इस साल (2024) अब तक 5 बिलियन से अधिक आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए गए हैं। भारत में, 2024 में अब तक, प्राइम सदस्यों द्वारा किए गए लगभग 50 ऑर्डर, अगले दिन, उसी दिन या उससे भी तेज डिलीवर किए गए हैं, जिसमें आई लाइनर से लेकर बेबी प्रोडक्ट्स, गार्डन टूल्स, घड़ियाँ और फोन तक के उत्पादों का विस्तृत चयन शामिल हैं। प्राइम ने पिछले कुछ वर्षों में एक ही सदस्यता में बचत, सुविधा और मनोरंजन को शामिल करते हुए विकास किया है। प्राइम मेंबर्स अब प्राइम डे और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल जैसे शॉपिंग इवेंट्स पर विशेष डील्स का आनंद लेते हैं, साथ ही प्राइम वीडियो के साथ पुरस्कार विजेता मनोरंजन, अमेजन म्यूजिक के साथ लाखों गानों और टॉप पॉडकास्ट्स तक असीमित विज्ञापन- मुक्त पहुंच, प्राइम गेमिंग के साथ मुफ्त गेम्स, प्राइम रीडिंग के साथ किताबों और पत्रिकाओं, और अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से अमेजन पर शॉपिंग करते समय 5 कैशबैक का लाभ उठाते हैं।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने अपने ईवी टू-व्हीलर पोर्टफोलियो का विस्तार किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो इब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2 और 3-व्हीलर्स के निर्माता हैं, ने भारत के पहले फैमिली ई-स्कूटर, इब्लू फियो एक्स का एक नया वेरिएंट लॉन्च किया। यह भारत में कंपनी का ईवी टू-व्हीलर सेगमेंट में दूसरा उत्पाद है। इब्लू फियो एक्स का अनावरण भारत ग्लोबल मोबिलिटी एक्सपो 2024 में किया गया था। इब्लू फियो एक्स को अब 28 लीटर स्टोरेज स्पेस के साथ पेश किया जाएगा। यह ई-स्कूटर 2.36 कि.वॉ. बैटरी के साथ आता है और 110 किमी की रेंज प्रदान करता है। इब्लू फियो एक्स की कीमत आईएनआर99,999 (एक्स-शोरूम) निर्धारित की गई है। लॉन्च के अवसर पर गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ हैदर खान ने कहा, इब्लू फियो एक्स को हमारे मौजूदा उत्पाद पर ग्राहकों के फीडबैक के आधार पर डिज़ाइन किया गया है, जिसमें समय रहित डिज़ाइन और उच्चतम आराम पर ध्यान केंद्रित किया गया है। फियो एक्स प्रदर्शन और सुरक्षा का एक बेहतरीन मिश्रण है और यह पैसे के लिए शानदार मूल्य प्रदान करता है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला आज, 2881 पदों पर होगी भर्ती

**गरियाबंद।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर छ ग. द्वारा संकल्प परियोजना के अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद के तत्वाधान में इंडोर स्टेडियम, शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय के पास गरियाबंद में 07 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजित रोजगार मेले में 08 निजी कंपनियों के द्वारा कुल 2881 रिक्त पदों में भर्ती की जायेगी।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रमांक/480/न.पा.प./लो.नि.वि./ई-टेण्डर/2024-25 कवर्धा, दिनांक 05/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| System Tender No. 157180 Providing and Laying Pipe for Drinking Water Verious Place, at ward No. 01 to 27, Kawardha (IInd Call) | 199.98 | 21-08-2024 |
| System Tender No. 157182 Construction of Elevated Service Reservoirs (ESR) at Ward No. 26/27, Kawardha (IInd Call) | 49.36 | 21-08-2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद कवर्धा

### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय मुख्य अभियंता
### महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal : https://erpoc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्र. एवं दिनांक | आमंत्रण क्रमांक | निविदा आमंत्रण की नियत तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | बालोद जिले के विकासखण्ड बालोद की बिरेतरा डायर्वसन योजना के शीर्ष कार्य में वियर मरम्मत, आर.बी.सी.आर.डी. 0 मी. से 7320 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य तथा 02 नग व्ही.आर.बी. एवं 01 नग डी.सी. का निर्माण कार्य | रू. 281.09 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओर.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार) | 157049 | निविदा सूचना क्रं. 05/वलेलि/ 2024-25, बालोद दिनांक 05.08.2024 | प्रथम | दि. 27.08.2024 17.30 बजे तक |
| 2 | बालोद जिले के विकासखण्ड बालोद की गोंदली जलाशय परियोजना अंतर्गत तरौद माईनर आर.डी. 0 मी 7310 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, 5 नग व्ही.आर.बी., 1 नग फाल, 18 नग कुलाबा पाईप फिक्सिंग एवं 6 नग पुराने स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य | रू. 286.35 लाख (दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार) | 157051 | निविदा सूचना क्रं. 06/वलेलि/ 2024-25, बालोद दिनांक 05.08.2024 | द्वितीय | दि. 22.08.2024 17.30 बजे तक |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.08.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबइसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242501648/6

### कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्र./सात/दो/ग.अ./804/121 भिलाई, दिनांक 05/08/2024

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का छ.ग. नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 15(क) अंतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी/निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति/सुझाव दिनांक 23.08.2024 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कॉलोनियों का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | स्थल कॉलोनी का नाम | राजस्व ग्राम/खसरा नं. | कुल रकबा (व मी) |
|---|---|---|---|
| 1 | आर्य नगर पार्ट-01 | कोहका- 225(P), 226(P), 227(P), 228, 239, 244(P), 259(P), 270(P), 271, 272, 273(P), 274-302, 303,304(P),307-315,316-339, 340-468, 469 (P)-630(P),4135(P)-4192(P) | 969087 |
| 2 | आर्य नगर पार्ट-02 | कोहका-698-704(P),737(P),776-792(P),758-775(P),684-696(P), 697(P), 665-662(P),663-679(P),633(P),267(P),269(P), 254(P), 468(P), 469-630(P), 631, 632, 680-681, 682, 683 | 88703 |
| 3 | आर्य नगर पार्ट-03 | कोहका-633(P),663(P)-679(P),655(P)-662(P),684(P)- 96(P),758(P)-775(P), 737(P), 731(P), 640(P), 652(P),636(P), 651 (P), 653, 654, 697,698-708, 738-757,776(P) -792(P), 730(P) | 70578 |
| 4 | शिक्षक नगर पार्ट-01 | कोहका-1378-1409(P),1410-1415,1416-1422(P),1555-1624,1633-1642(P),1643,1644-701(P) 1704-1878(P),3310-3401(P) 3402- 3427(P),3428-3436(P)3461(P) | 42541 |
| 5 | शिक्षक नगर पार्ट-02 | कोहका-1492 (P), 1493(P), 1495(P), 3462-3465, 3438-3460, 3402(P)-3427(P),1511(P)-1554(P), 1554(P),1555(P)-1624(P), 1625-1632, 1633 (P)-1643(P), 3438-3460, 3428(P)- 3436(P), 3437,3310(P)-3401(P) 4115(P) | 44077 |
| 6 | सनातन नगर पार्ट-01 | कोहका-1416 (P) - 1422 (P),1423-1435, 1555(P)-1624 (P),1511(P)-1554 (P),1495 (P) | 31350 |
| 7 | सनातन नगर पार्ट-02 | कोहका-999-1006(P), 1007(P), 1008(P), 1068-1088(P), 1089-1098, 1099-1152(P),1153-1199(P), 1200-1223 (P),1318 (P), 1319, 1320, 1321-1377(P),1378-1409(P) | 92195 |
| 8 | लिम्हा तालाब बजरंग पारा | कोहका-1494 (P),3162/1,3162/2,3169,3170(P),3171,3172, 3173(P), 3175(P),3199(P), 3200-3207,3208(P)-283(P), 3284(P), 3285(P), 3467(P)-3611(P),3704-3744,3745 (P)-3763(P),3864(P)-873(P), 4101(P),4102(P)-4113(P) | 66808 |
| 9 | टाटा लाईन एंड बजरंग पारा | कोहका-1492(P),3906-3956,3957,3958-4029,4030(P)-4056(P), 4057(P)-4099(P),4101(P),1493(P) | 60792 |
| 10 | सुन्दर नगर बजरंग पारा | कोहका-1494 (P), 662/1(P),3162/2(P),3169(P)-1372(P),3163-3168, 3161/1(P),3161/2, 3174(P), 3175(P)-3199(P), 3208(P)-3283 (P), 3864(P)-3873(P),3874(P)-3904(P),3905(P), 4101(P), 3745(P)-3763(P),3173(P) | 68929 |
| 11 | सुन्दर नगर पश्चिम | कोहका-3285 (P), 3286-3308,3309(P),3310-3401(P) | 18664 |
| 12 | सुन्दर नगर पूर्व | कोहका-3284(P),3285(P),3310(P)-3401(P),3612(P)-3701(P) | 23918 |
| 13 | सनातन नगर एवं इन्द्रावती नगर | कोहका-833 (P),834,835,836,837,838(P),928(P)-951,1037-1042, 1043-053, 952-978, 979, 980(P)-998(P),999(P)-1006(P),1008(P), 1009-1019, 1020-1036,1054-1067 | 87243 |
| 14 | इन्द्रावती नगर | कोहका-999(P)-1006(P),1007(P),1099(P)-1152(P),1319(P),1378(P)-1409(P),1416(P)-1422(P),1437(P)-1464(P),1465(P)-1491(P),1493 (P),1495(P) | 29181 |
| 15 | विवेकानंद नगर | कोहका-1258-1317 (P), 1318 (P), 1378-1409 (P),1644-1701(P), 1702, 1703, 1704-1878 (P) | 54616 |
| 16 | न्यू आर्य नगर पार्ट-01 | कोहका-722(P),723,724 | 18892 |
| 17 | न्यू आर्य नगर पार्ट-02 | कोहका-39 (P),720,721 | 27282 |
| 18 | न्यू आर्य नगर पार्ट-03 | कोहका-642, 646, 650, 709-715, 730(P), 731(P) | 52720 |
| 19 | इन्दु आई टी स्कूल के पीछे पार्ट-01 | कोहका-5006 (P)-5185(P) | 26643 |
| 20 | इन्दु आई टी स्कूल के पीछे पार्ट-02 | कोहका-5249 (P)-5271(P),246(P)-5247(P), 5273(P)-5291(P), 5292, 5293,5294 | 18532 |
| 21 | एस.बी.आई. कॉलोनी के पीछे | जुनवानी-65 (P) | 5501 |
| 22 | एस.बी.आई. कॉलोनी के पीछे | जुनवानी- 56 | 4444 |
| 23 | न्यू मॉडल टाउन | जुनवानी-864 (P), 892-907,910-922,1104(P), 1105(P), 1106(P),1107- 1143, 1145-1177, 1178(P), 1179-1181, 1184(P), 1232,1233 | 69233 |
| 24 | गांधी नगर | जुनवानी-1192-1227, कोहका-2585 (P)-2626 (P), आमदी-1/2(P) | 59020 |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई, सुपेला के कक्ष क्रं. 04 भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
न.पा.नि.भिलाई

# लंबित प्रकरणों के निराकरण में सुस्ती, बैठक में कलेक्टर नाराज

## डायरिया पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सजग रहकर तत्काल करें ईलाज : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विभागवार समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को निर्धारित समय में लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता देते हुए करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। जहां नामांतरण शेष रह गया है और जहां प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, उसकी जानकारी प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अनुशासन में रहें तथा समय पर कार्य पूर्ण करें।

जल जीवन मिशन अंतर्गत अधूरे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा मार्च तक सभी निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग से खेती-किसानी के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए और सभी सहकारी समितियों में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सामुदायिक भवन को रोजगार केन्द्र के रूप में विकसित करें। उन्होंने एजुकेशन हब के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के निर्देश के परिपालन में सड़कों पर घुमंतू पशुओं पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने शहर में कुत्तों के काटने की समस्या को देखते हुए इसका समाधान करने के निर्देश दिए।

**किसानों और दिव्यांगों को न हो असुविधा** - कलेक्टर अग्रवाल ने लीड बैंक मैनेजर से किसानों की आधार सिंडिंग में आ रही दिक्कत को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के ई-केवायसी शेष रह गए हैं, उनका निराकरण कराएं ताकि किसान शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होवंने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित शिविर के संबंध में जानकारी ली तथा उनके सहायक उपकरण के लिए माप लेने तथा प्रमाण पत्र वितरण कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आने-जाने तथा भोजन के लिए दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

**10 से ज्यादा गांव डायरिया से प्रभावित** - कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में तथा शहरी क्षेत्रों में डायरिया की शिकायत प्राप्त हो रही है, वहां तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम को ईलाज करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम को पानी का परीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव, बम्हनीभाठा, रामपुर, सोनेसरार, रीवागहन एवं घुमका विकासखंड के ग्राम देवादा, गिधवा, घुमका तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बसंतपुर सहित अन्य प्रभावित ग्रामों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा।

# रामपुर में 40 व सोनेसरार में 35 डायरिया के मरीज



■ स्वास्थ्य विभाग ने जलस्रोतो को किया क्लोरीनाइड

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के दो गांव रामपुर व सोनेसरार इन दिनों डायरिया की चपेट में है। दोनों ही गाँवों के जलस्त्रोतों में क्लोरीन दवाइयों का छिड़काव सहित डोर टू डोर सर्वे किया गया। कुछ ग्रामीणों को पेंड्री राजनांदगाँव स्थित मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया था। हालांकि इनमें लगभग अधिकतर मरीजो को उपचार के उपरांत डिस्चार्ज कर देने की खबर है।

उल्लेखनीय है कि रामपुर व सोनेसरार में 28 जुलाई से डायरिया की शिकायत मिली थी। उपरांत स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया था। उपरांत सीएमएचओ के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव की बीएमओ डॉ रागिनी चन्द्रे की टीम द्वारा दोनों ही गांवों में डोर टू डोर सर्वे कराकर ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने सहित स्वच्छता बनाये रखने हिदायत दी गई है। ग्रामीणों की माने तो ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम के द्वारा जलस्त्रोतों में दवाईयों का छिड़काव भी किया गया है।

### प्रभावित मरीजों का उपचार जारी

डॉ रागिनी चन्द्रे ने पॉयनियर को बताया कि 28 जुलाई से रामपुर व सोनेसरार में डायरिया के मरीज मिले थे। अब तक रामपुर में 40 मरीज व सोनेसरार में 35 मरीजों की पहचान हुई है। प्रभावितों को मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया था। रामपुर के 8 व सोनेसरार के 21 स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं बाकी मरीजों का उपचार जारी है।

# कांग्रेस ने किया महाकाल प्रभु की चंद्रमौलेश्वर पालकी का स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी राजनांदगांव में भगवान महाकाल की चन्द्रमौलेश्वर स्वरुप की पालकी शोभायात्रा सावन मास के प्रत्येक सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकाली जाती है। तृतीय सोमवार को पुराना ढाबा चिखली होते हुए भगवान चंद्रमौलेश्वर अपने प्रजा का हाल जानने निकले, जिसका स्टेशन पारा पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई के अगुवाई में कांग्रेसजनों एवं धर्मप्रेमी जनों ने स्वागत वंदन कर भक्तजनों को शीतल पेयजल वितरीत कर पालकी शोभायात्रा के सूत्रधार पवन डागा एवं राजू डागा का भी स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, भावेश अग्रवाल, रामावतार जोशी, शेषनाथ सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्त उपस्थित थे।

# विभिन्न संविदा पदो पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**खैरागढ़।** भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों एवं स्वीकृति अनुसार मिशन वात्सल्य के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर से विज्ञापन जारी कर जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं बालक कल्याण समिति के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से, दिनांक 23.08.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पदों पर भर्ती के लिये आवेदन संबंधित जिला में जिले के जिला कार्यकम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ कुरियर के माध्यम से प्रेषित करना होगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www. cgwcç.gov.in एवं www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गडई हेतु आवेदक कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी सिविल लाइन एरिया महिला एवं बाल विकास विभाग जिला खैरागढ़-छुईखदान-गडई के पते पर आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

# खिलाड़ियों ने विस स्पीकर को सौंपा ज्ञापन, खेल के लिए मैदान मांगा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टेट स्कूल मैदान को बचाने को लेकर क्रिकेट खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंटकर ज्ञापन सौंपा। क्रिकेट खिलाड़ी शशांक सोनी ने बताया कि शहर के मध्य स्टेट स्कूल ग्राउंड है, जहां लगातार शासन- प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के लिए आयोजकों को परमिशन दिया जाता है। आयोजन मैदान के बीचो बीच किया जाता है। आयोजन के समय खेलना-कूदना बंद हो जाता है। जिससे राजनांदगांव के खिलाड़ियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सोनी ने बताया कि स्टेट स्कूल मैदान मुरूम और गिट्टी डालने से मैदान अपना वास्तविक स्वरूप खोते जा रहा है। आयोजनों के कारण लगभग 200 खिलाड़ियों का जीवन प्रभावित होता है। मीना बाजार, उत्सव मेला, हैंडीक्राफ्ट मेला सहित अनेक प्रकार के राजनीतिक एवं गैर राजनीतिक आयोजन स्टेट स्कूल मैदान में होते है। आयोजनों के कारण मैदान को क्षति पहुंचती है। खेल को बंद करना पड़ता है। जिससे खिलाड़ियों को शारीरिक और मानसिक क्षति पहुंचती है। खेल बंद होने से युवा नशे के क्षेत्र में कदम बढ़ाने पर मजबूर हो जाते हैं।

खिलाड़ी निजार हुड़ा ने कहा कि राजनांदगांव में परंपरा अनुसार प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम दिग्विजय स्टेडियम में किया जाता था, लेकिन पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम स्टेट स्कूल ग्राउंड में किया गया था, जहां ग्राउंड में मुरूम और गिट्टी बिछा दिया था। जिससे मैदान खराब हो गया था, बाद में खिलाड़ियों द्वारा स्वयं के खर्च से मुरम और गिट्टी को मैदान से हटाकर मैदान साफ करवाना पड़ा था। मुरूम की मात्रा इतनी ज्यादा थी की आज दिनांक तक अच्छे से साफ नहीं हो पाया है। राजनांदगांव में आयोजन के लिए बहुत सारे मैदान है, दिग्विजय स्टेडियम, पीटीएस मैदान, प्यारेलाल स्कूल, साइंस कॉलेज मैदान, कमला कॉलेज मैदान सहित विभिन्न स्थान हैं, जो हमेशा खाली रहता है। इस दौरान शशांक सोनी, निजार हुड्डा, शुभम् शुक्ला, अंकित भीमटे, विकास सागर, स्वर्णिम राजपुत, चित्रेश पाल, निखिल पाल, सलीम ख़ान, एमडी रजा, जैद ख़ान, यश रामटेक सहित विभिन्न खिलाड़ी उपस्थित थे।

# एनीकट से बहे युवक की लाश दुर्ग में मिली

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सुरगी क्षेत्र के मोखला एनीकट में तेज बहाव में बाइक धोने के दौरान बह गए युवक का शव मंगलवार सुबह दुर्ग जिले के झोल गांव मे मिल गया है। रविवार को ग्रामीण युवक बाईक धोने के दौरान फिसलकर गहरे पानी में चला गया था, तब से वह लापता था। मंगलवार सुबह उसका शव झोला गांव में मिला। मिली जानकारी के मुताबिक बुचीभरदा के रहने वाले रूपेश निषाद अपने तीन साथियों के साथ रविवार शाम को शिवनाथ नदी के मोखला एनीकट में पहुंचा। हरेली पर्व के उपलक्ष्य में वह दोस्तों के साथ एनीकट घूमने के लिए पहुंचा। इस बीच उसने अपने साथियों के साथ बाइक को धोना शुरू कर दिया। बाइक धोने के दौरान एकाएक एनीकट का जलस्तर बढ़ गया और वह तेज बहाव में बह गया। दोस्तों के मुताबिक रूपेश तैरकर बाहर निकलने की कोशिश भी किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। वह पानी में डूब गया। इधर, घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी गई। दोस्तों ने सोमवार गोताखोरों के साथ युवक की खोजबीन शुरू की। अत्याधिक पानी और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में टीम को दिक्क त होने लगी। सोमवार दिनभर तलाशी अभियान के बाद युवक की पतासाजी में टीम को सफलता नहीं मिली। आज मंगलवार सुबह झोला गांव के पास शव को टीम ने ढूंढ निकाला। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को पुलिस परिजनों को सौंप देगी। बताया जा रहा है कि दुर्ग जिले के इस गांव में शव मिलने का पंचनामा अंडा थाना पुलिस करेगी। शव मिलने की जानकारी परिजनों को पुलिस ने दे दी है।

# कांग्रेस ने दिया शिक्षा का अधिकार : मदन साहू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आरगांव संकुल में शिक्षक-पालक मेगा बैठक आयोजित की गई। नई शिक्षा नीति लागू किए जाने के साथ ही इस आयोजन के सहारे पालकों तक जानकारी पहुंचाने की मुहिम भी चल रही है। संकुल के स्कूलों के शिक्षकों ने यहां पालकों को स्वागत किया और उन्हें बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान स्कूलों में न्योता भोजन के आयोजन की जानकारी भी पालकों के साथ साझा की गई।

मंगलवार को शासकीय उच्च. माध्य. शाला आरगांव में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक मेगा बैठक में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू भी शमिल हुए। उन्होंने यहां पालकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में अनुशासन आवश्यक है। इसके लिए शिक्षक और पालक दोनों को जिम्मेदार होना होगा ताकि बच्चों को सही शिक्षा और संस्कार मिले। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने ही हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिया। डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही यह कानून लाया गया जिससे अब हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त हो रही है। आयोजन की सराहना करते हुए मदन साहू ने संकुल समन्वयक एनआर साहू, संकुल प्राचार्य बीके भुआर्य सहित प्रधान पाठकों व शिक्षकों का अभिवादन किया। यहां मौजूद विभिन्न ग्रामों से आए पालकों को भी उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में भागीदार बने रहने की बात कही।

# तिरंगा यात्रा को लेकर जिले में व्यापक अभियान चलेगा : रमेश पटेल



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हर-घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने भाग लेकर जिले में इस अभियान के लिये अब तक किये गये कार्यो का ब्यौरा पेश करते हुये कहा कि जिले में पार्टी कार्यकर्ता हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर सजग व जागरूक है। मंडल स्तर व जिला स्तर पर बैठकें होकर बूथ स्तर पर इस कार्य में कार्यकताओं को लगाया जा रहा है। भाजपा के इस प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश में रहने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों, राष्ट्रीय मोर्चा के पदाधिकारी, राष्ट्रीय मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्यों, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी, संभाग प्रभारी-सह प्रभारी, जिला प्रभारी व सहप्रभारी, सांसद-विधायक, जिला भाजपा अध्यक्ष, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, हर-घर तिरंगा अभियान की जिला टोली, विभाजन विभीषिका टोली व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्षों ने भाग लिया।

## जिले भर में एक करोड़ की आलमारियों की खरीदी हुई

# स्कूलों को मिली आलमारी की गुणवत्ता खराब, जांच के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्कूलों में सप्लाई की गई आलमारी की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आ रही है। एक करोड़ की कीमत की इस सामग्री की आपूर्ति के बाद अब जांच की तैयारी है। डीईओ अभय जायसवाल के मुताबिक 3 सदस्यीय जांच दल को आलमारी की गुणवत्ता की जांच का काम सौंपा गया है।

1 करोड़ की लागत से जिले के स्कूलों में अलमारी की सप्लाई की गई है। स्कूलों में भेजे गए अलमारी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शिकायत की भी तैयारी है। अलमारी मजबूत नहीं है। आपत्ति होने पर अब जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कलेक्टर के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने तीन सदस्यीय टीम बनाई है। जांच के बाद ठेकेदार पर आगे की कार्रवाई होगी। माह भर पहले शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी स्कूलों में अलमारी की सप्लाई की गई है। बताया जा रहा कमीशन के चक्कर में स्तरहीन व घटिया स्तर की अलमारी सप्लाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार इसी ठेकेदार ने कांग्रेस राज में पूरे पांच साल तक जिले के स्कूलों में अलमारी सहित अन्य सामानों की सप्लाई की है।

### दोषी सप्लायर के खिलाफ हो करवाई : आलोक श्रोती

भाजपा नेता आलोक श्रोती ने इस संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव से लेकर सांसद संतोष पांडे एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को भी पत्र लिखकर आलमारी एवं फर्नीचर सप्लाई के दोषी सप्लायर के खिलाफ जांच करने के साथ ही कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्रोती ने कहा है कि अब तक इस सप्लायर द्वारा राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ में जहां-जहां भी सप्लाई की गई है। सभी कार्यों की जांच करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया जाए और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सप्लाई की गई सामग्री का भौतिक सत्यापन भी कराए जाने की मांग भी की है।

# कलेक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अग्रिम सहयोग चेक दिया

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत श्रीमती विद्या सांगोडे के नाम से पति रितेश सांगोडे को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 20 हजार रूपए का चेक अग्रिम सहयोग राशि के रूप में प्रदान किया। कलेक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक सभी जांच का व्यय जिले में संचालित रेडक्रास समिति द्वारा वहन करने के निर्देश दिए। विद्या सांगोडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान किये जाने के संबंध में शासन से आग्रह किया गया था। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर डॉ. संदीप दवे से किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में मिलकर चर्चा की गई। संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर द्वारा बताया गया कि मरीज श्रीमती विद्या सांगोडे का किडनी ट्रांसप्लांट शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत निःशुल्क किया जाएगा एवं किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व आवश्यक समस्त जाँच का व्यय परिजन को वहन करने के संबंध में जानकारी दी गई।

# कला जगत में ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में दिनांक 05 अगस्त को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीत संकाय के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय कुलगीत एवं राजगीत से प्रारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर (आई.ए.एस) दुर्ग संभागायुक्त एवं कुलपति इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय तथा मुख्य वक्ता विशिष्ट अतिथि प्रो. मनीष श्रीवास्तव, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर उपस्थित हुए। प्रो. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन एवं ज्ञानर्जन के लिये विशेष लक्ष्य रखने के लिये मार्गदर्शन देने के साथ साथ कला के प्रति समर्पित एवं सीखने के लिये हमेशा तत्पर रहने के लिये प्रोत्साहित किया,उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य एवं कार्यान्वयन के संबंध में जानकारी दी। मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर अपने उद्बोधन में कला जगत में ऊंचे लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करते हुए विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को ऊंचा उठाने की बात कही। विश्वविद्यालय में छात्रों के लिये छात्रावास की समुचित व्यवस्था तथा पुस्तकालय में अध्ययन हेतु समय-सीमा प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक वृद्धि होने की जानकारी दी। इससे विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक सभी लाभान्वित होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र सुविधा व अकादमिक गतिविधियों में प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।इसके साथ ही विश्वविद्यालय के लिये प्रेरणादायक उदाहरण भी दिये। विश्वविद्यालय का परिचय अंग्रेजी विभाग के शिक्षक द्वारा पावर प्वाईट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की स्थापना ऐतिहासिक पृष्ठभूमि व्यायाम शाला, स्वास्थ्य सुविधा, लाईब्रेरी व छात्रावास की सुविधा एवं दीक्षांत समारोह, खैरागढ़ महोत्सव, श्रुति मण्डल व अन्य प्रमुख समारोह के संदर्भ में जानकारी दी गई।

# बरगांव में मनाया गया संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक सम्मेलन का आयोजन डॉ. रक्षित हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव में संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें चिरवारी संकुल एवम बरगांव के कुल 12 प्राथमिक एवम दो मिडिल स्कूल के पालक और शिक्षको को आमंत्रित किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षक और बालकों के बीच आपसी संवाद को बेहतरीन बनाते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जाना है। इसमें लगभग आसपास के गांव से 200 से भी अधिक संख्या में पालक और शिक्षक उपस्थित थे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत सदस्य सावित्री सिंह उपस्थित थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विजय रक्षित शिक्षाविद, डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव एवम ग्राम सरपंच संयुक्त सभा विकास प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य एवं मांदर के वादन के साथ किया गया अतिथियों के द्वारा सबसे पहले मां सरस्वती के चित्रों पर धूप दीप अर्पित किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत क्रमशः विद्यालय की प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा किया गया स्वागत के क्रम में विद्यालय की व्याख्याता शिक्षिकाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य और इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी इस पर सबसे पहले विद्यालय की प्राचार्य ज्योति तिर्की ने अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान समय में बहुत ही जरूरी है कि बच्चों के विकास के लिए हम सब एक साथ मिलकर काम करें उसके पश्चात शिक्षकों के द्वारा क्रमवार छात्र बेबाक बोलेगा, मेरा कोना, छात्रों की दिनचर्या चार्ट, बच्चों की अकादमी प्रगति, नई शिक्षा नीति, जाति निवास आय प्रमाण पत्र, जादू पिटारा बस्ता रहित शनिवार को क्रमवार प्रभारी शिक्षकों के द्वारा दृश्य,एकांकी नाटक के माध्यम से रोचक प्रस्तुति की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न योजनाएं 10वीं 12वीं के पढ़ने के दौरान करियर की संभावनाएं एवं आगामी पढ़ाई के लिए प्लेटफार्म करियर काउंसलिंग जैसे समस्त कार्यक्रम क्रमवार प्रभारी व्याख्याता एवं शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया शिक्षक पालक मेगा बैठक सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर विजय कुमार रक्षित ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा की स्थानीय भाषा और बोली से आपसी संवाद बेहतर बनता है। स्थानीय बोली में स्वाभाविक रूप से मधुरता का समावेश होता है जश पुर के जनजातीय परंपराओं में अपने से उम्र में बड़ी महिलाओं को आयो और पुरुषों को बड़ा ऐसे का संबोधनों का प्रयोग किया जाता है। जिससे पालक और ग्रामवासी सहज रूप से आत्मीयता महसूस करते हैं जशपुर नगर की अपनी विशिष्ट संस्कृति है और इस संस्कृत में स्थानीय बोली जिस सादरी कहा जाता है उसका भी बहुत महत्व है जब हम हाट बाजार जाएं पालकों से संवाद करें ग्राम वासियों से मिलने जाएं तो हम अपनी भाषा सहज रूप से स्थानीय बोली में करेंगे तो इसका प्रभाव उन्हें हृदय तक महसूस कर सकेंगे। उन्होंने पालकों को और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं यहां के होने वाले समस्त कार्यक्रमों को देखकर प्रतीत होता है कि यहां के शिक्षक पूरे तन्मयता के साथ विद्यालय और बच्चों के विकास के लिए समर्पित हैं उम्मीद करता हूं कि विद्यालय प्रगति के नए सोपान तय करेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव शासकीय एन ई एस महाविद्यालय जशपुर के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा पालकों को उद्बोधन करते हुए कहा शिक्षक की समाज में बहुत बड़ी भूमिका होती है वह बच्चों के भविष्य का तो निर्माण करते ही हैं लेकिन एक आदर्श समाज और आने वाले भविष्य के भारत की नई पीढ़ी भी तैयार करते हैं इसलिए आवश्यक है कि शिक्षकों का हर संभव सहयोग पालक आपस में मिलकर करें एक परिवार की तरह शिक्षक और पालक जब मिल जाएंगे तो बच्चों के विकास सर्वांगीण तरीके से हो सकेगा।

# मानव अधिकार आयोग ने श्वान आतंक पर स्वत: स्फूर्त संज्ञान लिया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा श्वान आतंक पर स्वतःस्फूर्त संज्ञान लिया गया है। ज्ञात हो, नवम्बर 2023 को रायपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र में इन जख्मों का गुनाहगार कौन, इस आशय की खबर प्रकाशित हुई थी। उक्त शीर्षक से प्रकाशित खबर के उपरांत आयोग द्वारा विगत वर्ष में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का अध्ययन कर, प्रदेश के सभी शासकीय जिला अस्पतालों से श्वान काटने के प्रकरणों और उस पर किये जा रहे वेक्सिनेशन व ईलाज के संबंध में जानकारी आहूत की गई। भारतीय मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 12 (ज) के तहत मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए रक्षोपायों के प्रति जागरूकता का संवर्धन करने का दायित्व, छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग का है। पालतू एवं आवारा श्वानों के काटने से कई आमजन जीवन के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, अनेक लोगों के स्वास्थ्य का अधिकार प्रभावित हुआ है, मनुष्य अल-सुबह या रात्रि में घरों से निकलने में भयभीत होते हैं। रास्ते में चलते श्वान भोंकते व काटते हैं, जिससे मानवाधिकारों का खुले आम उल्लंघन होता है, अस्तु उक्त स्वतःस्फुर्त प्रकरण में संज्ञान लेकर छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा डॉग बाईट के प्रकरणों के संबंध में सम्पूर्ण प्रदेश के जिलों से आंकड़े बुलवाए गए हैं, आंकड़ों के आधार पर परिलक्षित होता है कि वर्ष भर में एक लाख 19 हजार से अधिक आवारा/पालतू श्वान के काटने की घटनाएं प्रदेश में सामने आ रही हैं। डॉग बाईट के कारण शारीरिक और आर्थिक क्षति से बचा जा सके, इसके लिए अर्थात नागरिकों को इस गंभीर विषय से जागरूक कराया जाना आवश्यक है, प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह प्रतीत होता है, कि श्वान काटने पर शत-प्रतिशत एंटी रेबीज के टीके तो लग रहे हैं, परन्तु डॉग बाईट एक गंभीर विषय है एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली, मानवीय जीवन को संकटापन्न स्थिति में लाये जाने की घटनाएँ कम हो सकें, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर जागरूकता जरुरी है। प्रदेश से प्राप्त डॉग बाइटिंग के यह आंकड़े जनमानस की जागरूकता के लिए आवश्यक हैं। पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 जिसमें निरंतर संशोधन होते रहे हैं, कि धारा 11 की उपधारा 1 के तहत पशुओं के प्रति यदि किसी व्यक्ति द्वारा क्रूरता की जाती है तो उसके संबंध में दंड का प्रावधान है, साथ ही इसी धारा के उपधारा 11 (ख) में आवारा कुत्तों में दुर्दांत अथवा मानव जीवन के लिए खतरा होने की स्थिति में प्राणहर कक्षों में या अन्य ढंग से नष्ट किये जाने का भी उपबंध है। यह सामान्यतः पागल हो चुके श्वान पर लागू होता है। नागरिकों का भी यह कर्तव्य है, जो आवारा श्वान को किसी भी स्थान पर भोज्य पदार्थ डाल देते हैं, इस विषय में जन चेतना आवश्यक है, ताकि छोटे बच्चे, बुजुर्ग व अन्य आम इंसान को श्वान क्षति न पहुंचाएं। इसमें यह देखना आवश्यक है, कि किसी भी क्षेत्र में हिंसक अथवा मानव जीवन के लिए खतरा बनने वाले श्वान की जानकारी तत्काल रहवासी सम्बंधित विभाग को दें।

# मनोरा के ग्रा. पंचायत ओरडीह में एक सप्ताह से बिजली सप्लाई ठप, शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर नही बदला

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com



विकास खंड मनोरा के ओरडीह ग्राम पंचायत के कंडोरा धनीटोली में बीते एक सप्ताह से बिजली सप्लाई बंद है। बारिश शुरू होते ही बिजली समस्या आम बात हो गई है। अफसरों से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती हैं। सबसे बुरा हाल इन दिनों ग्रामीणों इलाकों का है, जहां फॉल्ट आने की वजह से कई कई दिनों से बिजली सप्लाई ठप है और ग्रामीण अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। ओरडीह पंचायत के कंडोरा मोहल्ले के धनीटोली में एक सप्ताहसे बिजली सप्लाई ठप है। जिससे धनीटोली हॉस्टल अंधेरा पसरा हुआ है। हलाकान हैं तो रात के अंधेरे में डर की वजह से घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। क्योंकि जंगली जानवर और सांप-बिच्छू का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने गांव में बिजली गुल होने की जानकारी देने बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को मौखिक रूप से जानकारी दी गई है लेकिन उनके तरफ से आश्वासन के अलावा कुछ नही मिलता है। अब एक सप्ताह हो गया है। बिजली कब आएगी सोचते रहते है। बिजली समस्या को लेकर शिकायत करने ग्रामीण बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे। धर्मेंद्र एक्का, अजीत एक्का, प्रभु प्रकाश तिग्गा, प्रकाश एक्का इनके द्वारा कहना है कि मौखिक रूप जानकारी दी गई है। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बिजली नही आई।

> स्टॉक में खत्म हो जाने के कारण ट्रांसफर्मर अबतक नही लगा है। जशपुर गाड़ी गई है। मिलेगा तो लगाया जाएगा।
> **-एलविन टोप्पो, कनिष्ठ अभियंता मनोरा**

# पानी निकासी की व्यवस्था नही होने से वार्ड 9 के नागरिक परेशान, शिविर में जाकर सौंपा ज्ञापन

## बारिश का पानी सड़कों में हो रहा है जमा

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड नंबर 9 में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नही होने से नागरिक खासे परेशान हैं। वार्ड की महिलाओं ने नाली निर्माण की मांग के लिए जनसमस्या निवारण शिविर में अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा है। वार्ड के लोगों ने बताया कि वार्ड नंबर 09 में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण बरसात का पानी घरों में घुसने के साथ मुख्य सड़क पर जमा हो जाता है। सड़क में घुटने भर पानी भरा रहता है जिस पर आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ती हैं। रात के अंधेरे में लोग सड़क पर जमा पानी की गहराई को भाप नहीं पाते और गिरकर घायल हो जाते हैं। लोगों की मांग है कि नगर पंचायत वार्ड में नाली का निर्माण जल्द कराए। इसलिए लोगों ने नगर पंचायत के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को वार्ड में नाली निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया है। वार्ड के रहवासियों की मांग हैं कि वार्ड में नाली निर्माण की बहुत आवश्यकता हैं। मांग पत्र सौंपने वालों में संतोषी सोनी, सुनीता बाई रात्रे, सावित्री यादव, किरण बाई साहू, नीलू सोनी, बर्वती रोहिदास, खुशबू रोहिदास, किरण महसी, ममता कश्यप, सूरज यादव, चंद्रमोहन श्रीवास्तव, योगेश रात्रे, आशीष कश्यप, गिरधर यादव, भीष्म यादव, मुकेश, महसी, छोटू दास, दिलेश्वर रोहिदास आदि मौजूद थे।

# राज्य के यात्री बस संचालकों की सभा, विभिन्न सुझावों पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




बस ओनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के संरक्षक संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अनिल पुसदकर की उपस्थिति में राज्य के यात्री बस संचालकों की सभा हुई। सभा में विभिन्न सुझावों पर चर्चा के बाद राज्य शासन से सहमति बनाने का फैसला लिया गया। बस संचालकों ने सुझाव दिया कि वाहन से संबंधित सभी कार्य आनलाइन हों। सिटी बसें केवल शहरों के अंदर चलाई जाए और स्टेज कैरिज के रूप में संचालन बंद हो। एक अप्रैल 2020 के पूर्व पंजीकृत यात्री बसों में जीपीएस सिस्टम लगाने की अनिवार्यता समाप्त हो। सिटी बसे रेल्वे स्टेशन से बस स्टेशन, पुराना बस स्टैंड पंडरी, नवा रायपुर के मध्य 10 मिनट अंतराल पर संचालित हो। इसके अलावा पर्यटक अनुज्ञापत्र वाली बसें संभागीय बस स्टेशनों से संचालित हों। यात्री बसों के परमिटों के बीच कम से कम दस मिनट का समय निर्धारित की जाए। एक अनुज्ञाधारी वाहन स्वामी को भी स्पेयरस आरक्षित परमिट जारी हो। स्कूल बसों को शादी व धार्मिक कार्य के लिए स्पेशल परमिट न दी जाए। टैक्सी, सुमो, क्रुजर वाहनों का संचालन पंजीकृत जिले में ही हो, नही दो जिलों के बीच। छत्तीसगढ़ परिवहन नीति बनाना आवश्यक है, जिसमें बढ़ती हुई महंगाई अनुसार यात्री किराया निर्धारण हो। ओडिशा में यात्री बसों को टोल टैक्स में संपूर्ण छूट मुख्यमंत्री के निर्देश पर लागू किया गया है। इसका प्राविधान छत्तीसगढ़ में पंजीकृत यात्री बसों में भी लागू हो। साथ ही वर्तमान में सेक्टर-27 में स्थित आरटीए भवन को इंद्रावती भवन में ही स्थापित किया जाए। एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार को समाप्त कर संभागीय आयुक्तों को कार्य बांटें। यात्री वाहन जिनका स्टेज कैरिज अनुज्ञापत्र हो, उन्हें भी रैली, शादी, धार्मिक कार्य, राजनीति रैली के लिए आनलाइन परमिट मिले।

# रामानुजगंज नगर पंचायत परिषद की विवेक हीनता के कारण आम जनता परेशान

## एसडीएम एवं दण्डाधिकारी देवेंद्र प्रधान के निर्देश को भी किया दरकिनार

■ सड़क पर फैले मलबे के कारण लोग हो रहे हैं चोटिल

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत परिषद की विवेक हीनता के कारण आए दिन हजारों जनता को परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है जो कार्य बरसात पूर्व करना चाहिए था उस कार्य को बरसात में कराकर लोगों को जबरन परेशान किया जा रहा है सड़क जाम होने से प्रतिदिन लगभग 25000 से ऊपर की जनसंख्या वाले शहर की जनता परेशान हो रही और नगर पंचायत परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधि मुख्य दर्शक बने हुए हैं एसडीएम के निर्देश के बाद भी अभी तक सड़क से मलबे को नहीं हटाया गया है। गौर तलब है कि रामानुजगंज नगर पंचायत परिषद के द्वारा नगर विकास के नाम पर आए दिन लोगों को परेशान करने का जैसे बीड़ा ही उठा रखा है जहां पाया वहां गड्ढा खोदकर छोड़ दिया जा रहा है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा नाली निर्माण कराने के नाम पर अच्छी खासी बनी बनाई नाली को तोड़ ताड़कर पुनः से नया नाली का निर्माण कराया जा रहा है। बरसात प्रारंभ होते ही एक ऐसी ही नाली का निर्माण लरंग साय चौक से लगे हुए जेल रोड में स्थित बेहतर नाली को तोड़कर पुनः दूसरे नाली का निर्माण कराया जा रहा था इसी बीच बरसात प्रारंभ हो गई और रोड क्रॉस कर निकलने वाले नाली का पानी का रास्ता जाम हो गया। सूत्र बताते हैं कि वह पहले से ही नाली जान पड़ा हुआ था जिसकी सफाई नगर पंचायत परिषद को बरसात से पूर्व करा लेनी चाहिए थी लेकिन नहीं कराया गया ऊपर से नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में जब पानी भरा तो लोगों को घरों में घुसने लगा तब जाकर आनन फानन में उस जाम नाली के पटिया को कबार कर नली की सफाई करा दी गई। जिसके कारण आम जनता को लगातार दो माह तक भरी बरसात में दूसरे मार्ग से कीचड़ कादो से होकर गुजरना पड़ा। अब जब डायवर्सन तैयार हो गया है तो तीन फीट का रास्ता खोलकर बाकी रास्ते को ब्लॉक कर रखा गया है वहीं पूरे सड़क पर मालवा फैले होने के कारण जेल रोड से होकर गुजरने वाले आम जनता से छात्र-छात्राएं एवं शासकीय सेवकों को नगर पंचायत परिषद के लोग विगत दो माह से अपने विवेक हीनता का परिचय देते हुए परेशान कर रखा हैं। कुछ लोगों के द्वारा जब इसकी खबर रामानुजगंज एसडीएम देवेंद्र प्रधान को दी गई तो उनके द्वारा पहल करते हुए संबंधित विभाग को रास्ते से मलवा हटाने एवं आवागमन को सुगम बनाने के लिए तत्काल निर्देश दिए गए इसके बावजूद भी नगर पंचायत के विवेक हीन परिषद के लोगों के द्वारा कोई पहन नहीं की गई जिसका परिणाम आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि सड़कों पर गिट्टी बालू माटी के कारण दो पहिया वाहन साइकिल सहित अन्य वाहन स्लिप होकर गिर जा रहे हैं। लेकिन इससे नगर पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कोई सरोकार नहीं है। ऐसी ही अव्यवस्था नगर के अन्य कई वार्डों में पसरी हुई है विकास के नाम पर आम जनता को केवल नाली निर्माण और सीसी रोड के अलावा नगर पंचायत आज तक किसी को कुछ नहीं दिया और इस निर्माण में भी लोगों को परेशान करने की जैसे वीणा ही उठा रखी है और व्ही एसडीएम एवं दण्डाधिकारी देवेंद्र प्रधान के आदेश को भी दरकिनार कर आम जनता को परेशान किया जा रहा है?

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने वाले 8 आरोपियों को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने वाले 8 आरोपियों को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। मृतक राजकुमार पटेल ग्राम धाराशिव में चबूतरा के पास बैठा था उसी समय दाऊलाल और उसके घर वालों के साथ विवाद हो गया जिस पर रामकुमार पटेल, राजकुमार पटेल, अजय पटेल, कृष्णा पटेल, छोटी पटेल, परमेश्वरी बाई, बतीबाई और अन्य लोग लडाई झगडा करने के लिए घर से बाहर निकल गए, और मृतक राजकुमार को हाथ मुक्का से लात घुसा से मारपीट करने किए और तेरे जैसे आदमी को मार जाना चाहिए क्यों नहीं मर जाता जाके मर जा बोले जिस पर मृतक राजकुमार डायल 112 को फोन किया डायल 112 के द्वारा जाकर समझाइस दी गई जिस पर विवाद शांत हुआ पर मृतक अपने आप को अपमानित महसूस किया और मृतक राजकुमार बोला कि तुम लोग मुझे मेहमानों एवं गावं के लोगो के सामने मारपीट कर बेईज्जती किये हो मै जा रहा हूँ तुम लोगों के नाम से जहर पीकर आत्महत्या करूगा बोलते हुए तालाब की ओर गया है और हाथ में जहर का डिब्बा लाकर जहर पी रहा हू बहुत अपमानित किए हु कहकर जहर को पी गया था। जिसे इलाज के लिए तत्काल उसके पिता और गांव वालो के द्वारा राछा सीएचसी लाया गया जहा से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया और मृतक का इलाज के दौरान बिलासपुर अस्पताल में मृत्यु हो गया। जिसका थाना सिविल लाइंस में बिना नंबरी मर्ग जांच किया गया एवम थाना नवागढ़ में उक्त मर्ग जांच पर से अपराध क्रमाक 294/24 धारा 296,115(2) 190, 191(2),108 BNS अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान उपरोक्त प्रकरण में पीएम रिपोर्ट, गवाहों के कथन से उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से आरोपियों को 06.08.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ एवं नवागढ़ स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## लोग वेतन के लिए नही बल्कि वतन के लिए काम करे तो भारत को विश्वगुरू बनने से कोई रोक नही सकता : ड़ॉ जी.सी.भारव्दाज

# दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





छ.ग. शासन के आदेश पर प्रदेश के सभी विश्वविघालय एवं महाविघालयों में 5 अगस्त 2024 को दीक्षारंभ समारोह एवं इन्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य महाविघालयों में नवप्रवेशित छात्रों एवं उसके पालकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नियमों एवं प्रावधानों से अवगत कराने के साथ उन्हे अन्य कोर्स के बारे में जानकारी देना था । इसी परिपेक्ष्य में शासकीय लक्ष्मणेश्वरस्नातकोत्तर महाविघालय खरौद में भी 5 अगस्त को महाविघालय के आडिटोरिम में दीक्षारंभ समारोह एवं इन्ड़कशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसके मुख्यअतिथि गुलाब चंदेल भाजपा जिलाध्यक्ष थे तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविघालय के प्राचार्य ड़ाँ जी. सी. भारव्दाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबोध शुक्ला पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एव वरिष्ठ पत्रकार खरौद,धनंजय सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा जांजगीर, गोविन्द यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खरौद, शरद शर्मा मण्डल महामंत्री, प्रशांत दुबे जिला संयोजक शिक्षा विभाग, उत्तम सोनी संयोजक जिला व्यापार प्रकोष्ठ, देव नोनिया सदस्य जिला कार्य समिति रमाकान्त सिंग सेवा निवृत्त शिक्षक, चन्द्रवती सोनी अध्यक्ष महिला मोर्चा मण्डल एवं नंदनी नोनिया संयोजक महिला स्व सहायता समूह उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों व्दारा दीप प्रज्जवलित कर एवं राज्य गीत का गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात प्राध्यापकों एवं अतिथियों द्वारा महाविघालय में नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया उसके बाद महाविघालय के प्राचार्य ड़ाँ जी. सी. भारव्दाज ने स्वागत भाषण पढ़ा। इस अवसर पर उन्होने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य, महत्व एवं आवश्यक्ता को बतलाते हुए इसे भारत को विश्वगुरू बनने की दिशा में कारगार कदम बताया और कहा कि "लोग वेतन के लिए नही बल्कि वतन के लिए काम करे तो भारत को विश्वगुरू बनने से कोई रोक नही सकता" मुख्य अतिथि गुलाब सिंह चंदेल ने प्राचीन शिक्षाऔर आधुनिक शिक्षा का तुलना करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उन्होने छात्र, समाज और राष्ट्रहित में होना बताया और धनजय सिंह ठाकुर और सेवा निवृत्त शिक्षक रमाकान्त सिंग ने इसे रोजगारोन्मुखी बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अन्य अतिथि एवं पालकों ने भी अपने विचार साझा किया। इन्डक्शन प्रोग्राम के अन्तर्गत एन.ई.पी. के संयोजक प्रो.रामेंद्र लहरे एवं सदस्य प्रो. संजीव सिंह एवं प्रो.ओ.पी. महिपाल ने महाविघालय में नवप्रवेशित छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एव इन्डक्शन प्रोग्राम क्या है इसके बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से बताने के साथ उन्हे अन्य कोर्सेस के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत के प्रो.उतरा निराला ने की एवं आभार प्रर्दशन प्रो. रामेन्द्र लहरे ने किया। इस समारोह में महाविघालय के सभी प्राध्यापक कर्मचारी सहित काफी संख्या में नवप्रवेशित छात्र एवं उसके पालक उपस्थित थे।

# निगम ने अभियान चलाकर निगम क्षेत्र में 81 आवारा मवेशियों को सड़को से पकड़कर गौठान भेजा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा सड़क मार्गो में काउकेचर एवं विशेष टीम के श्रमवीरो की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है। अभियान के तहत आज जोन 1 की टीम द्वारा 8, जोन 3 की टीम ने मार्गो से 1 आवारा मवेशी की धरपकड़ कर गौठान में छोडा। जबकि जोन 4 ने 3 और जोन 5 ने 5 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 6 की टीम ने 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 7 ने 6, जोन 8 ने 14, जोन 9 ने 31 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 10 से 3 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काउकेचर वाहन एवं विशेष टीम की श्रमवीरों की सहयोग से करते हुए उन्हें गौठान छोड़ा। अभियान के तहत जोनों की काऊकैचर टीमों ने कुल 81 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान सतत निरंतर जारी रहेगा।

# बच्चों ने मुख्यमंत्री को पोस्टर एक्सप्लेन कर दी 'पालक-शिक्षक मीटिंग' के एजेंडा की जानकारी

## मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से कहा- मेहनत और लगन से पढ़िए और अपना उज्ज्वल भविष्य गढ़िए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मेगा पालक शिक्षक बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्कूली बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से पालक शिक्षक मीटिंग के उद्देश्य और गतिविधियों की रूपरेखा और इससे छात्रों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 13 बिंदु पालक शिक्षक मीटिंग के लिए निर्धारित किए गए हैं, अलग अलग बच्चों ने इन बिंदुओं के बारे में बताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और बच्चों से इन सभी का अच्छे से लाभ उठाने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों से उनके करियर प्लान भी पूछे और खूब मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करने की सीख दी। उन्होंने कहा जीवन में श्रेष्ठता हासिल करने का एक मात्र माध्यम शिक्षा है। आप करियर में जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते उसके लिए लगन और मेहनत से पढ़िए जिससे आप अपना उज्ज्वल भविष्य गढ़ सकें। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय और स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी इस दौरान साथ रहे। पालक शिक्षक संवाद में पालकों को बच्चों के लिए यथासंभव घर में पढ़ाई के लिए मेरा कोना-स्टडी कॉर्नर के रूप में एक निश्चित स्थान तय करने की बात बताई गई। इसी प्रकार छात्रों के लिए एक आदर्श दिनचर्या कैसी हो इसकी जानकारी दी गई। बच्चों ने क्या सीखा के तहत पालकों की सहभागिता बढ़ाने के साथ उनकी प्रोग्रेस मॉनिटर करने में सहायता मिलेगी। ''बच्चा बोलेगा बेझिझक'' से बच्चों के अंदर स्टेज में बोलने के भय को दूर करना और पब्लिक स्पीकिंग और लीडरशिप क्वालिटी बढ़ाने पर काम होगा। बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा का उद्देश्य पालकों और छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को दूर करना और अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार के अंतर्गत अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों से छात्रों को जोड़ना, विद्यार्थियों के आयु/कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी देना, न्योता भोज के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवम छात्रों को अवगत कराना, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं/छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र निर्माण और नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# विद्युत उपकेन्द्र निर्माण में लापरवाही 2 ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड, 33 को कड़ी चेतावनी

## विद्युत कंपनी अध्यक्ष पी.दयानंद ने कहा- कोताही बर्दाश्त नहीं



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद ने विद्युत अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। जिन संस्थाओं द्वारा लंबे समय से कार्यों में लापरवाही की जा रही है और जिनके कारण निर्धारित समय सीमा में कार्य नहीं हो पा रहे हैं ऐसी 2 संस्थाओं को तीन वर्षों की लिए ब्लैकलिस्टेड किया गया। एक संस्था के निवेदन पर उसे कार्य पूर्ण करने के लिए 3 माह का समय दिया गया यदि इस समयावधि में उन्होंने कार्य पूरा नहीं किया तो उन्हें भी ब्लैकलिस्टेड कर दिया जाएगा। इसके अलावा 32 संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। दयानंद ने कड़े तेवर दिखाते हुए चेतावनी दी कि विद्युत विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दयानंद ने छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आर.डी.एस.एस.), प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पी.एम. जनमन) तथा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना की समीक्षा की। उन्हें आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत विकास कार्यों को जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए उन्होंने समस्त संस्थाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पी.एम. सूर्यघर बिजली योजना को लोकप्रिय तथा लोगों की पहुंच में लाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी ली तथा इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्हें बताया गया कि 33/11 के.वी. उपकेंद्रों तथा लाइनों के निर्माण का कार्य संबंधित ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पूरा नहीं हो पा रहे हैं। इसे देखते हुए जशपुर जिले के सोनक्यारी एवं कुड़ेकेला 33/11 केवी उपकेंद्र के निर्माण कार्य में कोताही के लिए जिम्मेदार संस्था मेसर्स एनकेजेए एंड डेवलपर्स इन्फ्रा रायपुर को तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्टेड किया गया। इनका कार्य 4 मार्च, 2024 तक पूर्ण हो जाना था लेकिन बहुत कम कार्य किया गया है।

जशपुर जिले में अंकिरा से गंजियाडीह के बीच लाईन निर्माण के कार्य में लापरवाही करने वाले मेसर्स सुरेंद्र राठौर को भी ब्लैकलिस्टेड करते हुए उनकी अमानत राशि राजसात करने के निर्देश दिये गये। इसी तरह सरगुजा जिले के चंगोरी 33/11 केवी उपकेंद्र का ठेका लेने वाली संस्था मेसर्स धनंजय कुमार तिवारी द्वारा 24 दिसम्बर 2023 को कार्य पूर्ण किया जाना था, उन्होंने मात्र 40 प्रतिशत काम किया है। इन्हें भी ब्लैकलिस्टेड किया जा रहा था लेकिन इन्होंने तीन माह का समय मांगा है। तीन माह में कार्य पूर्ण नहीं किये जाने पर इन्हें भी ब्लैकलिस्ट किया जायेगा। दयानंद ने पीएम जनमन योजना के तहत 7 हजार 77 घरों में बिजली कनेक्शन देने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार की योजनाएं व्यापक जनहित के लिए होती है। यदि उनका लाभ सही समय पर संबंधित क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पाये तो यह लापरवाही वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन पर जोर देते हुए जनहित के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं जिससे लोगों को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सके और उनके विकास के रास्ते आसान हो सके।

# राजभवन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के लिए हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में राजभवन में शाम को 'स्वागत समारोह' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश की रक्षा के लिए शहादत करने वाले सैनिकों के परिजनों, पद्मश्री, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता समारोह के सुचारू आयोजन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजभवन परिसर एवं आस-पास की साफ-सफाई, दीवालों में रंग रोगन, वर्षा को देखते हुए मैदान का समतलीकरण कार्य कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार परिसर स्थित उद्यान की साफ-सफाई, राजभवन में रोशनी की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण व्यवस्था, सुचारू बिजली व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, अतिथियों की बैठक व्यवस्था, अतिथियों के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश सचिव ने संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में राज्यपाल के उप सचिव हिना अनिमेष नेताम, राजभवन के अधिकारी रायपुर जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी, नगर-निगम, लोक निर्माण विभाग, सी.एस.ई.बी. एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पिछले वर्ष खरीदा गया धान बारिश में सड़ रहा : दीपक बैज



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते लाखो टन धान का निराकरण अभी तक नहीं हो पाया है और धान बारिश में भीगकर सड़ रहा है। सरकार पिछले वर्ष खरीदे गये धान का न पूरा उठाव कर पाई और न ही धान को सुरक्षित रखने का पूरा इंतजाम किया है। इस वर्ष भी खरीफ की फसल लग गई है लेकिन पिछले वर्ष का धान सड़ने छोड़ दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में राज्य सरकार के लापरवाही के चलते प्रदेश में 22 लाख क्विंटल से अधिक धान जिसकी कीमत 682 करोड़ रुपए से अधिक है वह खराब हो गई है। डबल इंजन की सरकार धान को सडा कर अन्नदाताओं की मेहनत का अपमान कर रही। धान का सड़ना धान घोटाला की ओर इशारा कर रहे हैं। जानबूझकर धान के रखरखाव पर लापरवाही बरता गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बीते 5 वर्षों में बंपर धान की खरीदी हुई थी और समय पर कस्टम मिलिंग हो गया था।

# मंत्री नेताम ने केन्द्रीय जनजातिय कार्य मंत्री जुएल ओराम से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्री जुएल ओराम से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ओराम से छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति-जनजाति सहित कमजोर व पिछड़े वर्गों के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। आदिम जाति मंत्री नेताम ने इस दौरान केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2022-23 शेष राशि 74 करोड़ 69 लाख 27 हजार रूपए जारी करने का अनुरोध किया। इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 1653 करोड़ 71 लाख 20 हजार रूपए का प्रावधान किया गया था। मंत्री नेताम ने इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ओराम से आदिवासी उप योजना के विशेष केन्द्रीय सहायता योजना के तहत 162 करोड़ रूपए और छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा के लिए 55 करोड़ 14 लाख 35 हजार रूपए के प्रस्तावों को वर्ष 2024-25 में शामिल कर स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया। मंत्री नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विशेष तौर पर बस्तर संभाग के माओवाद से प्रभावित पांच जिलों में चलाए जा रहे नियद नेल्लानार योजना, प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय को समाज के मुख्य धारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा अनुरूप संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना की प्रगति सहित इन वर्गों के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# माता-पिता बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानें उनके साथ मित्रवत व्यवहार रखें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय स्कूलों में मेगा पैरेंट्स-टीचर मीट प्रारंभ किए गए है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मौदहापारा स्थित शहीद स्मारक उच्चर माध्यमिक स्कूल के पैरेंट्स-टीचर मीट में शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने पालकों से संवाद किया और उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों की तर्ज पर जिले के शासकीय स्कूलों में मेगा पैरेंट्स-टीचर मीट की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री साय की पहल पर पढ़ाई के स्तर को बेहतर करने के लिए नई शुरूआत है। इस मीटिंग के जरिए स्कूल के विकास में पालकों के सुझाव पर चर्चा होगी और इससे बच्चों की समस्या भी दूर करने में यह बैठक महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री साय ने भी आज पालकों से शासकीय स्कूलों में बातचीत की। ऐसे कार्य संवेदनशील मुख्यमंत्री ही कर सकते है। इस मीटिंग के माध्यम से पालकों के अनुभव साझा होते है और स्कूल की गुणवत्ता, सुगमता और बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिलती है। डॉ. सिंह ने कहा कि बच्चे अपनी प्रतिभा को लेकर पैदा होते है और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को पहचानना भी आवश्यक है। बच्चों के साथ मित्रता होनी भी जरूरी है, ताकि वह हर बातों को साझा कर सकें। डॉ. सिंह ने कहा कि बच्चों की इच्छा जानने जरूरी है, इसके बाद ही बेहतर भविष्य का निर्माण किया जाए। शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभाओं में भी कोई कमी नहीं है। शासकीय स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पैरेंट्स बच्चों को लेकर सवाल किए।

# संचालनालय से मंत्रालय तक फेडरेशन ने मशाल रैली निकालकर मंत्रालय के समक्ष किया जंगी प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने संचालनालय (इंद्रावती भवन) से मंत्रालय (महानदी भवन) तक मशाल चेतना रैली निकालकर राज्य सरकार द्वारा मोदी की गारंटी लागू करने के बजाय मौन धारण करने पर आक्रोश व्यक्त किया। रैली में प्रदेश के सभी संभाग/ जिला/ ब्लॉक के प्रभारी/ संयोजक/ पदाधिकारी/ प्रतिनिधियों ने मंत्रालय ने सामने झन कर इनकार हमर सुनव सरकार आंदोलन के प्रथम चरण में जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि फेडरेशन ने मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन नहीं होने के स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है, जिसके अंतर्गत द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त 2024 तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर 24 को जिला/ ब्लॉक/ तहसील में मशाल रैली तथा प्रदर्शन, चौथे चरण में 27 सितंबर 24 को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर कलम बन्द काम बन्द हड़ताल करेंगे। यदि सरकार ने मोदी की गारंटी पर क्रियान्वयन नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का आव्हान करेगा। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, सचिव राजेश चटर्जी, प्रवक्ता जी.आर.चंद्रा एवं चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा हुई थी। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डी.ए. दिया जायेगा, लंबित डी ए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जी.पी.एफ खाते में समायोजित किया जायेगा सहित अन्य 8 प्रतिबद्धताएं थी। लेकिन सरकार बनने के बाद इनके क्रियान्वयन पर सरकार का मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बन गया है। फेडरेशन द्वारा लंबे समय से शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान गृहभाड़ा भत्ता, अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने जैसे मुद्दों सहित शासकीय सेवक कल्याण के अनेकों मुद्दों पर राज्य सरकार को समय-समय पर ज्ञापन दिया गया है। लेकिन सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजर अंदाज कर रही है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 से मुद्रित तथा 226 कुबेर प्लाजा, सेकण्ड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 से प्रकाशित
संपादक-रविशंकर शुक्ला * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, दूरभाष नंबर 07752-400878